संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरूवार, 22 फरवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ग्रीस के प्रधानमंत्री क्यारीकोस के बीच दिल्ली में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 52 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


## बदले-बदले से दिखे राहुल गांधी: बनाई सख्त इमेज

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अपनी न्याय यात्रा में अमेठी, रायबरेली से लेकर लखनऊ तक बदले-बदले नजर आए। उनमें कहीं भी पहले जैसा जज्बात नहीं दिखा। वे न मुस्कुराए और न ही राह चलते किसी को गले लगाया, बल्कि हर कदम पर जाति और जातीय समीकरण की बात की। उनकी यात्रा रायबरेली और लखनऊ में अल्पसंख्यक बहुल इलाकों से गुजरी, लेकिन उन पर ज्यादा बोलने के बजाय पूरी तरह से पिछड़े, दलितों एवं आदिवासियों पर फोकस किया। भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने तेंदुआ गांव में सोमवार की रात विश्राम किया, उसके बाद सड़क मार्ग से वे सुल्तानपुर के लिए निकल गए। मंगलवार दोपहर वे फुरसतगंज हवाई अड्डे पर पहुंचे और दो घंटे वहीं रहे। दोपहर करीब 2.20 बजे बाहर निकले। नहर कोठी चौराहे पर पहुंचे, यहां खड़े एक बच्चे को पास बुलाकर उसे टॉफी दी और काफिला आगे बढ़ गया। फुरसतगंज बाजार, नागिन चौराहे पर खड़े लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। लेकिन हमेशा मुस्कुराते रहने वाले राहुल गांधी इस बार अति गंभीर नजर आए।

**युवाओं को समझाया जातियों का अंकगणित:** रायबरेली में अल्पसंख्यक बहुल इलाके से होते हुए राहुल ने सुपर मार्केट में सभा की। इस बीच एक युवक 69000 भर्ती से संबंधित पर्चे लिए दिखा। राहुल ने उसे बुलाया, नाम पूछा और फिर अमित मौर्य नाम का यह युवक ही उनके पूरे भाषण का केंद्र हो गया। उन्होंने उससे ओबीसी और एससी का मतलब पूछा। फिर युवाओं से मुखातिब होते हुए कहा कि मौर्य को न्याय क्यों नहीं मिल रहा है? वह सुबुकने लगा तो उसे गले लगाया और फिर कहा कि ओबीसी की आबादी 50 फीसदी से ज्यादा है। फिर भी न्याय क्यों नहीं मिल रहा है? इस पर विचार करो।

**पहली बार रायबरेली में सख्त दिखे राहुल:** सारस चौराहे पर खड़े विजय शंकर पांडेय कहते हैं कि राहुल गांधी में यह बड़ा बदलाव आया है। अभी तक वह सिर्फ विकास की बात करते थे। अपने पूर्वजों की ओर से अमेठी- रायबरेली में किए गए कार्यों को बढ़ाने की बात करते रहे हैं, लेकिन रायबरेली में पहली बार वह सख्त नजर आए हैं। अपनापन जताने के बजाय सीधे जातियों को जोड़ने का प्रयास करते नजर आए हैं।

कुछ ऐसी ही दुहाई जायस के रविंद्र भी देते हैं। रायबरेली-लखनऊ मार्ग पर कन्नावा, हरचंदपुर, बछरावां से लेकर लखनऊ में भी उन्होंने लोगों से संवाद करते वक्त उनकी जाति पूछी। पिछड़े और दलित वर्ग के युवाओं को उनकी जाति का अहसास कराते हुए पिछड़ेपन के लिए भाजपा सरकार को दोषी ठहराया और न्याय दिलाने के लिए जातीय जनगणना कराने का भरोसा दिया।

### आदर्श विचार



"शिक्षा और ज्ञान उसी को मिलता है जिसमें जिज्ञासा होती है।"
भागवद्

### मन की बात



"विश्व एक विशाल व्यायामशाला है जहाँ हम खुद को मजबूत बनाने के लिए आते हैं।"
स्वामी विवेकानंद

### तीसरी आंख




# किसानों का दिल्ली कूच दो दिन के लिए टला

### पंजाब के किसानों ने शंभू और खनौरी बॉर्डर से दिल्ली कूच करने का प्लान 2 दिन के लिए टाल दिया, किसान नेता पंधेर ने कहा कि अगले 2 दिन हम रणनीति बनाएंगे

**तनावपूर्ण**

> 8 शंभू बॉर्डर पर हाईड्रोलिक क्रेन, जेसीबी व बुलेटप्रूफ पोकलेन जैसी भारी मशीनरी लाई गई





**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**केंद्र सरकार** के प्रस्ताव को मानने से इनकार के बाद किसान दिल्ली कूच पर आमादा हैं। इसके लिए शंभू बॉर्डर पर हाईड्रोलिक क्रेन, जेसीबी व बुलेटप्रूफ पोकलेन जैसी भारी मशीनरी लाई गई है। वहीं खनौरी बॉर्डर पर गोली लगने से दो किसानों की मौत की सूचना है।

**किसान नेता बोले मौत हुई है:** किसान नेता काका सिंह कोटड़ा ने बताया कि संगरूर के खनौरी बॉर्डर पर 23 साल के शुभकरण सिंह पुत्र चरणजीत सिंह गांव वलो जिला बठिंडा की मौत हो गई है। मृतक के शव को पटियाला के राजिंदरा अस्पताल में रखा गया है। वहीं पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने भी इस बारे में ट्वीट किया है।

**किसानों की मौत से हरियाणा पुलिस का इनकार:** दाता सिंह वाला-खनौरी बॉर्डर पर दो किसानों की मौत को हरियाणा पुलिस ने अफवाह करार दिया है। पुलिस का कहना है कि दो पुलिसकर्मी और एक प्रदर्शनकारी घायल हुआ है। वहीं जींद के पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने कहा कि फिलहाल किसी किसान की मौत नहीं हुई है। एक किसान गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है। किसानों ने धान की पराली में आग लगाकर और मिर्ची डालकर पुलिस पर हमला किया है। इसके अलावा काफी किसानों ने तलवार व गंडासों से भी पुलिस पर हमला किया है। अब तक लगभग 10 पुलिस गंभीर गंभीर रूप से घायल हुए हैं। अभी तक की प्राप्त जानकारी के अनुसार आज किसानआंदोलन में किसी भी किसान की मृत्यु नहीं हुई है। यह मात्र एक अफवाह है। दाता सिंह-खनोरी बॉर्डर पर दो पुलिसकर्मियों तथा एक प्रदर्शनकारी के घायल होने की सूचना है जो उपचाराधीन है।

### शंभू बॉर्डर तक पहुंचने के लिए किसानों को मिला रेड कॉरिडोर!

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

हरियाणा-पंजाब के शंभू बॉर्डर तक पहुंचे किसानों को लेकर दो प्रदेशों की पुलिस आमने-सामने है। रिपोर्ट के मुताबिक, शंभू बॉर्डर पर एकत्रित हुए किसानों के पास ऐसे तमाम संसाधन मौजूद हैं, जिनकी मदद से पुलिस का मुकाबला किया जा सकता है। किसानों ने एकाएक ये आंदोलन शुरू नहीं किया है।

इसके लिए पहले से ही कॉल की गई थी, उसके बावजूद किसानों को शंभू बॉर्डर तक पहुंचने से क्यों नहीं रोका गया। 20 फरवरी को जेसीबी और दूसरे भारी उपकरण भी किसानों के बीच पहुंच चुके हैं।

### बीजेपी उद्यमियों की सरकार: राकेश टिकैत

**टीम एक्शन इंडिया/मेरठ**

**पंजाब** में चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन में भाकियू टिकैत गुट ट्रैक्टर मार्च निकाल रहा है। विभिन्न जिलों में अलग-अलग रास्तों से किसान ट्रैक्टरों पर सवार होकर कलक्ट्रेट तक पहुंचे। मुजफ्फरनगर में ट्रैक्टरों पर सवार होकर किसान व कार्यकर्ता कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां किसान धरने पर बैठे हैं। भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष नरेश टिकैत किसानों के बीच पहुंचे तो वहीं प्रवक्ता राकेश टिकैत ट्रैक्टर मार्च में शामिल होकर मेरठ कलक्ट्रेट पहुंचे और यहां धरने पर बैठे गए। भाकियू जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा ने बताया कि एमएसपी और किसानों की अन्य समस्याओं का समाधान करने में सरकार नाकाम रही है। भाकियू अध्यक्ष ने ट्रैक्टर मार्च के बीच बड़े किसान आंदोलन की ओर इशारा किया है।

### पूर्व एएसजी फली एस नरीमन का निधन



**टीम एक्शन इंडियानई दिल्ली**

**भारत** के पूर्व एडिशनल सॉलिसिटर जनरल फली सैम नरीमन का बुधवार (21 फरवरी) की रात करीब 1 बजे दिल्ली में उनके घर पर निधन हो गया। वे 95 साल के थे। उन्हें दिल से जुड़ी बीमारियां थीं। फली नरीमन को 1991 में पद्म भूषण और साल 2007 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। वे 1991 से 2010 तक बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भी रहे थे। फली नरीमन ने बॉम्बे हाईकोर्ट में वकील के रूप में अपनी प्रैक्टिस शुरू की और बाद में दिल्ली चले गए। 1972 में उन्हें भारत का एडिशनल सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किया गया। लेकिन 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के आपातकाल घोषित करने के फैसले के विरोध में उन्होंने इस्तीफा दे दिया था।

## यूपी: सपा-कांग्रेस में हुआ गठबंधन

### अखिलेश-प्रियंका की बातचीत के बाद टूटा गतिरोध, 17 सीटों पर लड़ेगी कांग्रेस



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**यूपी में** इंडिया गठबंधन के घटक दल सपा-कांग्रेस के बीच गठबंधन तय हो चुका है। कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। बताया जा रहा है कि गठबंधन में अहम भूमिका प्रियंका गांधी और अखिलेश यादव की रही। दोनों नेताओं के बीच फोन पर विस्तार से चर्चा हुई जिसके बाद गठबंधन को अंतिम रूप देने पर फैसला हुआ। दोनों दलों के बीच हुए निर्णय के मुताबिक, कांग्रेस 17 सीटों पर लड़ेगी। बाकी सीटों पर सपा अपने प्रत्याशी उतारेगी। हाथरस सीट से सपा और सीतापुर सीट से कांग्रेस का उम्मीदवार लड़ेगा। अमेठी ओर रायबरेली सीट पर कांग्रेस ही चुनाव लड़ेगी। दोनों दलों के बीच सीटों को लेकर बना गतिरोध कल रात तक जारी रहा जिसके कारण सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव घोषणा करने के बावजूद रायबरेली में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल नहीं हुए। न्याय यात्रा मंगलवार को अमेठी, रायबरेली से होते हुए लखनऊ आई और बुधवार सुबह उन्नाव के लिए रवाना हो गई। लखनऊ में भी राहुल की यात्रा में सपा का कोई प्रतिनिधि शामिल नहीं हुआ। इससे यह मान लिया गया था कि यूपी में भी इंडिया गठबंधन टूट गया है।

**यूपी के लड़के**

> 8 बताया जा रहा है कि गठबंधन में अहम भूमिका प्रियंका गांधी और अखिलेश यादव की रही

## 'सीट शेयरिंग पर कांग्रेस से चर्चा आखिरी चरण में'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 10 फरवरी को पंजाब और चंडीगढ़ में कांग्रेस के साथ सीट शेयरिंग से इनकार किया था। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार (21 फरवरी) को कहा कि दिल्ली में लोकसभा चुनाव सीट शेयरिंग के लिए कांग्रेस से चर्चा चल रही है। हम चर्चा के अंतिम चरण में पहुंच गए हैं। जल्दी ही सीट शेयरिंग का ऐलान किया जाएगा। पंजाब में 10 फरवरी को अरविंद केजरीवाल ने एक रैली में कहा था कि राज्य में पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी। इस पर मंगलवार को केजरीवाल बोले- इस फैसले पर हम पुनर्विचार नहीं करने वाले हैं। हमने जीतने के लिए यह फैसला किया है। इसके अलावा केजरीवाल ने कहा कि अन्य राज्यों में भी गठबंधन को लेकर कई दौर की चर्चा हो चुकी है। जल्द ही अन्य राज्यों में भी गठबंधन का ऐलान किया जाएगा।

**सीट शेयरिंग**

> 8 हम चर्चा के अंतिम चरण में पहुंच गए हैं। जल्दी ही सीट शेयरिंग का ऐलान किया जाएगा : केजरीवाल

**संदीप पाठक बोले- कांग्रेस 1 सीट से ज्यादा की हकदार नहीं:** आप के महासचिव और राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने 14 फरवरी को कहा था कि हम कांग्रेस को दिल्ली में एक ही सीट देने पर विचार कर रहे हैं। कांग्रेस एक से ज्यादा सीट की हकदार नहीं है। लेकिन अगर सूत्रों की माने तो कांग्रेस-आप सीट-बंटवारे के लिए 4:3 फॉर्मूले पर चर्चा कर रही थी।

## इसरो को मानव अंतरिक्ष मिशन में एक और कामयाबी

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**

**इंडियन** स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (इसरो) ने अपने सीई20 क्रायोजेनिक इंजन की ह्यूमन रेटिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। ये इंजन गगनयान मिशन का एक अहम कंपोनेंट है। ये इंजन गगनयान के लॉन्च व्हीकल के क्रायोजेनिक स्टेज को पावर करेगा। इसरो के एक अधिकारी के मुताबिक, ग्राउंड क्वालिफिकेशन टेस्ट का फाइनल राउंड 13 फरवरी 2024 को पूरा हो गया है।

**साधा निशाना** बकाया टैक्स से 65 करोड़ रुपए जब्त किए; पार्टी बोली- ये कार्रवाई लोकतंत्र के खिलाफ

## आईटी डिपार्टमेंट ने अकाउंट से पैसे निकाले: कांग्रेस



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस ने बुधवार** (21 फरवरी) को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट पर पार्टी के बैंक खातों से 65 करोड़ रुपए निकालने का आरोप लगाया है। पार्टी पर 115 करोड़ रुपए का टैक्स बकाया था। कांग्रेस ने कहा कि टैक्स रिटर्न का मामला इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल में लंबित है। आईटी डिपार्टमेंट ने गैर लोकतांत्रिक तरीके से मंगलवार (20 फरवरी) को पैसे निकाले हैं। कांग्रेस ने इसको लेकर आईटी अपीलेट ट्रिब्यूनल में शिकायत की है। कांग्रेस ने मामले का निपटारा होने तक मामले में कोई कार्रवाई न करने की अपील की है। पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा कि अगर जांच एजेंसियों की कार्रवाई अनियंत्रित हो गई तो लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। कांग्रेस को न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। इससे पहले 16 फरवरी को कांग्रेस ने इनकम टैक्स डिपार्टमेंट पर पार्टी के बैंक अकाउंट फ्रीज करने का आरोप लगाया था। कांग्रेस के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि इनकम टैक्स ने यूथ कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी से 210 करोड़ रुपए की रिकवरी मांगी है। इसके कुछ घंटों बाद इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल ने कांग्रेस के फ्रीज खातों पर लगी रोक हटा दी थी। कांग्रेस ने ट्रिब्यूनल में एक याचिका भी लगाई थी, जिस पर सुनवाई के लिए 21 फरवरी की तारीख तय की गई थी।

**आरोप**

> 8 आईटी डिपार्टमेंट ने गैर लोकतांत्रिक तरीके से मंगलवार (20 फरवरी) को पैसे निकाले हैं : माकन

**कांग्रेस ने कहा था- हमारे पास बिजली बिल भरने के पैसे नहीं:** अजय माकन ने 16 फरवरी को कहा था- हमें 14 फरवरी को जानकारी मिली कि बैंकों ने पार्टी के द्वारा जारी किए गए चेक रोक दिए हैं। वे हमारे चेक क्लियर नहीं कर रहे।




# अधर्म का है बोलबाला...: सीएम केजरीवाल

## महाभारत का जिक्र कर मेयर चुनाव में हुई धांधली पर बरसे केजरीवाल, 'लगता है सुप्रीम कोर्ट में मौजूद थे श्रीकृष्ण

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विधानसभा** की कार्यवाही के दौरान बुधवार को दिल्ली सरकार ने सदन में केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गीता के श्लोक का जिक्र करते हुए संबोधन शुरू किया। उन्होंने श्लोक का अर्थ बताते हुए कहा कि इसमें कहा गया है कि जब-जब धर्म को कुचला जाएगा तब-तब मानव जाति के कल्याण के लिए भगवान जन्म लेते हैं। आज अधर्म का इतना बोल बाला है कि लोगों का धर्म से विश्वास उठ गया है। लेकिन चंडीगढ़ में जो कुछ हुआ वह इशारा है कि भगवान ने अवतार ले लिया है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने आगे कहा कि आजादी के 75 साल बाद देश को अच्छी शिक्षा देने वाले मनीष सिसोदिया आज जेल में हैं और महिला पहलवानों से गलत हरकत करने वाले लोग सत्ता का सुख भोग रहे हैं। इस देश में मोहल्ला क्लीनिक खोलने और गरीबों को दवा दिलवाने वाले सत्येंद्र जैन जेल में हैं और ये अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को अपनी पार्टी में शामिल कराकर सत्ता का सुख भोग रहे हैं। आज चारो तरफ अधर्म का बोलबाला है। खुलेआम करोड़ो रुपयों के कालेधन से एमएलए खरीदे जा रहे हैं। कर्नाटक में एएलए खरीदे गए, गोवा में एमएमए खरीदे गए, महाराष्ट्र में एमएलए खरीदे गए, नॉर्थ ईस्ट में एमएमए खरीदे गए। सरकारें खुलेआम गिराई जा रही हैं। लोगों का विश्वास धर्म से खत्म हो रहा है। चंडीगढ़ में जो हुआ सबने देखा। इनके अधिकारी ने वोट के अंदर गड़बड़ी कर हराने वाले को जितवा दिया और जीतने वाले को हरवा दिया। इससे पहले आम आदमी पार्टी के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव में हुई धांधली का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आज देश के अंदर जो परिस्थिति बन रही है अगर लोग नहीं चेते तो लोकतंत्र हार जाएगा।

**चुनाव जीतने के लिए ये सब करेंगे:** चुनाव जीतने के लिए इन्हें जो मर्जी करना पड़े ये करेंगे। ईवीएम में धांधली करनी पड़े तो ये करेंगे। ईडी पीछे लगानी पड़े तो ये करेंगे। एमएलए खरीदने पड़े तो ये करेंगे। वोटिंग में धांधली करनी पड़े तो ये वो भी करेंगे। ये खुलेआम कह रहे हैं लोकसभा चुनाव में 370 सीटें लाएंगे।





### 'भगवान ने बढ़ रहे अधर्म के लिए लिया अवतार'

**पिछले** दिनों की घटनाओं पर अगर गौर करें तो भगवान ने सीधे तौर पर हस्तक्षेप करने और अवतार होने का निर्णय ले लिया है। 30 जनवरी को चंडीगढ़ में मेयर का चुनाव हुआ। वोटिंग हुई और एक आरओ था अनील मसीह। उस दिन उन्होंने तय किया आज वह जनतंत्र का चीर हरण करेंगे।

ये लोग पूरी साजिश करके आए थे। इसी के तहत उन्होंने वोटो पर निशान लगाकर उन्हें इनवैलिड कर देंगे और जीते हुए को हरा देंगे। लेकिन वहां अदृश्य शक्ति थी, तभी तो इनकी साजिश कामयाब नहीं हो सकी। इन्होंने वहां लगे कैमरे बंद करने की कोशिश की लेकिन इसमें सफल नहीं हुए। यह भगवान की ही शक्ति है और उनका ही इशारा है।

### दिल्ली की बिजली-पानी रोक दीः सीएम केजरीवाल

**हिंदूओं** में पानी पिलाने का धर्म होता है इन्होंने दिल्ली का पानी भी रोक दिया। मोहल्ला क्लीनिक की बिजली रोक दी, दवाइयां रोक दी गईं। गरीबों के टेस्ट रोक दिए गए। डॉक्टरों और पैरा मेडिकल स्टाफ की सैलरी रोक दी। विपक्ष की सरकारें काम करना चाहते हैं लेकिन ये काम करने ही नहीं देते।

**न फसलों के दाम दे रहे और न ही आंदोलन करने दे रहे:** किसान दिल्ली आना चाहते हैं। दिल्ली देश की राजधानी है हर कोई यहां आ सकता है। उनके पास न हथियार है, उन्हें आने दो दिल्ली, लेकिन ये उन्हें भी रोक रहे हैं। हमने भी रामलीला मैदान में आंदोलन किया था। वो अपनी फसलों के दाम मांग रहे हैं। उन्हें न फसलों के दाम दे रहे हैं और न ही आंदोलन करने दे रहे हैं। आज किसान, युवा और व्यापारी सब त्रस्त हैं।

# नाबालिग सहित दो शातिर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मध्य** जिले की पहाड़गंज थाना पुलिस ने एक नाबालिग सहित दो शातिर झपटमारों (स्नैचरों )को पकड़ा है। आरोपितों से चोरी/छीने गए 26 मोबाइल फोन , एक मोटरसाइकिल और वरदात के समय पहनी हुई जैकेट बदामद कर पांच मामले सुलझा लिए है।

मध्य जिले के डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि 11 फरवरी को शिकायतकर्ता ने पहाड़गंज थाने में शिकायत कर बताया था कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार के पास दो व्यक्ति से पीछे से मोटरसाइकिल की टक्कर मार मोबाइल फोन छीन फरार हो गए।

**सीसीटीवी की फुटेज से लगा सुरागः** पुलिस को जांच के दौरान घटना स्थल के सीसीटीवी की फुटेज खंगालने पर छिनैती की घटना की फुटेज में मोटरसाकिल का नंबर पता लग गया। अपराध में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल के नम्बर की जांच में यह सदर बाजार निवासी एक महिला के नाम पंजीकृत मिली। पते पर छापा मार पकड़ कर पूछताछ करने पर सामने आया कि मोटासाइकिल आरोपित नाबालिग की मां के नाम पर पंजीकृत थी। पुलिस ने आरोपित को पकड़ उसके पास से चोरी के पांच फोन बरामद किए। पूछताछ में आरोपित ने आगे बताया कि उसने अपने साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया है। उसकी निशानदेही पर सह-आरोपी मोहम्मद साहिल को सिद्धिपुरा चौक इलाके से पकड़ा गया और उसकी निशानदेही पर सुल्तान पुरी से 21 मोबाइल फोन बरामद किए गए।



**शिकंजा**

8 नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर करते थे झपटमारी; 26 मोबाइल बरामदः डीसीपी एम हर्षवर्धन

# भाजपा ने किसानों से शांतिपूर्वक समाधान की अपील की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने एक बार फिर आंदोलनकारी किसानों के साथ बातचीत का प्रस्ताव दिया है। पार्टी ने किसानों से शांतिपूर्वक तरीके से समाधान निकालने की अपील की है। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने पिछले दस सालों में किसानों के लिए बहुत काम किया है। किसानों का विकास हमारी प्राथमिकता है और हमेशा रहेगी। किसानों से बातचीत के अपील करते हुए प्रसाद ने कहा कि आज भी कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने प्रदर्शनकारी किसानों के साथ बातचीत की पेशकश की है। क्योंकि उनके मुद्दों का समाधान चर्चा और संवाद से ही निकलेगा। उन्होंने कहा कि हमारी किसानों से अपील है कि शांतिपूर्ण तरीके से ही इसका समाधान निकलना चाहिए। रविशंकर ने पश्चिम बंगाल में संदेशखाली मुद्दे पर गंभीर चिंता व्यक्त की और कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अभी भी उसका बचाव कर रही हैं। उन्होंने संदेशखाली के विषयों को बेहद गंभीर बताते हुए कहा कि कोलकाता हाई कोर्ट ने शाहजहां शेख की अब तक गिरफ्तारी नहीं होने पर चिंता जताई है। भाजपा नेता ने कहा कि बावजूद इसके मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अभी भी उसका बचाव कर रही हैं। आखिर ममता क्या छुपाना चाहती हैं और क्यों छुपाना चाहती हैं। एक महिला मुख्यमंत्री अपनी राजनीतिक साख को बचाने के लिए महिलाओं की इज्जत को दांव पर लगा रही है। प्रसाद ने कहा कि भाजपा बिखरते हुए इंडी गठबंधन के नेताओं से सवाल करना चाहती है कि आप संदेशखाली की घटना पर खामोश क्यों हैं। क्या संदेशखाली की माताओं-बहनों की इज्जत आपके लिए कोई मायने नहीं रखती। भाजपा नेता ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के हालिया बयान पर आपत्ति जताते हुए कहा कि राहुल गांधी ने कहा कि पूरे उप्र की जनता और नौजवान नशे में डूबे हुए हैं।



**प्रस्ताव**

8 केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने एक बार फिर आंदोलनकारी किसानों के साथ बातचीत का प्रस्ताव दिया

## द्वारका सेक्टर 6 के पैसिफिक अपार्टमेंट में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**द्वारका** सेक्टर-6 स्थित पैसिफिक अपार्टमेंट में छठी मंजिल पर बुधवार दोपहर अचानक आग लग गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस व दमकल विभाग की पांच गाड़ियों ने एक घंटे के भीतर आग पर काबू पाया। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। समाचार लिखे जाने तक कूलिंग का काम जारी है। पुलिस व दमकल विभाग के अनुसार बुधवार दोपहर करीब 12.22 बजे सूचना मिली कि द्वारका सेक्टर-6 स्थित पैसिफिक अपार्टमेंट में आग लग गई है। उसके बाद एक-एक कर दमकल की पांच गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

# दिल्ली में काल बनकर बरसी आग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**द्वारका** सेक्टर 10 में एक आवासीय अपार्टमेंट की एक मंजिल पर सुबह आग लग गई। घटना के दौरान आग से बचने के लिए दो महिलाएं क्रमशः चौथी और पांचवीं मंजिल से कूद गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनमें से एक को मृत घोषित कर दिया गया है।

**हफ्तेभर में 1 दर्जन से ज्यादा मौतः** दूसरी महिला का इलाज चल रहा है। बता दें कि फरवरी महीने में दिल्ली का जमकर कहर देखने को मिला। एक हफ्ते के अंदर दिल्ली में आग लगने से 13 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, कई लोग झुलस भी गए। एक दिन में सबसे ज्यादा 15 फरवरी को अलीपुर की केमिकल फैक्ट्री में लगी आग से 11 लोगों की मौत हुई थी।

**शाहदरा में बुजुर्ग की गई जानः** 16 फरवरी यानी शुक्रवार को शाहदरा इलाके के राम नगर क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई है जिससे पूरे इलाके में मातम का माहौल है। एलपीजी गैस सिलेंडर लीकेज से घर में आग लग गई। धुंए के कारण दम घुटने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। सुबह सात बजे बेटी गैस चूल्हे पर चाय बना रही थी। गैस लीकेज होने से घर में आग लग गई। बुजुर्ग को छोड़कर परिवार के बाकी सदस्य घर से बाहर आ गए। बुजुर्ग अंदर ही फंस गए।

**अलीपुर में लगी थी भीषण आगः** इससे पहले दिल्ली के अलीपुर की केमिकल फैक्ट्री में 15 फरवरी को भीषण आग लगी थी। आग इतनी भयंकर थी कि इस हादसे में 11 लोगों की जान चली गई। चार लोगों का अभी भी अस्पताल में इलाज चल रहा है। आग के बाद आसपास की आधा दर्जन इमारतों का हाल रौंगटे खड़े कर देने वाला था।



# दिल्ली वालों को डरा रहा पोस्ट वायरल कफ और स्वाइन फ्लू



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दो सप्ताह** से अधिक समय तक यदि खांसी रहे तो इसे टीबी के संदेह से देखा जाने लगता है, लेकिन इन दिनों दिल्ली में पोस्ट वायरल कफ व स्वाइन फ्लू का प्रकोप लोगों परेशान कर रहा है। इसमें वायरल बुखार ठीक होने के चार-पांच दिनों बाद लोगों में तेज खांसी व हल्का बुखार देखा जा रहा है और खांसी लंबे समय तक चल रही है। डॉक्टर बताते हैं कि कई लोगों के फेफड़े में गंभीर संक्रमण भी देखा जा रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि मौसम भी बदल रहा है। अगले करीब एक माह तक स्वाइन फ्लू का संक्रमण होने का खतरा अधिक हो सकता है। इसलिए लोगों को सतर्क रहना जरूरी है।

**एक होने पर चपेट में आ रहे परिवार के सभी सदस्यः** शालीमार बाग स्थित फोर्टिस अस्पताल के पल्मोनरी मेडिसिन के विशेषज्ञ डॉ. विकास मौर्या ने बताया कि इन दिनों बहुत लोग वायरल बुखार और खांसी से पीड़ित हो रहे हैं। जांच कराने पर बहुत लोग स्वाइन फ्लू से संक्रमित पाए जा रहे हैं। किसी एक को बुखार व खांसी होने पर परिवार परिवार के सभी सदस्य इसकी चपेट में आ रहे हैं।

**ठीक होने के चार-पांच दिनों बाद दोबारा हल्का बुखारः** यह देखा जा रहा है कि बुखार ठीक होने के चार-पांच दिनों बाद दोबारा हल्का बुखार और तेज सूखी खांसी हो रही है। इससे कई मरीज गंभीर रूप से भी बीमार हो रहे हैं। बुजुर्ग, अस्थमा, सीओपीडी (क्रोनिक आब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज) सहित विभिन्न पुराने रोगों से पीड़ित मरीजों में बीमारी अधिक गंभीर देखी जा रही है।

## सिसोदिया की नियमित जमानत याचिका पर कोर्ट में नहीं होगी सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर होने वाली नियमित सुनवाई टाल दी है। क्योंकि सिसोदिया की सिसोदिया की सुधारात्मक याचिका सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। मामले की सुनवाई 2 मार्च को होगी। 17 फरवरी को राउज एवेन्यू कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 28 फरवरी तक बढ़ा दी थी। क्या क्यूरेटिव याचिका सुप्रीम कोर्ट में लंबित रहते निचली अदालत जमानत याचिका पर सुनवाई कर सकती है।

# बेटियों को धक्का देने के बाद खुद भी चौथी मंजिल से कूदी, दो की मौत

## एक बेटी और मां की मौत हो गई। जबकि एक अन्य बेटी अभी घायल, सरिता का पति मनोज एक अस्पताल की कैंटीन में काम करता है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/नोएडा**
**सेक्टर-49** क्षेत्र स्थित गांव बरौला में एक महिला दो बेटियों को धक्का देने के बाद खुद भी चौथी मंजिल से कूद गई। एक बेटी और मां की मौत हो गई। जबकि एक अन्य बेटी अभी घायल है। 32 वर्षीय सरिता का पति मनोज एक अस्पताल की कैंटीन में काम करता है। घायल बच्ची को प्रयाग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मूलरूप से जिला हाथरस के गांव बोगा निवासी मनोज पिछले कुछ वर्षों से गांव बरौला में किराए के मकान में रहते हैं। वह प्रयाग अस्पताल की कैंटीन में काम करते हैं। परिवार में पत्नी सरिता के अलावा चार बेटी हैं। मनोज ने बताया कि वह रोजाना की तरह बुधवार सुबह 9 बजे कैंटीन पर काम करने चले गए। दोपहर में करीब एक बजे पड़ोसियों ने सूचना दी कि सरोज और उनकी दो बेटियां चौथी मंजिल से कूद गई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को नजदीक के प्रयाग अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने पांच वर्षीय बेटी कृतिका को मृत घोषित कर दिया, जबकि तीन वर्षीय दिव्या और उसकी मां सरिता की हालत गंभीर बनी हुई है।

**बेटा न होने के चलते तनाव में थी महिलाः** मनोज ने बताया कि सबसे बड़ी बेटी 7 वर्षीय स्कूल गई हुई थी, जबकि पांच माह की बेटी को सरिता ने अपनी बहन को सौंप दिया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कृतिका चौथी मंजिल से सीधे नीचे आकर गिरी और मौत हो गई। सरिता विद्युत तारों में उलझकर नीचे गिरी और दिव्या कपड़े सुखा रही एक महिला की पीठ पर आकर गिरी। दोनों का उपचार चल रहा है।

बताया जा रहा है कि सरिता चार बेटियां होने और बेटा न होने के चलते पिछले कुछ समय से तनाव में जूझ रही थी। एसीपी शैव्या गोयल का कहना है कि सबका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और घटना की जांच की जा रही है।



**खौफनाक**

8 प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कृतिका चौथी मंजिल से सीधे नीचे आकर गिरी और मौत हो गई

# फर्जी दस्तावेजों के आधार पर हांगकांग भेजने वाला गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विदेश जाने को इच्छुक बांग्लादेशी नागरिकों के लिए** फर्जी दस्तावेजों पर पासपोर्ट और वीजा दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक एजेंट को आईजीआई थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित मूल रूप से त्रिपुरा का रहने वाला है। कामकाज के लिए इसने मुंबई को अपना ठिकाना बना रखा था। आईजीआई जिला पुलिस उपायुक्त उषा रंगरानी ने बताया कि आरोपित का नाम चाइशी मोग उर्फ चीला मोग उर्फ जस्टिन जॉय है। दरअसल 11 फरवरी को आईजीआई एयरपोर्ट पर हांगकांग से डिपोर्ट किए गए एओंगचिंग मोग के यात्रा से जुड़े कागजाम पर जब इमिग्रेशन अधिकारी का ध्यान गया तो पाया कि आरोपित बांग्लादेशी नागरिक है। इसने नाम बदल लिया था। इसका असली नाम एनचिंगनु मर्मा पाया गया। पूछताछ में पता चला कि आरोपित ने भारतीय पासपोर्ट का इंतजाम फर्जी दस्तावेजों के जरिए किया था। इमिग्रेशन की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी और अन्य धाराओं में प्राथमिकी की। आईजीआई थाना प्रभारी विजेंद्र राणा के नेतृत्व में पुलिस टीम बनाई गई। आरोपित एनचिंगनु मर्मा को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो पता चला कि वर्ष 2019 में यह बांग्लादेश से त्रिपुरा में दाखिल हुआ।



**एजेंट**

8 उपायुक्त रंगरानी ने बताया कि आरोपित का नाम चाइशी मोग उर्फ चीला मोग उर्फ जस्टिन जॉय

# बंगाल में स्थिति भयावह है... राष्ट्रपति शासन लगेः वीएचपी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**तृणमुल कांग्रेस** के कार्यकर्ता शाहजहां शेख तथा उसके लोगों द्वारा संदेशखाली गांव में महिलाओं के साथ सामूहिक दुष्कर्म, शारीरिक शोषण तथा उत्पीड़न पर विहिप ने गंभीर चिंता जताई है। विहिप ने कहा कि राज्य में कानून का शासन नहीं रह गया है। संविधान के अनुसार ममता सरकार नहीं चल रही है। विहिप की ओर से आगे कहा गया कि एक महिला मुख्यमंत्री के रहते यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है। विहिप कार्याध्यक्ष ने कहा कि केंद्र बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने पर विचार करें। इसके पहले दिल्ली विहिप की महिला विंग द्वारा जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की भी योजना थी, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों के आग्रह के मद्देनजर उसे स्थगित किया गया है। विहिप के कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने जारी बयान में कहा कि संदेशखाली में जिस तरह से विपक्षी दलों के नेताओं और अधिकारियों को पीड़ित महिलाओं से मिलने के लिए रोका गया। फिर हाई कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा। वहां राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम गई, जिसको पीड़ित महिलाओं ने जो बयां किए वह सिस्टम को शर्मसार करने वाला है। इसलिए केंद्र को विचार करना चाहिए कि क्या बंगाल में वाकई में कानून का शासन है? वहां की सरकार संविधान के अनुसार चल रही है कि नहीं।

**मांग**

8 संदेशखाली गांव में महिलाओं के साथ सामूहिक दुष्कर्म, शारीरिक शोषण तथा उत्पीड़न पर विहिप ने गंभीर चिंता जताई

# लोकसभा चुनाव से पहले फेज-4 के तीन कॉरिडोर को लेकर बढ़ी हलचल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आगामी** लोकसभा चुनाव नजदीक होने से फेज चार के लंबित तीन कॉरिडोर को लेकर सत्ता के गलियारे में हलचल बढ़ती दिख रही है। चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले यदि फेज चार की लंबित परियोजनाओं को यदि सरकार की हरी झंडी मिल भी जाए तब भी इन परियोजनाओं का वर्ष 2029 से पहले काम पूरा हो पाना मुश्किल है।

**छह मेट्रो कॉरिडोर का होना है निर्माणः** ऐसे में फेज चार की मेट्रो परियोजनाएं मास्टर प्लान के निर्धारित लक्ष्य से आठ से नौ वर्ष देर हो चुकी हैं। इससे राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर वाहनों को नियंत्रित और जल्दी प्रदूषण कम करने के योजना को भी धक्का पहुंचा है। फेज चार के तहत छह मेट्रो कॉरिडोर का निर्माण होना है। मास्टर प्लान के अनुसार वर्ष 2021 तक फेज चार की योजनाएं पूरी हो जानी चाहिए थी और मेट्रो का नेटवर्क 413 किलोमीटर से अधिक हो जाना चाहिए था। मौजूदा समय में दिल्ली मेट्रो का नेटवर्क 349.88 किलोमीटर है, जिसमें एनसीआर के शहरों का हिस्सा भी शामिल है।

**हीलाहवाली की शिकार रही परियोजनाः** फेज चार की मेट्रो परियोजनाएं शुरूआती दौर से ही हीलाहवाली की शिकार रहीं। करीब दो वर्ष के विलंब से दिसंबर 2018 में फेज चार में करीब 46,000 करोड़ की लागत से छह कॉरिडोर के निर्माण की योजना को मंजूरी देकर केंद्र सरकार के पास फाइल भेजी गई थी। केंद्र सरकार ने पिछले लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने से ठीक पहले फेज चार के प्रमुखता वाले तीन कॉरिडोर स्वीकृति दी थी। इन कॉरिडोर का दिसंबर 2019 से चरणबद्ध तरीके से निर्माण शुरू हुआ, लेकिन ढाई माह बाद ही शुरू हुए कोरोना के संक्रमण और फिर पेड़ हटाने के लिए स्वीकृति मिलने में देरी तो कहीं जमीन की अड़चन से निर्माण कार्य में विलंब हुआ।

स्थिति यह है कि तीन कॉरिडोर का निर्माण कार्य शुरू हुए चार वर्ष से अधिक समय हो चुके हैं, लेकिन अभी तक 40 से 45 प्रतिशत ही काम हो पाया है।

**कब तक पूरा होगा काम?**

दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के अनुसार तीनों कॉरिडोर वर्ष 2026 तक बनकर पूरी तरह तैयार होंगे। दूसरी ओर 47.21 किलोमीटर नेटवर्क के तीन मेट्रो कॉरिडोर की योजना को अभी स्वीकृति मिलने का इंतजार है। जिसमें इंद्रलोक-इंद्रप्रस्थ, रिठाला-नरेला और लाजपत नगर-साकेत जी ब्लॉक कॉरिडोर शामिल है।

**स्वीकृति मिलने में देरी की कई चुनौतियां...:** इन तीनों कॉरिडोर को अगले कुछ दिनों में या चुनाव के बाद स्वीकृति मिल जाए तो अगले वर्ष से पहले काम शुरू नहीं हो पाएगा। क्योंकि टेंडर प्रक्रिया और कॉरिडोर के प्रस्तावित जगह पर निर्माण की तैयारी करने में भी वक्त लगता है। इसके अलावा जमीन और पेड हटाने की स्वीकृति मिलने में देरी की कई चुनौतियां भी सामने आती हैं। ऐसे में कहा जा रहा है कि वर्ष 2025 में यदि लंबित परियोजनाओं पर काम शुरू भी हो जाए तो बनने में चार-पांच वर्ष समय लगना तय है। ऐसे में फेज चार की योजना अपने निर्धारित समय से काफी देर हो चुकी हैं। मेट्रो से जुड़ी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि फेज चार के निर्माणाधीन तीन कॉरिडोर भी मास्टर प्लान में निर्धारित समय पर तैयार होते तो वर्ष 2021 तक तीनों कॉरिडोर की मेट्रो में प्रतिदिन करीब पांच लाख 22 हजार यात्री दस लाख से अधिक यात्राएं करते, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया।



# 'जनता को सेवा का लाभ पीपीपी के माध्यम से दिया जा रहा'

## पीपीपी में सूचनाओं को ठीक करने की प्रक्रिया सतत, लगातार गलतियाँ ठीक और सूचना अपडेट होने का कार्य जारी: मनोहर लाल

**अनूठी योजना**

**8 पीपीपी में विवरण को अपडेट करवाने के लिए कोई आवेदन करता है, तो 30 दिनों के भीतर उसे दुरुस्त कर दिया जाता है**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ /दीपिका शर्मा**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि राज्य सरकार की परिवार पहचान पत्र योजना एक अनूठी योजना है और आज पीपीपी के माध्यम से ही सभी सरकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ जनता को मिल रहा है। पीपीपी में दर्ज कोई विवरण को अपडेट करवाने या दुरुस्त करवाने के लिए कोई नागरिक आवेदन करता है, तो 30 दिनों के भीतर उसे दुरुस्त कर दिया जाता है। अभी तक 22 श्रेणियों के अंतर्गत 84,34,961 शिकायतें प्राप्त हुई थी, जिसमें से 80,50,611 शिकायतों का निवारण किया जा चुका है, शेष लगभग 3 लाख 86 हजार शिकायतों को भी जल्द ठीक कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन प्रश्नकाल के दौरान एक सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे। मनोहर लाल ने कहा कि परिवार पहचान पत्र में नागरिकों द्वारा स्वः घोषित डाटा दर्ज करवाया गया था, उसके बाद आवश्यकतानुसार इसमें बदलाव किया गया। करेक्शन मॉडयूल के तहत 84,34,961 शिकायतें प्राप्त हुई। यह शिकायतें एक परिवार की 2-2 या 3-3 भी हो सकती हैं। टिकटिंग मॉडयूल व सोशल मीडिया के माध्यम से भी लगभग 2,82,000 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 2,63,852 का निवारण किया जा चुका है। इसके अलावा, नागरिक द्वारा किसी सेवा का लाभ लेते समय कोई समस्या आई हो, ऐसी भी 12,05,667 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 11,40,690 को ठीक किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि लगभग 22 श्रेणियों जैसे, नाम, पता, पति या पत्नी का नाम, जन्म तिथि, बैंक खाता, व्यवसाय, आय इत्यादि में बदलाव और अपडेट के लिए नागरिकों द्वारा शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जन्म तिथि से संबंधित लगभग 5 लाख 4 हजार शिकायतों को भी ठीक किया गया है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक बदलाव आय की श्रेणी में हुआ है। आय के सत्यपान के लिए लोकल कमेटी, खण्ड स्तर पर सेक्टोरल कमेटी और जिला स्तरीय कमेटी बनाई हुई है, जिनके सत्यापन के बाद ही आय में बदलाव किया जाता है। उन्होंने बताया कि 48,851 लोग ऐसे हैं, जिनकी परिवार पहचान पत्र में आय कम दर्ज की हुई थी, लेकिन उन्होंने शिकायत देते हुए कहा कि उनकी आय अधिक हैं, उसके बाद उनकी आय में बदलाव किया गया। उन्होंने कहा कि पीपीपी की श्रेणियों में बदलाव व अपडेट करवाने की प्रक्रिया लगातार चलने वाली प्रक्रिया है और सरकार द्वारा प्रो-एक्टिव तरीके से कार्य किया जा रहा है। जन्म, मृत्यु और विवाह पंजीकरण डाटा को भी पीपीपी के साथ एकीकृत कर दिया गया है, जिससे पीपीपी में ऑटो अपडेट हो जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीपीपी की स्वीकार्यता जनता में हो गई है, आज सभी योजनाओं व सेवाओं का लाभ पीपीपी के माध्यम से ही दिया जा रहा है। पहले कुछ लोग गलत तरीके से सरकारी लाभ ले लेते थे, लेकिन हमने व्यवस्था को ठीक किया है। राशन कार्ड, पेंशन इत्यादि में व्यवस्था को ठीक किया है। अब लोगों की धारणा भी यही है कि चीजें ठीक होनी चाहिए। कोई सदस्य पीपीपी में डाटा ठीक करवाने संबंधी कोई शिकायत की जानकारी हमें देंगे तो उसे निश्चित रूप से 30 दिनों के भीतर दुरुस्त किया जाएगा।

### 'उन्नत अध्ययन संस्थान के निर्माण के लिए 15 करोड़ की राशि की जारी'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि झज्जर में राज्य शिक्षक शिक्षा उन्नत अध्ययन संस्थान के नये भवन के लिए जमीन ली जा चुकी है और भवन का डिजाइन अगस्त, 2023 में अप्रूवड किया जा चुका है। इसका निर्माण लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) विभाग द्वारा किया जाएगा। इसके लिए सरकार की ओर से 15 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है। मुख्यमंत्री आज यहां हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन प्रश्नकाल के दौरान एक सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे। मनोहर लाल ने सदन को जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शिक्षक शिक्षा उन्नत अध्ययन संस्थान पहले स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत था, फिर इस संस्थान को उच्चतर शिक्षा विभाग के अधीन ले लिया गया। उन्होंने कहा कि पहले इस संस्थान को गुरुग्राम में शिफ्ट करने की भी मांग आई थी, लेकिन हमने निर्णय लिया कि झज्जर के संस्थान को शिफ्ट नहीं किया जाएगा, बल्कि गुरुग्राम में अलग से संस्थान स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा, सरकार द्वारा कुरुक्षेत्र में भी राज्य शिक्षक शिक्षा उन्नत अध्ययन संस्थान बनाया गया है। जहां तक राज्य शिक्षक शिक्षा उन्नत अध्ययन संस्थान, झज्जर की मान्यता का विषय है, तो संस्थान की मान्यता पुनः प्राप्त कर ली जाएगी।

# सिलाना गांव में बनने वाले खेल स्टेडियम भवन का निर्माण कार्य हुआ पूरा: संदीप

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/अंकुश जैन**

हरियाणा के मुद्रण एवं लेखन सामग्री मंत्री सरदार संदीप सिंह ने कहा कि झज्जर जिला के सिलाना गांव में बनने वाले खेल स्टेडियम भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा विभिन्न मैदानों का कार्य 30 प्रतिशत पूरा हो चुका है। मुद्रण एवं लेखन सामग्री मंत्री सरदार संदीप सिंह आज विधानसभा बजट सत्र के दौरान दूसरे दिन पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इस खेल स्टेडियम में एथलेटिक क्ले ट्रैक, फुटबॉल मैदान, बास्केट बॉल, वालीबाल, हैंडबॉल, लॉन टेनिस कोर्ट, कबड्डी, हॉकी मैदान आदि के कार्य किए जा रहे हैं। चार दिवारी और वायर बिछाने आदि का प्रावधान करके आगामी इस कार्य को दो माह में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सिलाना के खेल स्टेडियम का निर्माण कार्य जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि झज्जर में 1 जिला स्तरीय खेल स्टेडियम, 3 उप मंडल स्तरीय खेल स्टेडियम, 17 गांव में राजीव गांधी ग्रामीण खेल स्टेडियम तथा 31 गांव में मिनी/ ग्रामीण खेल स्टेडियम बनाए गए हैं। इसके अलावा युवाओं के लिए झज्जर में 72 खेल नर्सरी चलाई जा रही हैं। सरदार संदीप सिंह ने कहा कि वर्तमान में राज्य में 3 राज्य स्तरीय खेल परिसर, 21 जिला स्तरीय खेल स्टेडियम, 25 उपमंडल स्तर के खेल स्टेडियम तथा 163 राजीव गांधी ग्रामीण खेल परिसर और 245 मिनी ग्रामीण खेल स्टेडियम, 9 तैराकी तालाब, 09 बहुउद्देशीय हॉल, 11 सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक, 14 हॉकी एस्ट्रोट्रैफ तथा 2 फुटबॉल सिंथेटिक सरफेस खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध हैं।

## न्यूज फ्लैश

### 'सर्वोच्च न्यायालय ने 445 एकड़ भूमि के लिए वर्ष 2022 के लिए अवार्ड घोषित किए'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पंचगांव मानेसर, गुरुग्राम में वर्ष 2011 में 1128 एकड़ भूमि अधिग्रहित की गई थी। सर्वोच्च न्यायालय ने 445 एकड़ भूमि के लिए वर्ष 2022 के लिए अवार्ड घोषित किए हैं। आर.एंड.आर. पॉलिसी के तहत इस पर निर्णय लिया जाएगा। यह भूमि कुण्डली-मानेसर पलवल एक्सप्रेस-वे के साथ लगती है और आने वाले समय में यह क्षेत्र के औद्योगिक रूप से और अधिक विकसित होने की सम्भावना है। उप-मुख्यमंत्री हरियाणा विधान सभा में चल रहे बजट सत्र के दूसरे दिन विधायक सत्यप्रकाश जरावता द्वारा प्रश्न काल के समय पूछे गए प्रश्न के उत्तर में बोल रहे थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिग्रहित की गई भूमि 27 एकड़ भूमि स्ट्रक्चर के लिए थी जो एनजीओ छोडकर गया है उसमें 116 स्ट्रक्चर ही थे। मुआवजा राशि पर ब्याज नहीं दिया जाएगा।

### नए पुलिस थाना भवन के निर्माण के लिए वैकल्पिक भूमि की तलाश जारी: विज

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने बताया कि वर्ष 2011 में ग्राम पंचायत सीवन की 19 कनाल भूमि पुलिस विभाग को हस्तांतरित की गई थी। पुलिस विभाग द्वारा ग्राम पंचायत को 71,25,000 रुपये का भुगतान किया गया था और रजिस्ट्री भी करा दी गई व पुलिस विभाग के पक्ष में इंतकाल भी दर्ज करा दिया गया। विज ने यह बात हरियाणा विधानसभा में बजट सत्र 2024 के दौरान एक प्रश्न के उतर में दी। उन्होंने बताया कि उक्त भूमि पर पुलिस थाना, सीवन के लिए नए भवन का निर्माण इस भूमि के एक हिस्से पर चल रहे मुकदमें व अवैध कब्जे के कारण नहीं किया गया है। भूमि का शेष अविवादित भाग निर्माण हेतु अनुपयुक्त है। नए पुलिस थाना भवन के निर्माण के लिए वैकल्पिक भूमि की तलाश जारी है। जिस भूमि पर वर्तमान भवन स्थित है, उसे निर्माण के बाद खाली कर दिया जाएगा।

### विधायकों को साथ लेकर राम लला के दर्शन करने के लिए जाएं सीएम: विज

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने आज मुख्यमंत्री से अनुरोध करते हुए कहा कि वे चाहते हैं कि मुख्यमंत्री जी सारे विधायकों को साथ लेकर राम लला जी के दर्शन करने के लिए जाएं ताकि सभी विधायक भी राम लला जी के दर्शन कर सकें। इसके अलावा, विज ने कहा कि हम भाग्यशाली है कि हमारे जीवन काल में यह राम मंदिर बना है और हमने उसको देखा है। इसका श्रेय भी हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जाता है जिनके कुशल नेतृत्व के कारण कोई अड़चन नहीं आई और माननीय न्यायालय का फैसला आने के बाद अयोध्या में एक विशाल भव्य मंदिर बनाया गया है। विज आज यहां हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान राम मंदिर निर्माण को लेकर रखे गए प्रस्ताव के संबंध में अपनी बात कह रहे थे। उन्होंने कहा कि राम मंदिर को स्थापित करने के लिए अनेकों लड़ाइयां लड़ी गई और 76 युद्ध लड़े गए। उन्होंने कहा कि राम मंदिर को स्थापित करने के लिए कई आंदोलन भी हुए और वह खुद इन आंदोलनों के दो बार हिस्सा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब वे पहली बार गए तो वह गिरफ्तार हो गए थे और उन्हें 15 से 16 दिन उन्नाव जेल में रखा गया था। उन्होंने कहा कि "जब मैं दूसरी बार गया तो मैं वहां मौजूद था, जब 6 दिसंबर को वह घटना हुई तो उस घटना का मैं साक्षी हूं और उस इतिहास का मैं हिस्सा हूं, वहां सब कुछ घटते हुए देखा है"। उन्होंने राम लला की मूर्ति के मूर्तिकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि "मैं मूर्तिकार का भी आभार प्रकट करता हूं जिसने इतनी सुंदर राम लला जी की मूर्ति बनाई है"। इसी प्रकार, उन्होंने भव्य राम मंदिर के वास्तुकार का भी आभार प्रकट करते हुए कहा कि "मैं वास्तुकार का भी आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने इतना सुंदर वास्तु कला का भव्य मंदिर बनाने में अपनी भूमिका अदा की जिसके लिए वे वास्तुकार का धन्यवाद करते हैं"।

# स्वास्थ्य सुविधाओं से संबंधित मैपिंग करवाएंगे: विज

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा के** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनिल विज ने कहा कि "मैंने पिछले सत्र में कहा था कि हम स्वास्थ्य सुविधाओं से संबंधित मैपिंग करवाएंगे और हमने मैपिंग करवा ली है और हरियाणा देश का पहला राज्य है जिसने स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर मैपिंग करवाई है। इस मैपिंग में हमारे कितने गैप्स हैं, कितना स्टाफ होना चाहिए, कितने उपकरण होने चाहिए, हर चीज की जानकारी उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने कहा कि इस मैपिंग में दर्शाए गए गैप्स को 3 साल में पूरा करने का निर्णय लिया गया है"।

विज आज यहां हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र 2024 में पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि करवाई गई स्वास्थ्य सुविधाओं की मैपिंग के अनुसार 164 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 671 प्राइमरी स्वास्थ्य केंद्र, 186 यूपीएचसी तथा 4024 एसएचसी की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमने 500 करोड़ रुपए का बजट इस सत्र में इसके लिए मांगा है और उम्मीद है कि इसे पारित कर दिया जाएगा।

# 'सरकार प्रॉपर्टी आईडी के आधार पर रजिस्ट्रियां करने की दिशा में कर रही'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ काजल रानी**



**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में केवल प्रॉपर्टी आईडी के आधार पर रजिस्ट्रियां हों, इस दिशा में सरकार प्रयास कर रही है। पहले चरण में सोनीपत और करनाल जिला को लिया गया है। इस व्यवस्था के लागू होने से इंतकाल की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, केवल प्रॉपर्टी आइडी के आधार पर ही रजिस्ट्रियां हो जाया करेंगी। मुख्यमंत्री हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन प्रश्नकाल के दौरान एक सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे। मनोहर लाल ने कहा कि रेवेन्यू रिकॉर्ड में पहले शहरी क्षेत्र (अर्बन एरिया), ग्रामीण क्षेत्र (रूरल एरिया) के साथ एक और श्रेणी अन्य क्षेत्र (अदर एरिया) का भी प्रावधान था। शहरी क्षेत्र में संपत्ति का रिकॉर्ड स्थानीय निकाय और ग्रामीण क्षेत्र में संबंधित विभाग द्वारा करवाया जाता था। लेकिन अन्य क्षेत्र का प्रावधान होने से एक लूप-हॉल दे दिया गया था। इस अन्य क्षेत्र के प्रावधान के कारण पहले कुछ लोग किसी न किसी तरीके से रजिस्ट्रियां करवा लिया करते थे। लेकिन वर्तमान राज्य सरकार ने अब इस अन्य क्षेत्र (अदर एरिया) के प्रावधान को खत्म कर दिया, इसलिए कुछ लोगों को तकलीफ होने लगी है। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी आईडी केवल संपत्ति की पहचान है, लेकिन मलकीयत का सबूत नहीं है। प्रदेश में चल रही लार्ज स्केल मैपिंग परियोजना के तहत शहरी क्षेत्रों में मैपिंग करवाई जा रही है और रेवेन्यू रिकॉर्ड के साथ सत्यापन होने के बाद यह डाटा प्रमाणिक हो जाएगा। उसके बाद इंतकाल की आवश्यकता नहीं पड़ेगी बल्कि प्रॉपर्टी आईडी के आधार पर ही रजिस्ट्रियां हो जाया करेंगी।

# ईवीएम को लेकर फेक न्यूज अपलोड करने वाले व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश

**सख्ती**

**8 ईवीएम को लेकर फेक वीडियो अपलोड करने के मामले का चुनाव आयोग ने लिया कड़ा संज्ञान**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**आगामी** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म की कड़ी निगरानी की जा रही है और चुनाव प्रक्रिया, आदर्श आचार संहिता व ईवीएम से संबंधित गलत जानकारी साझा करने पर तुरंत संज्ञान लिया जा रहा है। इसी तरह की एक वीडियो पर चुनाव आयोग ने तुरंत एक्शन लिया है, जिसमें दावा किया जा रहा था कि हरियाणा के पानीपत में नकली ईवीएम पकड़े गए हैं। मामला संज्ञान में आते ही हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने इस पर कार्रवाई के लिए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, पानीपत को निर्देश दिए। जिसके बाद उपायुक्त ने मामले की तफ्तीश की और पाया कि यह वीडियो फेक है और वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव के समय भी यह वीडियो शरारती तत्वों द्वारा वायरल किया गया था। उन्होंने बताया कि 24-पानीपत ग्रामीण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में नियुक्त सेक्टर ऑफिसर 21 अक्टूबर, 2019 को एसडी कॉलेज पानीपत (जहां मतदान केंद्र बनाया गया था) से ईवीएम अपनी गाड़ी में रखकर मतदान स्थल पर जाने वाले थे उस समय किसी शरारती तत्व द्वारा गाड़ी की फोटो-वीडियो बनाकर जानबूझकर मिक्सिंग करके वीडियो को वायरल करने की कोशिश की गई थी। संबंधित रिटर्निंग अधिकारी द्वारा उक्त फेक वीडियो की जांच करके मामले का मौके पर निपटान कर दिया गया था।

### मनोहर लाल ने दिया धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब

**चंडीगढ़:** हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा के जवाब ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विपक्षी कांग्रेस सदस्यों के उठाए सवालों के जवाब दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली उत्पादन के लिए अपने प्लाट न लगाकर बाजार से सस्ती बिजली खरीदी जा रही है। बिजली सस्ती होने से ही बिजली दरें नही बढ़ाई गई।बिजली अधिशेष भी है।मुख्यमंत्री ने कहा कि 29हजार भर्ती का परिणाम अगले दस दिन में आने वाला है।उनकी सरकार ने तीस लाख से अधिक युवक निजी क्षेत्र में नियुक्त किए है। जीएसटी संग्रह 35,हजार रुपए होने का मतलब है कि रोजगार के अवसर बढ़े है।

# रजिस्ट्रियों में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं: दुष्यंत चौटाला



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने रजिस्ट्रियों के मुद्दे को अहम बताते हुए कहा कि अगर कहीं भी रजिस्ट्रियों के करने में गड़बड़ी हुई है या फिर किसी प्रॉपर्टी की अवैध ट्रांजेक्शन हुई है, तो उसकी जानकारी तुरंत सरकार को दें। उन्होंने कहा कि सरकार गड़बड़ी की जांच कराएगी और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। उपमुख्यमंत्री ने ये बात बुधवार को हरियाणा विधानसभा में बजट सत्र के दौरान एक सदस्य के प्रश्न के उत्तर में दी। उन्होंने सदस्य से यह भी कहा कि वे जिस भी एजेंसी से जांच की मांग करेंगे, सरकार उससे जांच करवाने को तैयार हैं। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने आगे बताया कि प्रदेश में हजारों कॉलोनियों को वैध किया गया है और इनकी प्रॉपर्टी आईडी भी बनाई गई हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि नो ड्यूज मिलने पर रजिस्ट्री की जाती है। उन्होंने कहा कि सरकार राजस्व विभाग के रिकॉर्ड को दुरुस्त कर रही है ताकि रजिस्ट्री प्रक्रिया में कोई दिक्कत न आए। एक अन्य सदस्य के सवाल के जवाब में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पंचगांव मानेसर, गुरुग्राम में वर्ष 2011 में 1128 एकड़ भूमि अधिग्रहित की गई थी। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने 445 एकड़ भूमि के लिए वर्ष 2022 के लिए अवार्ड घोषित किए हैं और आरएंडआर पॉलिसी के तहत इस पर निर्णय लिया जाएगा। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि यह भूमि कुण्डली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे के साथ लगती है और आने वाले समय में यह क्षेत्र औद्योगिक विकास के लिए काफी महत्वपूर्ण है। डिप्टी सीएम ने यह भी स्पष्ट किया कि अधिगृहित की गई भूमि 27 एकड़ भूमि स्ट्रक्चर के लिए थी जो एनजीओ छोडकर गया है उसमें 116 स्ट्रक्चर ही थे इसलिए मुआवजा राशि पर ब्याज नहीं दिया जाएगा।

# सोशल इकनोमिक सर्वे के मामले को किरण ने विधानसभा में उठाया

## एमएसपी पर प्रस्ताव लाई कांग्रेसी विधायक प्रस्ताव सरकार ने किया खारिज

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**



**हरियाणा** सरकार की पूर्व मंत्री तथा कांग्रेस की विधायक किरण चौधरी ने प्रदेश में सोशल इकनोमिक सर्वे करने का मामला उठाया। लेकिन सरकार ने इसका कोई जबाब नहीं दिया। किसानों को एमएसपी देने का प्रस्ताव उन्होंने विधानसभा में रखने के लिए स्पीकर को दिया। लेकिन सरकार ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया। विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेस की विधायक किरण चौधरी ने कई महत्वपूर्ण मामले उठाए। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि उन्होंने हरियाणा में इकनोमिक सर्वे करवाने का मामला उठाया। लेकिन सरकार के पास कोई जबाब नहीं था। उन्होंने कहा कि जब सुप्रीम कोर्ट ने इकनोमिक सर्वे करवाने के लिए सरकारों को आदेश दिया। लेकिन सरकार इसे करना नहीं चाहती हैं। सरकार की नीयत साफ नहीं है। उन्होंने कहा कि वह विधानसभा में किसानों को एमएसपी देने के लिए प्रस्ताव लाना चाहती थी। इस प्रस्ताव को स्पीकर को दिया। लेकिन विधानसभा के स्पीकर ने यह कह कर खारिज कर दिया कि ऐसा हो नहीं सकता हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में विधानसभा को केवल यही प्रस्ताव देना था कि हरियाण के विधायक किसानों के हितेषी हैं। वह एमएसपी के पक्ष में हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस मामले में सक्षम नहीं हैं। उन्होंनें कहा कि हरियाणा सरकार किसानों के साथ देश के दुश्मनों की तीरह व्यवहार कर रही हैं। उन पर ड्रोन से आंसू गैस के गोले और छर्रें बरसाए जा रहे हैं।

# आप ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव जीतने पर हर जिले में मनाया जश्न

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**आम** आदमी पार्टी के चंडीगढ़ मेयर चुनाव में जीत की खुशी पर पूरे प्रदेश में जिलास्तर पर जश्न मनाया और कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों बजाकर लड्डू बांटे और खुशी मनाई। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता फरीदाबाद में रहे और वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा रोहतक में पदाधिकारियों और कार्यकताओं के बीच मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा की आज पूरे प्रदेश के आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। हर जिले में आम आदमी पार्टी की जीत का जश्न मनाया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने बीजेपी के मुंह पर करारा तमाचा मारा है। भारतीय जनता पार्टी की वोटों की चोरी पकड़ी गई है। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के संयुक्त उम्मीदवार कुलदीप कुमार की जीत निश्चित थी, लेकिन बीजेपी के पीठासीन अधिकारी ने 8 वोटों को खुद ही निशान लगाकर अवैध कर दिया और बीजेपी के उम्मीदवार को जीता दिया। सुप्रीम कोर्ट ने बीजेपी की चोरी पर मोहर लगा दी। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से देश में लोकतंत्र और सच्चाई की जीत हुई। बीजेपी जब चंडीगढ़ जैसे छोटे से शहर के मेयर के चुनाव में धांधली कर सकती है तो लोकसभा चुनाव में किस स्तर पर हेराफेरी होगी, ये सोचने की बात है।आम आदमी पार्टी ने हार नहीं मानी और बीजेपी के मुंह से जीत को खींचकर ले आए। सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले से देश में लोकतंत्र को मजबूती देने का काम किया है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने कहा की जब भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला आम आदमी पार्टी से होगा, बीजेपी रणनीतिक तौर पर भी हारेगी। नैतिक तौर पर भी हारेगी और लोकतांत्रिक तौर पर भी हारेगी। चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी का मेयर बनने से ये साफ हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी को सिर्फ आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल ही हरा सकते हैं।

# विधानसभा ने सर्वसम्मति से रामलला की प्रा[illegible]प्रतिष्ठा के संबंध में प्रस्ताव किया पारित

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस संबंध में सदन में पेश किया था सरकारी प्रस्ताव, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विशेष रूप से आभार

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** विधानसभा द्वारा आज गत 22 जनवरी, 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के संबंध में धन्यवाद व बधाई प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। सदन के नेता और मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सदन में इस संबंध में सरकारी प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

मनोहर लाल ने प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए कहा कि अयोध्या में गत 22 जनवरी, 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बारे में आज इस गरिमामय सदन में धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत करना मेरे लिए परम सौभाग्य का विषय है। राम मंदिर की पुनः स्थापना से आज हर भारतवासी प्रफुल्लित और गौरवांवित महसूस कर रहा है। हरियाणा के लोगों के साथ-साथ यह सदन उन सब महानुभावों के प्रति आभार व्यक्त करता है जिन्होंने मनसा-वाचा-कर्मणा इस अद्भुत उपलब्धि में योगदान दिया है।उन्होंने कहा कि भगवान राम हमारे आराध्य हैं और इस विशाल राष्ट्र की ऊर्जा के स्रोत हैं। वे हमारे लिए प्रेरणा भी हैं और मार्गदर्शक भी। यह सदन महसूस करता है कि उनकी चर्चा करने भर से हमें श्रीराम द्वारा स्थापित जनसेवा के उन उच्च्च आदर्शों का स्मरण हो जाता है जो आज हमारे लोकतंत्र को महान शक्ति प्रदान करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'राम राज्य' भारतीय सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चिंतन की एक महत्वपूर्ण अवधारणा है, जो आदर्श शासन की कल्पना करती है। 'राम राज्य' का आदर्श एक ऐसे समाज की कल्पना करता है जहाँ न्याय, समानता, भाईचारा और खुशहाली है। भारतीय संस्कृति में 'राम राज्य' की अवधारणा न केवल एक राजनीतिक या सामाजिक आदर्श के रूप में मानी जाती है, बल्कि यह आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों की भी प्रतिष्ठा करती है। उन्होंने कहा कि श्रीरामचरितमानस में कहा गया है- दैहिक दैविक भौतिक तापा। राम राज नहिं काहुहि ब्यापा, सब नर करहिं परस्पर प्रीती। चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती अर्थात रामराज्य में किसी को दैहिक, दैविक और भौतिक तकलीफ नहीं थी। सब मनुष्य परस्पर प्रेम करते थे और वेदों में बताई हुई नीति (मयार्दा) में तत्पर रहकर अपने-अपने धर्म का पालन करते थे। रामराज्य की ये विशेषताएं हमें आज भी वैसा ही भारत बनाने की प्रेरणा देती हैं। यह सदन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विशेष रूप से आभार व्यक्त करता है जिन्होंने ऐसा ही भारत बनाने का संकल्प लिया है।



**सौभाग्य**

**8 आज इस गरिमामय सदन में धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत करना मेरे लिए परम सौभाग्य का विषय: सीएम**

## संपादकीय

# प्रभावी पहल का इंतजार

**बीते** कुछ वर्षों में देश की सामरिक और विदेश नीति में आमूलचूल परिवर्तन हुए हैं। पड़ोसी देशों के दुस्साहस का सीमा पर हमारी सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है तो दूसरी ओर अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अन्तरराष्ट्रीय मंचों पर सार्थक कूटनीतिक प्रयास किए जा रहे हैं। दुनियाभर में भारत की साख और प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। इसके बावजूद हमारे देश का बड़ा भू-भाग और उसमें रह रहे नागरिक पाकिस्तान और चीन के कब्जे में हैं। इन क्षेत्रों में रह रहे हमारे नागरिक नारकीय जीवन जीने को विवश हैं। पाकिस्तान की सेना यहां के बाशिंदों के मानवाधिकारों को आए दिन रौंदती रहती है। हालांकि तीन दशक पहले देश की संसद ने इन क्षेत्रों को दोबारा हासिल करने का संकल्प पारित किया था। लेकिन संसद द्वारा पारित इस संकल्प की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाने का लोगों को बेसब्री से इंतजार है। देश के इतिहास में 22 फरवरी, 1994 का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दिन हमारी संसद ने ध्वनिमत से एक प्रस्ताव पारित करके संकल्प व्यक्त किया था कि पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू और कश्मीर भारत का अटूट अंग है। पाकिस्तान को वह हिस्सा छोड़ना होगा जिस पर उसने कब्जा जमा रखा है। संसद में पारित इस संकल्प में पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में चल रहे आतंकी शिविरों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। और कहा गया कि भारत में अशांति, वैमनस्य और विध्वंस पैदा करने के स्पष्ट उद्देश्य से पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकियों को प्रशिक्षण देने के साथ उन्हें हथियार और धन मुहैया कराया जा रहा है। इसके अलावा भारत में घुसपैठ करने के लिए भी आतंकियों की मदद की जा रही है। प्रस्ताव में चार बिंदुओं में संकल्प व्यक्त करते हुए कहा गया कि यह सदन भारत की जनता की ओर से घोषणा करता है कि पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। भारत अपने इस भाग के विलय का हरसंभव प्रयास करेगा। दूसरे बिंदु में कहा गया है कि भारत में इस बात की पर्याप्त क्षमता है कि वह उन अलगाववादी और आतंकवादी शक्तियों का मुंहतोड़ जवाब दें, जो देश की एकता, प्रभुसत्ता और क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ हों। तीसरे बिंदु में मांग की गई है कि पाकिस्तान जम्मू कश्मीर के उन क्षेत्रों को खाली करे, जिन्हें उसने कब्जाया और अतिक्रमण किया हुआ है। चौथे बिन्दु में स्पष्ट तौर पर चेतावनी दी गई भारत के आंतरिक मामलों में किसी भी तरह के हस्तक्षेप का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। कुछ लोगों का कहना है कि शिमला समझौते के चलते भारतीय संसद द्वारा पारित इस संकल्प के कोई मायने नहीं हैं। दरअसल 1972 में भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो के बीच एक समझौता हुआ था। इस समझौते में नियंत्रण रेखा (एलओसी) को दोनों देशों के बीच सीमा के रूप स्वीकार करने की ऐतिहासिक भूल हुई थी। लेकिन जानकारों का मानना है कि शिमला समझौते का कूटनीतिक समझदारी से प्रयोग करके पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर को दोबारा भारत में शामिल किया जा सकता है। शिमला समझौते में दोनों देशों ने तय किया था कि वे इन विवादों को आपसी बातचीत से हल करेंगे। इन्हें अन्तरराष्ट्रीय मंचों पर नहीं उठाया जाएगा। लेकिन पाकिस्तान लगातार इस शर्त का उल्लंघन करता रहता है यानी उसने खुद शिमला समझौता तोड़ दिया है।

# संदेशखाली पर प्रियंका गांधी को गुस्सा क्यों नहीं आया !

**आशीष वशिष्ठ**

> महिला सुरक्षा में नाकाम गहलोत सरकार के कारण राजस्थान में महिलाओं के साथ हुए अत्याचार, दुराचार और बलात्कार जैसी जघन्य घटनाओं को राजस्थान कभी भूलेगा नहीं। लेकिन मजाल है कि प्रियंका के मुंह से निंदा के दो शब्द भी निकले हों। पिछले साल राजस्थान विधानसभा चुनाव में महिला सुरक्षा प्रमुख मुद्दा बनकर उभरा था। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ हुए अत्याचार की जो खबरें सामने आ रही हैं, उन्हें पढक?, सुनकर और देखकर आत्मा सिहर उठती है। संदेशखाली की कई हिंदू महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता शाहजहां शेख और उनके समर्थकों पर पिछले कुछ वर्षों में रात-रात भर यौन उत्पीड़न और बलात्कार करने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया पर वायरल विभिन्न समाचार चैनलों को दिए गए साक्षात्कारों के आधार पर महिलाओं की गवाही के अनुसार, महिलाओं को अक्सर और लापरवाही से रात में उनके घरों से उठाया जाता है

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भाजपाशासित राज्यों में महिला उत्पीड़न के मामलों को जोर शोर से उठाती हैं। प्रियंका ने यूपी के हाथरस मामले को जोर-शोर से उठाया था। 1 अक्टूबर 2020 को जब प्रियंका गांधी दिल्ली से हाथरस पीड़िता के परिवार से मिलने जा रही थी तो पुलिस ने ग्रेटर नोएडा के पास उनका काफिला रोक दिया था। तब उन्होंने मीडिया से कहा कि उनकी भी बेटी है, इसलिए एक मां के नाते उन्हें ऐसी घटनाओं से बहुत गुस्सा आता है। प्रियंका ने उन्नाव दुष्कर्म कांड को लेकर योगी सरकार पर जमकर सवाल उठाए थे। इस मामले में उनकी सक्रियता देखते ही बनती थी। एक तो मामला भाजपाशासित राज्य का था, दूसरा आरोपों के घेरे में बीजेपी विधायक था। प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को घेरते हुए पूछा था कि, सरकार को बताना चाहिए कि वो महिलाओं के साथ है या अपराधियों के? 21 जनवरी 2022 को यूपी के बुलंदशहर जिले में एक किशोरी की हत्या का मामला सामने आया था। परिजनों का आरोप था कि किशोरी की गैंगरेप के बाद हत्या की गई। प्रियंका गांधी 3 फरवरी 2022 को यूपी के बुलंदशहर पहुंचीं, जहां उन्होंने पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर पुलिस और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। 4 फरवरी, 2024 को सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर प्रियंका गांधी ने उप्र के बांदा में एक जज की मौत के मामले को उठाने में देरी नहीं की, और प्रदेश सरकार पर जमकर अपनी भड़ास भी निकाली। एक जिम्मेदार नेता और नागरिक के नाते प्रियंका का महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराधों और अत्याचार पर मुखरता काबिले तारीफ है। लेकिन तस्वीर का दूसरा पक्ष यह है कि प्रियंका गांधी की सारी सक्रियता भाजपा या एनडीए शासित राज्यों में ही क्यों दिखाई देती है। उन्हें क्यों भाजपाशासित राज्यों में महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों पर ही गुस्सा आता है? उन्हें कांग्रेसशासित और गैर भाजपाशासित राज्यों में महिलाओं पर होने वाले अत्याचार उन्हें उद्वेलित और क्रोधित नहीं करते? उन्हें वहां की महिलाओं का दुख महसूस क्यों नहीं होता? गैर भाजपाशासित राज्यों में हो रहे महिला अपराधों पर वो मौन क्यों धारण कर लेती हैं? मणिपुर हिंसा पर कांग्रेस के हर छोटे बड़े नेता ने प्रदेश और केंद्र की सरकार पर तीखी बयानबाजी की। सरकार को आरोपों के कटघरे में खड़ा किया। लेकिन ताज्जुब इस बात का है कि लगभग इसी समय कांग्रेस शासित राज्यों राजस्थान, छत्तीसगढ़ और गैर भाजपाशातस राज्यों बिहार, तेंलगाना,



पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल आदि में महिला उत्पीड़न के मामलों में प्रियंका गांधी ने मौन धारण करके रखा। राजस्थान में गहलोत सरकार के पांच साल के शासन में बलात्कार और महिला उत्पीड़न की घटनाओं की बाढ़ सी आ गई थी। महिला सुरक्षा में नाकाम गहलोत सरकार के कारण राजस्थान में महिलाओं के साथ हुए अत्याचार, दुराचार और बलात्कार जैसी जघन्य घटनाओं को राजस्थान कभी भूलेगा नहीं। लेकिन मजाल है कि प्रियंका के मुंह से निंदा के दो शब्द भी निकले हों। पिछले साल राजस्थान विधानसभा चुनाव में महिला सुरक्षा प्रमुख मुद्दा बनकर उभरा था। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ हुए अत्याचार की जो खबरें सामने आ रही हैं, उन्हें पढक?, सुनकर और देखकर आत्मा सिहर उठती है। संदेशखाली की कई हिंदू महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता शाहजहां शेख और उनके समर्थकों पर पिछले कुछ वर्षों में रात-रात भर यौन उत्पीड़न और बलात्कार करने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया पर वायरल विभिन्न समाचार चैनलों को दिए गए साक्षात्कारों के आधार पर महिलाओं की गवाही के अनुसार, महिलाओं को अक्सर और लापरवाही से रात में उनके घरों से उठाया जाता है और टीएमसी कार्यालय ले जाया जाता है जहां गुंडों द्वारा उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। उन्हें धमकी दी जाती है कि अगर उन्होंने बात नहीं मानी तो उनके पतियों को मार दिया जाएगा। जैसा कि महिलाओं ने बताया है, यह यौन उत्पीड़न की कोई आकस्मिक या भयावह घटना नहीं है, बल्कि इन महिलाओं के साथ ये अत्याचार और शोषण वर्षों से जारी था। महिलाओं का आरोप है कि स्थानीय पुलिस, प्रशासन भी उनकी बात नहीं सुनता था। मुख्यधारा की मीडिया ने भी संदेशखाली पर व्यापक रूप से रिपोर्ट करना शुरू कर दिया है। फिर भी, किसी भी जागरूक बुद्धिजीवी और सेलिब्रिटी ब्रिगेड ने निंदा का एक शब्द प्रदेश सरकार के खिलाफ नहीं बोला है। इस अति संवेदनशील और गंभीर मुद्दे पर देश की सबसे पुरानी पार्टी के कर्णधारों प्रियंका गांधी वाड्रा और उनके भाई राहुल गांधी की चुप्पी भी उन्हें सवालों के घेरे में खड़ा करती है। राहुल गांधी तो इस वक्त भारत जोड़ों न्याय यात्रा पर हैं। वो हर छोटे-बड़े मुद्दे पर केंद्र और भाजपाशासित सरकारों को घेर रहे हैं। ऐसे में अहम सवाल यह है कि संदेशखाली की पीड़ितों के लिए उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री से न्याय क्यों नहीं मांगा? संदेशखाली पर प्रियंका गांधी की चुप्पी यह साबित करती है कि उन्हें महिला सुरक्षा और बेटियों की अस्मिता से कोई खास लेना–देना नहीं है। वो महिला उत्पीड़न और अपराध के मामलों को राजनीतिक चश्मे और नफे-नुकसान के हिसाब से देखती हैं। जिस राज्य में भाजपा की सरकार हो, वहां सरकार को घेरने और बदनाम करने का कोई मौका वो छोड़ती नहीं हैं। इसके अलावा विरोध के लिए पीड़ित और अपराधी की जाति का भी ध्यान रखा जाता है।

संदेशखाली में पीड़ित हिंदू दलित महिलाएं हैं, और आरोपी मुस्लिम तृणमूल कांग्रेस का नेता। ऐसे में संदेशखाली में पीड़िताओं के साथ खड़े होने से कांग्रेस की मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति प्रभावित होती है। इसलिए संदेशखाली पर मुंह बंद करके बैठना कांग्रेस की राजनीति को मुफीद लगता है। पश्चिम बंगाल में स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने संदेशखाली घटना की निंदा और विरोध किया, लेकिन मामला जितना गंभीर है, उस हिसाब से कांग्रेस नेताओं की निंदा और विरोध रस्म अदायगी से ज्यादा नहीं है। वास्तव में, कांग्रेस की राजनीति मुस्लिम तुष्टिकरण के इर्द-गिर्द घूमती है। ऐसे में संदेशखाली में प्रियंका, राहुल या किसी दूसरे बड़े नेता के विरोध से मुस्लिम समुदाय में ठीक संदेश नहीं जाएगा। वोट बैंक के तुलना में नारी अस्मिता का मुद्दा कांग्रेस के लिए कोई खास अहमियत नहीं रखता। प्रियंका गांधी का गुस्सा और बयानबाजी सेलेक्टिव और राजनीति से प्रेरित होती है। नारी सम्मान और सुरक्षा की बड़ी-बड़ी बातें और पीड़ितों के लिए सहानुभूति सब कुछ विशुद्ध राजनीति से प्रेरित होता है। संदेशखाली की हिंदू महिलाओं की गवाही सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद से पश्चिम बंगाल सरकार आरोपों को खारिज करते हुए इसे बीजेपी और आरएसएस की साजिश बता रही है। इन असहाय महिलाओं की शिकायतों पर एफआईआर दर्ज करने और कार्रवाई करने के बजाय, पश्चिम बंगाल सरकार ने बार-बार संदेशखाली में धारा 144 लागू की है, लोगों को डराने और महिलाओं की आवाज को दबाने की कोशिशें जारी हैं। 2022 में यूपी विधानसभा चुनाव में प्रियंका गांधी यूपी की प्रभारी थी। उनके नेतृत्व में ये चुनाव लड़ा गया था। तब उन्होंने नारा दिया था कि, ह्यलड़की हूं, लड़ सकती हूंह्ल। विधानसभा चुनाव में 40 फीसदी से ज्यादा टिकट महिला उम्मीदवारों को दिये गये थे। आज संदेशखाली की महिलाओं को एक लड़ने वाली बेटी की जरूरत है। लेकिन चुनाव के समय जोशीले नारे देने वाली प्रियंका गांधी तो राजनीतिक परिदृश्य से ही गायब दिखाई देती हैं। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस राजनीतिक सेहत किसी से छिपी नहीं है। ऐसे में वहां राजनीति करके कुछ ज्यादा हासिल नहीं होने वाला।

इसलिए प्रियंका न तो वहां की बेटियों के लिए लड़ने जा रही हैं, और ना ही राहुल गांधी उनके लिए न्याय मांग रहे हैं। भाजपा ही प्रदेश सरकार को लगातार इस मुद्दे पर प्रभावी तरीके से घेर रही है। अगली बार जब प्रियंका गांधी को भाजपा या एनडीए शासित प्रदेश में किसी महिला के हक में आवाज उठाने या गुस्सा दिखाने से पहले संदेशखाली की न्याय मांगती पीड़ितों के चेहरे याद रखने चाहिएं। क्योंकि महिला सम्मान और सुरक्षा के गंभीर और संवेदनशील मुद्दे को राजनीतिक नफे-नुकसान के पलड़े पर तोलने से ज्यादा शर्मनाक कुछ और नहीं हो सकता।

## कविता

मैं का मिथ्या प्रलाप।

हम ना होंगे तो क्या होगा।
मैं ना रहूंगा तो क्या होगा।

सब कुछ वही होगा
जो होता आया है।

समय के आप एक पल,
एक क्षण, समय समग्र।

यह मन की एक मिथ्या,
दिग्भ्रम,
मेरे ना रहने से सब थम जाएगा।

एक सितारे के टूटने से
आसमान खाली नहीं होता।

जुगनू के रहने ना रहने से
रात का अंधेरा नहीं छटता।

मेरा अहम, मेरा मुगालता
केवल मिथ्या और भ्रम,
श्रेष्ठ सबसे मानव धर्म।

कर्म ही मानव का
अंतिम सत्य और धर्म है।

मैं और मेरे होने का मतलब
एक जीव का संसार में होना

संजीव

# मंदिर के निर्माण के खोखले दावे

**निर्मल रानी**

**भारतीय** जनता पार्टी द्वारा लोकतंत्र की हत्या के लाख प्रयासों के बावजूद आखिरकार सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार को विजयी घोषित कर ही दिया है। सत्ता को दर्पण दिखने वाले इस फैसले से एक दिन पूर्व यानी गत सोमवार (19 फरवरी ) को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश में कल्किधाम मंदिर के एक शिलान्यास कार्यक्रम में जो 'प्रवचन' दे रहे थे उसे सुनकर कोई भी यही कहेगा कि भारतवर्ष तीव्र गति के साथ न केवल आगे बढ़ रहा है बल्कि विश्व महाशक्ति भी बनने जा रहा है। उनके लोकलुभावन व आत्म प्रशंसा से ओत प्रोत प्रवचन के मुख्य अंश कुछ इसतरह थे - "ईश्वर ने मुझे राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण का जो जिम्मा सौंपा है उसको भव्यता दे रहा हूं"। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक यात्रा संकल्पों के साथ आगे बढ़ रही है। आपने फरमाया कि भारत अब पराभव से विजय की ओर प्रस्थान करने वाला राष्ट्र बन गया है। उन्होंने यह भी कहा कि 'भारत पहली बार उस मुकाम पर है कि अब वह अनुसरण नहीं दुनिया भर में उदाहरण पेश कर रहा है। अब देश का हर व्यक्ति गौरव गौरवान्वित महसूस करता है। अब हमारी शक्ति अनंत और संभावनाएं अपार हैं। अब कालचक्र बदल गया है और नए युग की शुरूआत हो चुकी है। हम दुनिया में पांचवीं अर्थव्यवस्था हैं।"आदि आदि

जिस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उपरोक्त 'प्रवचन' देकर 'राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण' की सुनहरी तस्वीर पेश करने की कोशिश कर रहे थे ठीक उसी समय देश का सर्वोच्च न्यायलय एक बार फिर पिछले दिनों चंडीगढ़ में हुये मेयर चुनाव पर इसी आत्म मुग्ध सरकार और इसके 'चाणक्यों ' को आइना दिखा रहा था। गौरतलब है कि भाजपा की चुनाव टालने की तमाम कोशिशों के बावजूद गत 30 जनवरी को चंडीगढ़ में मेयर का चुनाव संपन्न हुआ था। चंडीगढ़ नगर निगम में पार्षदों की कुल 35 सीटें हैं। एक वोट स्थानीय लोकसभा सदस्य का भी गिना जाता है। इस तरह बीजेपी के 14 पार्षद, एक भाजपा सांसद(किरण खेर ) और शिरोमणि अकाली दल के एक पार्षद को मिलाकर कुल 16 वोट ही होते हैं। जबकि दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी के पास 13 और कांग्रेस के पास 7 पार्षद हैं।अर्थात इंडिया गठबंधन के पास कुल 20 मतों के संख्या बल के आधार पर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस इसे लोकसभा चुनाव से पूर्व इंडिया गठबंधन के बीजेपी से पहले मुकाबले की तरह देख रही थी तथा इंडिया गठबंधन की जीत के प्रति पूरी तरह आश्वस्त थी। परन्तु इन संभावनाओं के विपरीत आये चुनाव परिणामों से पूरा देश हैरान रह गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान के आये वीडियो में देखा गया कि पीठासीन अधिकारी द्वारा मत पत्रों को अमान्य करार देने की गरज से जानबूझकर उन पर हस्ताक्षर किये गये या कुछ लिखा गया।

## विचार

# हिट विकेट हो गए कमलनाथ

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**मध्य प्रदेश** के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के कद्दावर नेता कमलनाथ को भाजपा ने हिट विकेट कर दिया है। पिछले एक सप्ताह से कमलनाथ के भाजपा में जाने की खबरें सुर्खियां बन रही थी। मगर भाजपा आलाकमान ने कमलनाथ के लिए पार्टी के दरवाजे नहीं खोले। चर्चा है कि मध्य प्रदेश भाजपा द्वारा कमलनाथ के भाजपा प्रवेश का विरोध किए जाने के कारण पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कमलनाथ के भाजपा प्रवेश के कार्यक्रम को टाल दिया है। अब कमलनाथ के सुर भी बदले-बदले नजर आ रहे हैं। वह बोल रहे हैं कि मैं कभी भी कांग्रेस नहीं छोड़ सकता हूं। मैं जन्मजात कांग्रेसी हूं और रहूंगा। जबकि एक दिन पहले तक कमलनाथ के खासमखास सज्जन सिंह वर्मा ने खुलेआम कांग्रेस पार्टी में कमलनाथ की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए उनके भाजपा में शामिल होने की पुष्टि की थी। मगर अब सज्जन वर्मा भी अपने बयानों से पलटते नजर आ रहे हैं। भाजपा में कमलनाथ को शामिल करने को लेकर अंदर खाने विरोध के स्वर उठ रहे थे। भाजपा नेता तेजिंदर सिंह बग्गा का कहना है कि कमलनाथ सिख विरोधी दंगों के अगवा रहे हैं। उन पर सिखों की हत्या करने के आरोप है। ऐसे व्यक्ति को भाजपा में शामिल नहीं करना चाहिए। हालांकि कमलनाथ हमेशा ऐसे आरोपों को नकारते रहे हैं। सभी तरह की जांच में उन्हें क्लीनचिट भी मिल चुकी है। मगर सिख समाज के मन में आज भी कमलनाथ को लेकर नकारात्मक भावना बनी हुई है। ऐसे में भाजपा कमलनाथ को पार्टी में शामिल कर सिख मतदाताओं को नाराज नहीं करना चाहती है। हालांकि तेजिंदर सिंह बग्गा का कहना है कि यदि कमलनाथ के सांसद बेटे नकुलनाथ भाजपा में शामिल होते हैं तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। क्योंकि नकुलनाथ ने सिख विरोधी कोई काम नहीं किया है। कमलनाथ कांग्रेस में सबसे वरिष्ठ नेता माने जाते हैं। संजय गांधी के दून स्कूल के साथी कमलनाथ को 1980 के पहले लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उन्हें अपना तीसरा बेटा कहकर चुनाव जीतवाने की अपील की थी। 1980 में मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल छिंदवाड़ा से पहली बार चुनाव जीतने के बाद कमलनाथ ने कभी राजनीति में पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह लगातार सफलता की सीढ़ी चढ़ते गए। कांग्रेस की केन्द्र सरकार में वह कई बार मंत्री, संगठन में पदाधिकारी, मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री बनाए गए। मगर 2023 में कांग्रेस पार्टी के मध्यप्रदेश विधानसभा का चुनाव हारने के बाद पार्टी में उन्हें हाशिये पर धकेल दिया गया। उन्हें बिना पूछे ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से हटा दिया गया। इतना ही नहीं उनके विरोधी रहे जीतू पटवारी को उनके स्थान पर मध्य प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष व उमंग सिंघार को विधायक दल का नेता बना दिया गया। इससे कमलनाथ को बड़ा झटका लगा था और तभी से वह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में अपने प्रवेश की जुगत लगाने लगे थे। हालांकि अब कमलनाथ ने साफ कर दिया है कि वह कांग्रेस छोड़कर कहीं नहीं जा रहे हैं। राहुल गांधी की न्याय यात्रा में भी वह शामिल होंगे। अगले लोकसभा चुनाव में पार्टी के सभी 29 सीटों पर प्रत्याशियों को जितवाने के लिए पूरी मेहनत करेंगे। मगर राजनीति के जानकारों का कहना है कि यह कमलनाथ की खिसियाहट मिटाने का एक तरीका है। कमलनाथ को पता है कि भाजपा में शामिल नहीं होने के कारण पार्टी नेतृत्व के समक्ष उनकी छवि संदिग्ध की बन चुकी है। कांग्रेस आलाकमान को पता है कि जब भी मौका मिलेगा कमलनाथ कांग्रेस को अलविदा कह देंगे। इसलिए कांग्रेस आलाकमान उनको लेकर हमेशा सतर्क रहेगा और आगे उन्हें ऐसी कोई बड़ी जिम्मेदारी भी नहीं दी जाएगी जिस से उनके पार्टी छोड़ने पर पार्टी की छवि खराब हो। कमलनाथ जैसे वरिष्ठ नेता द्वारा पिछले एक सप्ताह से जिस तरह का राजनीतिक ड्रामा किया गया था उसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। कमलनाथ की छवि एक गंभीर और सुलझे हुए नेता की मानी जाती रही है। ऐसे में भाजपा में शामिल होने को लेकर अफवाहों का जो दौर देखने को मिला उससे उनकी छवि तो खराब हुई है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# विकास के सोपानों के साथ सत्य की मजबूत प्रासंगिकता

**यह तो सच** बात है कि मानव सभ्यता का सतत विकास उसकी अदम्य जिज्ञासा, उत्कट उत्साह, जिजीविषा, निरंतर उन्नति की भूख और आशावादिता का प्रतिफल है। सभ्यता और संस्कृति की सुविधा के विभिन्न सोपानो में समय-समय पर मूल्यों का स्थापना और पुराने मूल्यों का विस्थापन एक सास्वत सत्य की तरह है। परिवर्तन प्रकृति का आधारभूत नियम है। विकास में धन की आवश्यकता अवश्य होती है पर और धन का अतिरेक विकास की दिशा को दिग्भ्रमित भी कर सकता है। इसके अलावा परिस्थितियों, आवश्यकताओं, दर्शन तथा अर्थ एवं धार्मिक स्थापनाओं के अनुरूप ही समकालीन समाज का दृष्टिकोण और जीवन दर्शन निरंतर विकासवान होता है। आदिकाल से विकास के क्रम में धन के प्रयोग को बड़ा प्रबल माना गया है। शाश्वत मूल्य की मीमांसा एवं उसकी निरंतरता मानवी जीवन से जुड़े अंतरंग पहलुओं को उजागर करती है। सत्य को सिद्धांत के रूप में भी देखा गया है। मानवी जीवन दर्शन में धन और सत्य दोनों कारकों का प्राचीन काल से ही पर्याप्त महत्व रहा है। धन का महत्व है पर धनबल सब कुछ नहीं है। सत्य एक सार्वभौमिक जीवन दर्शन है, इसे धन बल की मिथ्या कभी नष्ट अथवा विलोपित नहीं कर सकती है। धन बहुत कुछ है पर सब कुछ नहीं। सत्य सिद्धांत के बिना धन की विवेचना में मीमांसा अधूरी तथा महत्वहीन है। गलत तरीके से कमाया गया धन मनुष्य के चरित्र में उजियारे दिन के बाद घनघोर तमस की तरह है। सत्य जीवन का सार्वकालिक उजाला है। यह बात भी महसूस की गई है कि निवृत्ति, त्याग, संयम,सन्यास के स्थान पर भोग विलास को प्राथमिकता दिए जाने के कारण धन पर सत्य व नैतिक मूल्यों को बरीयता दी जाने की परंपरा रही है। वेद तथा पुराणों पर भी सत्य एवं नैतिकता के व्यवहारिक पक्ष को उजागर करते हुए लिखा गया है कि 'सत्य का सुख सोने के पात्र से ढका हुआ है, धन जब मुखर होता है तो सत्य नेपथ्य में होता है। सत्य तब मुखर होता है जब धनबल का अतिरेक होने लगता है। धनबल मिथ्या है, सत्य शाश्वत और परंपरागत अनुवांशिक शक्ति है। भारतीय संस्कृति एवं परंपरा सत्य के मूल्य को सर्वोत्कृष्ट है उस सर्वोच्च मानती है। इसे मन वचन और कर्म में अद्वैत के स्तर तक निश्चित अकाट्य और सदैव अपरिवर्तनीय ही माना गया है, लोक जीवन का 'सांच को आंच नहीं'।

# अगर ऐसा हो जाए तो...

**डॉ. सुरेश कुमार**

**अब दिन** कुछ ऐसे आ गए हैं कि सांस लेने से पहले हवा से अनुमति लेनी होगी कि क्या मैं सांस ले सकता हूं? हवा को सख्त आदेश दे दिए जायेंगे कि वह बहने से पहले बताएं आज कहां, कब और किस दिशा में बहेगी और कितना बहेगी। बहने से पहले अपनी मंशा भी बतानी होगी कि वह क्यों बहना चाहती हैं। अन्यथा उसके बहने पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। ऐसा ही एक नया कानून तूफानी हवाओं पर भी लगा दिया गया। उन्हें देश से तड़ीपार हो जाने के कड़े निर्देश दिए गए हैं।

यदि वे इसका उल्लंघन करते हैं तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कारण, सताने वाले शेखचिल्ली के ख्वाब बुन रहे हैं और गहरी निद्रा के बाद हवाई किलो को वास्तविक रूप देने का प्रयास कर रहे हैं। इसलिए नए कानूनों का पालन करना तूफानी हवाओं की मौत पर बन आयी है। इतना ही नहीं नए कानून का चाबुक समुद्र की लहरों पर भी पड़ा है। अब वह बड़ी-बड़ी लहरों के साथ किनारे को छूने का प्रयास नहीं कर सकता। यदि ऐसा करता है तो उसकी लहरें कैद कर ली जाएंगी। इसके अतिरिक्त समस्त जल राशि दंड स्वरूप वसूल ली जाएगी। इसलिए जितनी भी हलचल, उथल-पुथल आक्रोश हो उसे अपने भीतर ही दबाकर रखना होगा। उसका प्रदर्शन करना कानूनी अपराध माना जाएगा। नए कानून के अनुसार बगीचे के फूल सारे एक जैसे ही उगने चाहिए। उगने वाले फूल भी एक जैसे रंग के होने चाहिए। यदि फूल इन बातों का कहा नहीं मानते तो उन पर कानून की दंड संहिता लागू कर दी जाएगी। जब देश एक है तो फूल का रंग भी एक होना चाहिए। हवाएं जब हमारी सीमाओं में बहती है तो उन्हें हमारी सीमाओं का पालन करना चाहिए। समुद्र की लहरें जब हमारी जमीन पर उछल-कूद करती है तो उन्हें भी हमारी कानूनी उछल-कूद का पालन करना होगा। काश कानून बनाने वाले जान पाते कि हवा, समुद्र और सांसें जब तक चुप हैं तब तक नए कानूनों की मनमानी चलती है। किंतु यही जब सुनामी बन जाते हैं तब कानूनों की गुमनामी इतिहास के पन्नों में पढ़नी पड़ती है।

# 'चिन्हित अपराधों के संदर्भ में पुख्ता और ठोस सबूतों के साथ करें कोर्ट में पैरवी'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**उपायुक्त** एवं चिन्हित अपराधों की जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी के चेयरमैन डॉ० मनोज कुमार ने बुधवार को लघु सचिवालय में एनसीओआरडी (नारको कॉर्डिनेशन सेंटर) व चिन्हित अपराधों को लेकर आयोजित बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि चिन्हित व जघन्य अपराधों में शामिल अपराधियों को हर हाल में सजा मिलनी चाहिए। इसके लिए अभियोजन पक्ष और जांच अधिकारी की ओर से कोई कमी न रहे तथा ऐसे मामलो में गवाहों की सुरक्षा भी सुनिश्चित रहनी चाहिए। इसके अलावा उन्होंने निर्देश दिए कि नशे की दवाओं की ब्रिकी करने वाले



कैमिस्ट दुकानों की निरंतर चैकिंग करें और बिना लाईसेंस के ऐसी दवाएं बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही जिला में चल रहे नशा मुक्ति केंद्रों की भी निरंतर चैकिंग करें।

उपायुक्त ने कहा कि चिन्हित अपराधों की पुख्ता व ठोस सबूतों के साथ कोर्ट में पैरवी करें ताकि अपराधियों को उनके द्वारा किए गए अपराध की कड़ी सजा मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि चिन्हित अपराध के तहत जो भी मामले सामने आते हैं पुलिस विभाग व संबंधित अधिकारी उनकी पूरी गहनता से जांच कर रिपोर्ट तैयार करें। बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ चिह्नित अपराधों से संबंधित मामलों की

**दिशा-निर्देश**

> 8 उपायुक्त ने चिन्हित अपराधों को लेकर आयोजित बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

बैठक ले रहे थे। बैठक में केसों से संबंधित बचाव साक्ष्य और तकनीकी कानूनी पहलुओं बारे विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि चिन्हित अपराध से संबंधित मामलों की जांच संबंधित पूरी प्रक्रिया की रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को भी भेजी जाए। उपायुक्त ने निर्देश दिए चिन्हित अपराधों के मामलों में पुलिस विभाग कोर्ट में जाने से पहले उसकी अच्छी रिपोर्ट तैयार करें ताकि अपराधी को अधिक से अधिक सजा मिल सके। उन्होंने कहा कि अक्सर संज्ञान में आता है कि कोर्ट में केस की मजबूती न होने के कारण कई बार अपराधी सजा से बच जाते हैं। ऐसे में साक्ष्य के अभाव और कमजोर पैरवी के कारण केस कमजोर भी हो जाते हैं और न्यायालय में उचित तथ्यों व साक्ष्यों के न होने के कारण अपराधी सजा से बच सकता है। इसलिए कानूनी तकनीकी और विभिन्न प्रकार के केसों में साक्ष्यों के बचाव और उनकी सुरक्षा तथा कानूनी पहलुओं द्वारा मजबूत पैरवी जिला न्यायवादी द्वारा की जाए, जिससे अपराधी बचने न पाएं।

# 'मुख्यमंत्री द्वारा बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए जा रहे'

**विकास कार्य**

> 8 प्रदेश सरकार के पास विकास कार्यों के लिए पैसों की कोई कमी नहीं है: प्रवेश कुमारी



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**
जिला परिषद की चेयरमैन प्रवेश कुमारी के प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा प्रदेश में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। सोहन सिंह राणा आज गांव मैनमती स्थित श्री जाहरवीर गोगामाढ़ी में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के पास विकास कार्यों के लिए पैसों की कोई कमी नहीं है और प्रदेश में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य करवाने में जिला परिषद करनाल का पहला नंबर है। जिला परिषद द्वारा जिले में अब तक करीब 100 करोड़ के विकास कार्य करवाए जा चुके हैं। उन्होंने गांव वासियों की मांग पर श्री जाहरवीर गोगा माढ़ी में लंगर हाल और शौचालय बनाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर श्री जाहरवीर गोगा माढ़ी के संचालक ओमपाल चौहान, भाजपा नेता सतीश राणा, गांव के पूर्व सरपंच जगदीश चौहान, सतीश कांबोज, नंबरदार गोपाल चौहान, बीर सिंह, लोकेश चौहान, सुंदर कांबोज, विजय कांबोज, जसमत सिंह, भूप सिंह, महिंद्र पाल, दिनेश कांबोज, प्रवीन कांबोज, मांगे राम, पंडित धर्म सिंह, मेघ सिंह, चरण सिंह, तरसेम चौहान, वेदपाल चौहान, भरतू राम, राजकुमार, जसपाल सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### अवैध शस्त्र अधिनियम में गैंगस्टर रामकरण बैंयापुरिया को तीन साल कैद की सजा

**सोनीपत:** न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) किम्मी सिंगला ने अवैध शस्त्र अधिनियम के मामले में सुनवाई के बाद गैंगस्टर रामकरण बैंयापुरिया को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषी को तीन साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही दोषी पर पांच हजार रुपये जुमार्ना किया गया है। दोषी ने जुमार्ना अदा कर दिया है। पुलिस ने गांव बैंयापुर में रामकरण के बंद घर से अवैध हथियारों का जखीरा बरामद किया था। जिसमें राइफल, टूटा रिवाल्वर व 606 कारतूस बरामद किए गए थे।

### सीसीएल के अंतर्गत पंजाब दे शेर और डीएवी एकादश के बीच खेला गया एग्जीबिशन मैच

**चंडीगढ़:** 23 फरवरी से शुरू होने जा रहे सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग (सीसीएल) की कड़ी में बुद्धवार को सेक्टर 10 स्थित डीएवी कालेज में खेले गये एक एग्जीबिशन मैच में डीएवी एकादश ने पंजाब दे शेर को नौ विकेट से हराया। टास जीत कर पीडीएस ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और अपनी पहली पारी में निरधारित दस ओवर्स में 79/6 रन बनाये। पंजाब के खेल मंत्री गुरमीत सिंह हायर ने पीडीएस की ओर से खेलते हुये सर्वाधिक 24 रन बनाये। जवाब में डीएवी एकादश ने 80/3 रन बनाये जिसमें राहुल डोगरा ने ताबड़तोड़ 28 गेंदों पर 41 रन बनाये और टीम को एक रन की बढ़त दिलाई। इसके बाद पीडीएस ने अपनी दूसरी पारी में 101/9 रन बनाये जिसमें अनुज (38) टॉप स्कोरर के रुप में उभरे। विपक्ष से अंकित शर्मा ने पांच विकेट लिये। जवाब में डीएवी ने 101 के लक्ष्य को रोमांचक अंत के साथ तीन गेंदें शेष रहते पूरा कर लिया। राहुल डोगरा ने 29 गेंदों में 57 जबकि अंकित शर्मा ने 19 गेंदों पर 28 रन बनाये। मैच के अंत में पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा, पीडीएस टीम के मालिक पुनीत सिंह, डीएवी कॉलेज की प्रिंसिपल रीटा जैन, करन गिल्होत्रा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया। सीसीएल की कड़ी में चंडीगढ़ में तीन मैच खेले जाने हैं। 8 मार्च को पीडीएस बंगाल टाईगर्स जबकि 9 मार्च को दो मैचों के अंतर्गत भोजपुरी दबंग्स और मुम्बई हीरोज से भिड़ेगी।

# कंपनी के गोदाम में रखा लाखों रुपये कीमत का सामान चोर

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र में स्थित कंपनी के गोदाम से लाखों रुपये कीमत का सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर कंपनी के उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग चोरों का पुलिस के हाथ लग सके। देवनगर कॉलोनी अयोध्या हाल में टीडीआई कुंडली निवासी सुजीत पांडेय ने बताया कि वह चौधरी एंजेसी नाथुपुर में बतौर मैनेजर के पद पर कार्यरत है। कंपनी की तरफ से स्थापित गोदाम में रिपेयर का सामान रखा हुआ है। उसने गोदाम में सामान कम होने का शक हुआ। जिसको लेकर उसने सामान का ओडिट करवाया। जिसमें करीब 3.50 हजार रुपये का सामान गायब मिला। सामान की तलाश के लिए गत 14 फरवरी की सीसीटीवी कैमरों की रिकार्डिंग खंगाली।

जिसमें दीवार फांदकर दो व्यक्ति कंपनी में आते दिखाई दिए। करीब एक घंटे तक सीसीटीवी कैमरों का कनेक्शन कट गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# योग एक अनुशासन है : दिनेश गुलाटी

**योगासन**

> 8 दंपति प्रतियोगिता में नवीन जिंदल, बरखा जिंदल और गणेश गर्ग, ऋतु गर्ग ने हिस्सा लिया



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**
योग एक अनुशासन है। यह चित्त और वृत्तियों का निरोध है। मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में हर घर परिवार सूर्य नमस्कार, सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता योग कक्षा श्री कृष्णा मंदिर में आयोजित की गई।

सर्वप्रथम दिनेश गुलाटी ने सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास करवाया। सूर्य नमस्कार करने के लिए शरीर को लचीला बनाने के सूक्ष्म व्यायाम आवश्यक है। उन्होंने सूर्य नमस्कार करवाते हुए एक एक आसन का कुशलतापूर्वक अभ्यास करवाया। नवीन जिंदल और बरखा जिंदल ने निर्णायक की भूमिका निभाई। लगभग सभी शिक्षकों और साधकों ने भाग लिया।

महिला वर्ग से ईशा धवन, आरती बैजल और बबिता विजयी हुए। पुरुष वर्ग से ज्ञान घई, हर्षित और गणेश गर्ग विजयी हुए। दंपति प्रतियोगिता में नवीन जिंदल, बरखा जिंदल और गणेश गर्ग, ऋतु गर्ग ने हिस्सा लिया। 108 बार सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता के लिए ज्ञान घई और ईशा मोंगिया को चुना गया।

इस मौके पर नवीन जिंदल, ज्ञान घई, बरखा जिंदल, वीना सेठ, वीना गोयल, ईशा धवन, ईशा मोंगिया, ऋतु गर्ग, दीपा, सपना, रश्मि, राजेश छाबड़ा, नरेश और रजनीश, प्रेमलता, नीरज और कई साधक मौजूद रहे।

# शादी समारोह से लाखों रुपये व जेवरात से भरा बैग चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मुरथल** थाना क्षेत्र में जीटी रोड स्थित मुरथल होटल में शादी समारोह में रुपयों से भरा बैग व जेवरात के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस संदिग्ध का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

गांव धतूरी निवासी निर्देश कुमार ने बताया कि गत 18 व 19 फरवरी की रात को उसकी बेटी कनिष्का की शादी सन्नी निवासी सेक्टर-76 फरीदाबाद के साथ लीला ग्रैंड होटल जीटी मुरथल में हो रही थी। रात करीब 2 से तीन बजे फेरे हो रहे थे। उसी दौरान ब्राउंन कलर के बैग में जिसमें दो लाख रुपये की राशि व एक चांदी की अंगूठी

**जांच जारी**

> 8 पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया, सीसीटीवी कैमरों की रिकार्डिंग खंगाल रही पुलिस

रखी हुई थी। बैग उनका किसी ने चोरी कर लिया। अपने स्तर पर बैग की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी अनिल कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द शादी समारोह से बैग चोरी करने के आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# उपायुक्त ने योजनाओं व मांगों की समीक्षा करते हुए निपटान के दिए निर्देश

**टीम एक्श नइंडिया/सोनीपत**
**लघु** सचिवालय में आयोजित डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर्ज बोर्ड मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने प्रशासनिक-पुलिस-विभागीय स्तर पर मिलने वाली शिकायतों व मांगों के साथ योजनाओं की गंभीरता से समीक्षा करते हुए समयबद्धता से समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी आपसी तालमेल को बेहतरीन बनायें, ताकि जनहित में विकास कार्यों को गति मिले। अधिकारीगण ऑफिसर्ज बोर्ड की मीटिंग में आपसी मामलों तुरंत निपटाने के अवसरों का पूर्ण लाभ उठायें।

उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक हैं, जिसे सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए सभी विभागाध्यक्ष अपने स्टाफ की पूर्ण जानकारी तथा ई-मेल आईडी प्रेषित करें। चुनाव के दौरान ई-मेल पर हर प्रकार का तालमेल व सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेडिकल कंडीशन का गलत हवाला देकर कोई भी अधिकारी-कर्मचारी चुनावी ड्यूटी देने से इंकार न करें। ऐसे आवेदनों की पूर्ण जांच करवाई जाएगी। गलत जानकारी देने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बिना ठोस व उचित कारण के किसी को छूट नहीं मिलेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष समाप्ति की

**बैठक**

> 8 चुनावी डयूटी में बिना ठोस एवं उचित कारण के नहीं मिलेगी कोई छूट, गलत रिपोर्ट मिलने पर करेंगे कार्रवाई

ओर है। ऐसे में सभी विभाग प्राप्त बजट का सदुपयोग जनहित में खर्च करना सुनिश्चित करें। यदि बजट की वापसी होती है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विभागीय योजनाओं का पूर्ण लाभ पात्र व्यक्तियों को मिलना चाहिए।

उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि वे सभी बूथों की जांच स्वयं करेंगे। इसलिए सभी स्कूलों में शौचालयों को दुरुस्त करवाना सुनिश्चित करें। बूथों पर शौचालय के साथ रैंप की बेहतरीन सुविधा होनी चाहिए। उन्होंने सहायक निर्वाचन अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्रों में स्थापित बूथों का निरीक्षण जरूर करें।

उन्होंने मुख्यमंत्री व उप-मुख्यमंत्री तथा गृह मंत्री की ओर से आने वाली शिकायतों का समाधान तुरंत प्रभाव से करवाना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने जनसंवाद तथा सीएम विंडो और सोशल मीडिया ग्रीवेंस ट्रैकर (एसएमजीटी) पर आने वाली शिकायतों का निवारण प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ओवरड्यू शिकायतों का तुरंत प्रभाव से निपटान करें। उन्होंने ई-ऑफिस को भी सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने स्वामित्व योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, मेरी फसल मेरा ब्यौरा, फसल अवशेष प्रबंधन, म्हारा गांव जगमग गांव, निक्षय मित्रा, एनिमिया मुक्त अभियान, टीकाकरण, पोलियो ड्रॉप्स अभियान आदि के साथ अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

# चांदनी चौक में पोपीयीज इंडिया के पहले स्टोर का भव्य शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
अलग-अलग फ्लेवर्स के जरिए दुनिया को जोड़ने की कोशिश को आगे बढ़ाते हुए, भारत की सबसे बड़ी फूड सर्विस कंपनी जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड (जेएफएल) ने चांदनी चौक की ऐतिहासिक गलियों में प्रसिद्ध लुइसियाना चिकन, पोपीयीज का भव्य शुभारंभ किया है। यह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के प्रतिष्ठित ओमेक्स चौक मॉल में विश्व मशहूर लुइसियाना स्टाइल के चिकन दिग्गज की बेहद अपेक्षित शुरूआत दशार्ता है। पोपीयीज अपने बोल्ड, लुइसियाना स्टाइल फ्राइड चिकन और विश्व के सबसे प्रसिद्ध चिकन सैंडविच के लिए दुनिया भर में मशहूर है। 2019 में अमेरिकी में इंटरनेट पर तहलका मचाने वाला पोपीयीज अब दिल्ली के चिकन खाने के शौकीनों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है। दक्षिण भारत समेत दुनिया भर में लोगों का जीतने के बाद पोपीयीज अपने प्रसिद्ध फ्राइड चिकन को राजधानी में लेकर आ रहा है, जो अपनी कुरकुरी बनावट और मसालों के लजीज मिश्रण और अन्य लजीज खाने की वस्तुओं के लिए मशहूर है। जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड के सीईओ और एमडी समीर खेत्रपाल ने कहा, "हमें राजधानी क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए विश्व प्रसिद्ध फ्राइड चिकन ब्रांड, पोपीयीज को पेश करके खुशी हो रही है। दो साल पहले भारत में लॉन्च होने के बाद से इस ब्रांड को लोगों का भरपूर प्यार मिला है। हम पोपीयीज और इसके विशिष्ट व्यंजनों के लिए दिल्ली में भी ऐसी ही प्रतिक्रिया की उम्मीद करते हैं, जो हमें अन्य शहरों में मिली है।



# महिला को मोटी कमाई का झांसा देकर साइबर ठगों ने लाखों रुपये की राशि ऐंठी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**कुंडली** की रहने वाली महिला को मोटी कमाई का झांसा देकर साइबर ठगों ने 7.10 लाख रुपये की नकदी ऐंठ ली। महिला को स्टॉक मार्केट में रुपये लगाकर तीन माह में 500 फीसदी लाभ का झांसा देकर ठगी की गई। पीड़िता ने मामले की शिकायत साइबर थाना पुलिस को दी है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले गंभीरता से जांच कर रही है। बिल्डर सोसायटी कुंडली निवासी प्रीति ने बताया कि वह सोशल मीडिया पर एक ग्रुप में शामिल हुई

**फर्जीवाड़ा**

> 8 साथ ही एक लिंक दिया, जिसे खोलकर वह अपने खाते में जमा राशि को देख सकती थीं

थी। ग्रुप से जुड़े लोगों ने उन्हें बताया कि स्टॉक मार्केट में संस्थागत खाते के माध्यम से निवेश कर मोटी कमाई की जा सकती है। उन्हें बताया गया कि एलआरओ कंपनी के माध्यम से वेबसाइट लिंक से जोड़ दिया। इसके बाद माया शर्मा नाम की महिला ने उनके पास व्हाट्सएप कॉल की। महिला ने कहा कि स्टॉक मार्केट में निवेश करने से उन्हें 500 फीसदी तक का लाभ मिल सकेगा। इस पर विश्वास कर उन्होंने पहले दो लाख रुपये उनके दिए नंबर पर डाल दिए। इस पर उन्हें 10 हजार रुपये का लाभ दिया गया। प्रीति का कहना है कि उसके बाद उन्हें अधिक राशि लगाने को प्रेरित किया। साथ ही एक लिंक दिया, जिसे खोलकर वह अपने खाते में जमा राशि को देख सकती थीं।

# पंजाब हरियाणा के शंभू बोर्डर पर तनावपूर्ण स्थिति

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**पंजाब** हरियाणा के शंभू बोर्डर पर तनावपूर्ण स्थिति ओर सुरक्षाबलों व किसानों के बीच हो रही हड़प के मध्य नजर पटीकल्याणा गांव के पास लगायें गए पुलिस नाके पर भी हलचल शुरू हो गई है। केन्द्रीय मंत्रियों ओर किसान नेताओं के बीच चार दौर की वार्ता बेनतीजा रहने पर बुधवार सुबह 11 बजे जैसे ही शंभु बार्डर पर किसानों का दिल्ली कूच के लिए हलचल शुरू हुई तो बार्डर पर तैनात हरियाणा पुलिस व सुरक्षा बलों ने किसानों को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले दागने शुरू किए। शंभू बोर्डर की स्थिति को भांपते



हुए पानीपत-सोनीपत पुलिस के संयुक्त नाके पर पट्टी कल्याणा के पास भारी संख्या में पुलिस व सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया गया है। किसान शंभू बोर्डर को तोड़ कर अगर दिल्ली की ओर आते हैं तो उन्हें समालखा में पट्टीकल्याणा के पास रोकने के लिए पानीपत पुलिस की 2 कम्पनी और 2 कम्पनी सोनीपत से पहुंच चुकी है।करीब 400 जवान पट्टीकल्याणा में तैनात हैं, जिसमें गन्नौर के एसडीएम, एसीपी गन्नौर गोरख पाल राणा, डीएसपी ट्रैफिक सुरेश सैनी,डीएसपी सतीश गौतम,एसएचओ समालखा फुल कुवार, एसएचओ गन्नौर रवि, समालखा ट्रैफिक इन्चार्ज राजेश राठी आदि मौके पर पहुंच मोर्चा सभाले हुए हैं।

# मतदाताओं को वोट के प्रति जागरूक करने को लेकर लगाई भव्य प्रर्दशनी

## नागरिकों को अपने वोट के प्रति जागरूक करने को लेकर जिला सचिवालय में मतदाता जागरूकता प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

**पानीपत, कमाल हुसैन**
नागरिकों को अपने वोट के प्रति जागरूक करने को लेकर जिला सचिवालय में मतदाता जागरूकता प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मतदाता जागरुकता प्रदर्शनी का उद्देश्य वोटरों को वोट बनवाने के लिए प्रेरित करना व चुनाव के दौरान अपनी वोट का प्रयोग करना प्रमुख रूप से प्रदर्शनी का हिस्सा रहा। उपायुक्त ने बताया कि जिले का मतदाता ऑनलाइन व ऑफ लाइन अपनी वोट को बनवा सकता है। टोल फ्री नंबर 1950 पर मतदाता वोट बनाने की प्रक्रिया से



सम्बन्धित जानकारी ले सकता है। उपायुक्त ने बताया कि किसी नागरिक की वोट में अगर कोई त्रुटि किसी कारण से है तो उसे ठीक

**जागरूकता**

> 8 नागरिक की वोट में अगर कोई त्रुटि किसी कारण से है तो उसे ठीक करवा सकता है

करवा सकता है या वोट को कहीं दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करवाना है तो वह भी करवा सकता है।

उपायुक्त ने बताया कि प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में जिले भर के लोगों ने भाग लिया व प्रदर्शनी का अवलोकन कर वोट बनवाने संबंधित जानकारी ली। उपायुक्त ने बताया कि इस 6 दिवसीय प्रदर्शनी में जनता को वोट बनवाने तथा चुनाव के दौरान अपने वोट का प्रयोग करने हेतु जागरूक करने के लिए यह प्रदर्शनी आयोजित की गई थी।

उपायुक्त ने बताया कि प्रदर्शनी में आर्ट एंड कल्चर अफेयर डिपार्टमेंट द्वारा तैयार की गई पेंटिंग व मतदाताओं के लिए तैयार की गई अन्य गतिविधियों से अवगत कराया गया। मतदाता जागरूकता प्रदर्शनी में जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों ने लोगों को वोट बनवाने के लिए उससे संबंधित अन्य जरूरी जानकारियां प्रदान की।

# फाइनेंसर को गोली मारकर घायल करने का आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सिविल** लाइन थाना क्षेत्र में फाइनेंसर को गोली मारकर घायल करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मंजीत उर्फ मनीष निवासी जसौर खेड़ी झज्जर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। विकास नगर निवासी मंदीप ने गत 16 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह फाइनेंसर का काम करता है। उसकी मनीष उर्फ मंजीत निवासी जसौर खेड़ी के साथ दोस्ती थी। वह अपनी महिला दोस्त के पास उसके घर गीता भवन चौक पर गया था। उसी दौरान गांव जसौर खेड़ी निवासी मनीष भी आ गया। मंदीप ने बताया कि उसका मनीष के साथ रुपयों का लेनदेन है। उसने तीन लाख रुपये उसे उधार दिए थे। बार-बार मांगने पर मनीष रुपये वापिस नहीं दे रहा है। उसका फोन तक उसने उठाना बंद कर दिया। मनीष के साथ पैसों के लेन देन की बात की तो उसने गुस्से में आकर उस पर गोली चला दी। गोली उसके पैर में लगी। वह घायल होकर जमीन पर गिर गया। जबकि आरोपित मौके से फरार हो गया। उसकी महिला दोस्त उसे लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंची। जहां उसका उपचार करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक दलजीत ने बताया कि उनकी टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को काबू कर लिया। उसे अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

# करोड़ों रुपए की लागत से होंगे विकास कार्य: असीम गोयल

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**अम्बाला** शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने पांच वार्डों के तहत पौने 3 करोड़ रुपए की लागत से किए जाने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इन विकास कार्यों में वार्ड नम्बर 3, 7, 9, 10 व 13 में गलियों के निर्माण कार्य, बरसाती पानी की निकासी के लिए आरसीसी पाईप लाईन, नालों का निर्माण, ग्रीन बैल्ट व अन्य विकास कार्य शामिल हैं। सभी जगहों पर पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने विधायक का फूल-मालाओं से भव्य अभिनंदन किया। इन विकास कार्यों की सौगात देने के लिए क्षेत्रवासियों ने विधायक का आभार भी प्रकट किया।

विधायक असीम गोयल ने इस मौके पर क्षेत्रवासियों को इन विकास कार्यों के शिलान्यास की बधाई देते हुए कहा कि आज इन पांच वार्डों में



लगभग पौने 3 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है। इन विकास कार्यों के होने के बाद क्षेत्रवासियों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र के तहत सभी जगहों पर विकास कार्यों को तीव्रता से करवाने का काम किया गया है। आगे भी विकास कार्यों को और तीव्र गति से करवाने का काम किया जायेगा।

विधायक ने इस मौके पर यह भी कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में अम्बाला शहर

**शिलान्यास**

**8 नन्यौला ने पांच वार्डों के तहत पौने 3 करोड़ रुपए की लागत से किए जाने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया**

विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की निरंतर ब्यार बह रही है। हरियाणा की 90 विधानसभा क्षेत्रों में समान रूप से विकास कार्यों को करवाने का काम किया गया है। आज कोई भी क्षेत्र विकास कार्यों से अछूता नहीं है। विकास कार्यों के शिलान्यास के तहत विधायक असीम गोयल ने वार्ड नम्बर 3 के तहत 35.6 लाख रुपए की लागत से गलियों के निर्माण कार्यों का, वार्ड नम्बर 7 के तहत नाले का निर्माण कार्य, गलियों का निर्माण कार्य, बरसाती पानी की निकासी के लिए आसीसी पाईप लाईन बिछाए जाने के साथ-साथ गोबिंद विहार में तीन सडकों के निर्माण कार्य शिलान्यास किया गया। इस वार्ड में 99.8 लाख रुपए की लागत से यह विकास कार्य किए जायेंगे। इसी प्रकार वार्ड नम्बर 9 व 10 में 60 लाख रुपए की लागत से गलियों के निर्माण कार्य के साथ-साथ पाईप लाईन बिछाने बारे व अन्य कार्य शामिल हैं। इसी प्रकार वार्ड नम्बर 13 में भी गलियों के निर्माण कार्यों के साथ-साथ अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया।

इस मौके पर कार्यकारी अभियंता एल.सी. चौहान, पार्षद मनीष आनंद मन्नी, पूर्व मेयर रमेश मल, सुंदर ढींगरा, पार्षद यतिन बंसल, अमन सूद, रजनीश भल्ला, स्वर्ण सैनी, दिलबाग सिंह, केशव केसर, प्रीतम सिंह गिल, कमल गुलाटी, अरूण, संजीव जैन, सद्दाम हुसैन, लखबीर लक्खा, राजीव के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कुरुक्षेत्र में 778 स्कूलों के 55 हजार 222 बच्चों को मिल रहा है मिड-डे मील योजना का लाभ: शांतनु

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि कुरुक्षेत्र में 778 स्कूलों के 55222 विद्यार्थियों को केंद्र और राज्य सरकार की मिड-डे मील योजना का लाभ मिल रहा है। इस योजना के तहत पहली से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को स्कूल स्तर पर मध्याःहन भोजन उपलब्ध करवाया जाता है। इस जिले में 5 खंडों में भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। अहम पहलू यह है कि इन खंडों में इस्कॉन फूड रिलीफ फाउंडेशन द्वारा पक्का खाना उपलब्ध करवाया जाता है। इसके अलावा शाहबाद व बाबैन खंड में स्कूल स्तर पर ही खाना तैयार किया जाता है।

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने आज यहां बातचीत करते हुए कहा कि मिड-डे मील केंद्र और राज्य सरकार की योजना है। इस योजना के तहत पहली से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को स्कूल स्तर पर मध्याःहन भोजना उपलब्ध करवाया जाता है। इस जिले में थानेसर,



लाडवा, पिहोवा खंड में इस्कॉन फूड रीलिफ फांउडेशन द्वारा पक्का खाना उपलब्ध करवाया जाता है और शेष 2 खंडों शाहबाद व बाबैन में स्कूल स्तर पर ही खाना तैयार किया जाता है।

इस जिले में इस स्कीम के तहत कक्षा पहली से पांचवीं तक के 486 स्कूलों में 31998 बच्चों तथा छठी से आठवीं कक्षा तक के 292 स्कूलों में 23224 विद्यार्थियों को खाना उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मिड-डे मील योजना के तहत कार्यरत कुक-कम-हेल्पर को पीएफएमएस के माध्यम से अक्टूबर-2023 तक का वेतन उनके खातों में जारी किया जा चुका है। इसी प्रकार कुकिंग कोस्ट की राशि भी सभी स्कूलों के खातों में पीएफएमएस के माध्यम से अप्रैल 2023 से नवंबर 2023 तक की दी जा चुकी है। इस योजना के तहत ट्रांसपोटेशन के 15 लाख रुपए, प्रोफेशन सैलरी के 2.43 लाख, स्पेशल कंपोनेंट के तहत 79.50 लाख, नोर्मल कुकिंग कोस्ट के केंद्र और राज्य सरकार की तरफ से भेजे गए 485 लाख, एफसीआई के 26.54 लाख, कुकिंग वेजिज के 596 लाख व कुक यूनिफार्म के 5.81 लाख रुपए दिसंबर 2023 तक फंड प्राप्त हुए है। इस योजना का लाभ सीधे लाभार्थियों को मिल रहा है। इस योजना की वितरण प्रणाली को समय-समय पर संबंधित विभाग अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और आला प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जाता है। इसके अलावा मिड-डे मील योजना के तहत शिक्षा विभाग के अधिकारियों को समय-समय पर विशेष हिदायत भी दी जाती है।

# बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर हवन यज्ञ का किया आयोजन



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)**

झांसा रोड श्याम कालोनी स्थित महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विधालय के प्रांगण मे कक्षा बारहवीं व दसवीं की बोर्ड परीक्षाओं के मध्यनजर एक हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। बच्चों को आशीर्वाद देने के लिए विशेष रूप से भारत साधु समाज व विद्यालयध्यक्ष महंत वंशी पुरी जी महाराज विशेष रूप से यज्ञ में आहुति अर्पण करने पधारे।इस अवसर पर महंत वंशी पुरी जी महाराज द्वारा विधालय में नवनिर्मित प्राचार्य कक्ष का उदघाटन भी किया गया। महंत पुरी ने अपने संबोधन में बच्चों को कड़ा परिश्रम करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि वे निडर होकर परीक्षा दें। अवश्य सफल होंगे।

उन्होंने बच्चों को परीक्षा में उत्तीर्ण व भविष्य में सफल होने की शुभकामनाएं भी दी। विधालय प्रबंधक सुनील सचदेवा ने आपने आशीर्वचनो में कहा कि अपने आप पर विश्वास रखें। मां सरस्वती का आशीर्वाद लें। जीवन के हर मोड़ पर सफल होंगे। प्राचार्य भजन राठोर ने भी बच्चों को कड़ी चुनौतीयों को स्वीकार कर सदैव आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

पंडित दीपक शर्मा ने सभी महानुभावों से आहुतियां डलवा कर हवन यज्ञ संपन्न करवाया। इस अवसर पर श्री स्थानेश्वर महादेव मंदिर के प्रबंधक व महंत प्रभात पुरी सोशल वैलफेयर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष महंत लक्ष्मी नारायण पुरी जी महाराज, स्वामी नित्यानंद जी महाराज, स्वामी रंग नाथ पुरी जी, विधालय उप-प्रबंधक रमेश सचदेवा , उप-प्राचार्य मंजुला शर्मा, रीटा योगी, डा. संतोष शर्मा, रेखा धीमान, सरिता शर्मा, कुसुम शर्मा, ज्या वत्स, हैड टीचर सुशीला देवी,अनु पाहवा, अनिता वालिया, सुमन धीमान, तमन्ना धमीजा , मनप्रीत वर्मा, ज्योति रानी, मोनिका माटा, अनूप शर्मा, आलिषा अरोडा, चांदनी चड्ढा ,सीमा शर्मा, मधु शर्मा व महेंद्र सैनी आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# मुरलीधर डीएवी स्कूल में छोटे बच्चों की प्रतियोगिताएं आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया अम्बाला (मनीष कुमार)** मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल,अम्बाला शहर का यह सप्ताह गतिविधयों व प्रतियोगिताओं से परिपूर्ण रहा। बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास को ध्यान मे रखते हुए कक्षा नर्सरी से दूसरी तक दौड़ प्रतियोगिता व सामान्य ज्ञान, सामाजिक ज्ञान से जुडी (सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता) (जी के क्विज) का आयोजन करवाया गया। सभी बच्चे इन प्रतियोगिताओं को लेकर काफी उत्साहित नजर आये। सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रतियोगिता मे कक्षा नर्सरी से दूसरी तक प्रथम



स्थान पर आरव, अर्शप्रीत, नूर कौशिक, प्रागुन, पंकित, राधिका, हरकीरत, दिव्या, अद्विका, तनमीत, हरजस, कृष्णा, प्रांजुल रहे। विज्ञानं से जुडी गतिविधि के अंतर्गत बच्चो को साइंस एक्सपेरिमेंट करवाया गया। जिसमे कक्षा नर्सरी से यू के जी तक "यूजीज ऑफ सेंस ऑर्गन्स" विषय पर जानकारी दी गई। कक्षा पहली व दूसरी के बच्चो को एयर हैज वेट विषय पर जानकारी दी गई। कक्षा नर्सरी के बच्चो को सैल्फ ड्राइंग करवाई गई। जिसमे बच्चो ने स्वरचना से चित्र बना कर उनमे रंग भरे। कक्षा एल के जी व यू के जी के बच्चो का ऑब्जेक्ट टॉक गतिविधि करवाई गई। जिसमे बच्चो ने भिन्न भिन्न वस्तुओं पर जैसे फल, सब्जियां, खिलौने, विद्यालय जैसे विषयों पर पंक्तियाँ सुनाई व कक्षा पहली व दूसरी के बच्चो को शब्द लड़ी की गतिविधि करवाई गई। जिसमे बच्चो ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य व (अतिरिक्त क्षेत्रीय अधिकारी) जाने-डी हरियाणा, डॉ आर आर सूरी जी ने बच्चो की प्रतियोगिताओं व गतिविधियों के प्रति रूचि की जमकर सराहना की व उनके शारीरिक व मानसिक विकास के लिए इनकी महत्वता समझाई व बच्चो के ज्ञान व कौशल विकास के लिए भाग लेते रहने की प्रेरणा भी दी। यह सारा कार्यक्रम विद्यालय की कोऑर्डिनेटर अमिता अरोड़ा की अध्यक्षता मे संपन्न हुआ।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने युवक को कुचला, मौत

**सोनीपत: शहर** थाना क्षेत्र की कालुपुर चुंगी के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने युवक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां उसे शिनाख्त के लिए रखा गया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

जांच अधिकारी कृष्ण ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कालुपुर चुंगी के पास सड़क हादसे की सूचना मिली थी।

# सिख आईपीएस अधिकारी को खालिस्तानी बताने से सिख समुदाय में रोष

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**समालखा** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने पश्चिमी बंगाल में ड्यूटी कर रहे एक सिख आईपीएस अधिकारी को भाजपा नेताओं द्वारा खालिस्तानी बताने पर तीखी आलोचना की है। प्रैस को जारी विज्ञप्ति में सरदार जगतार सिंह बिल्ला ने देश में ऐसी सोच रखने वाले भाजपा नेताओं को यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि देश की आजादी ओर रखवाली के लिए सिखों ने ही सबसे ज्यादा कुर्बानियां दी है।

उन्होंने सिखों को बदनाम



करने की इस सोची समझी साज़िश बताते हुए इसे गंभीर नफरती अपराध बताया है। बिल्ला ने कहा कि इस बात से सिख समुदाय में भारी रोष है। उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से ऐसे नफरती ब्यान बाजी करने वाले नेताओं को पार्टी से बाहर निकालने की अपील की है।

# आओ परीक्षा की तैयारी कैसे करें : सोहन आर्य

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

सबसे पहले समय सारणी बनाकर अपनी दिनचर्या को नियमित करें। प्रत्येक विषय के लिए समय निश्चित। प्रत्येक विषय के लिए समय निश्चित करें, कुछ समय अपने मनोरंजक कार्यों के लिए भी जरूर निकले। आसान और रुचिकर विषय को सबसे पहले और मुश्किल विषय को उसके बाद का समय दें। मैथ और साइंस जैसे विषय के लिए वह समय रखें जब आपका मन थोड़ा फ्रेश हो या सुबह का समय या शाम का समय उपयुक्त रहेगा विषय के अनुसार सबसे पहले सरल प्रश्नों को तथा उसके पश्चात थोड़ा मुश्किल प्रश्नों को याद करना शुरू करें। याद किए जाने वाले प्रश्नों पर थोड़ा अधिक समय लगायें। याद किए गए प्रश्नों की रिवीजन की भी जरूरत होती है और मुश्किल प्रश्नों का लिखित में अभ्यास भी करें। विषय के सभी प्रश्नों को प्राथमिकता के आधार पर याद करें या इंपोर्टेंट क्वेश्चंस पहले याद करें। विषय के पाठों को ब्लूप्रिंट के अनुसार या अंक वितरण के अनुसार पढे। आपको प्रत्येक विषय की तैयारी अच्छी तरह से करनी है आसान लगने वाले विषय की तैयारी भी अच्छी प्रकार से करें ताकि अधिक अंक प्राप्त करने में दिक्कत ना आए । बड़े प्रश्नों को पॉइंट्स बनाकर लिख लें या पॉइंट्स बनाकर याद



**दिनचर्या**

**8 मैथ और साइंस के लिए वह समय रखें जब आपका मन थोड़ा फ्रेश हो या सुबह का समय या शाम का समय उपयुक्त होगा**

करें ।बोर्ड द्वारा दिए गए प्रैक्टिस पेपर जरूर हल करें और उनके अच्छे से लिखित में तैयारी और उनके अच्छे से लिखित में तैयारी करें आत्मविश्वास बनाए रखें कई बार विषय के प्रश्नों की अधिकता और समय की कमी की टेंशन बहुत हो जाती है ऐसी अवस्था में इंपोर्टेंट क्वेश्चन ही याद करें ,व्यस्त समय के अंदर समय निकालकर अपने दोस्तों से पार्टियों से विषय के प्रश्नों संबंधित विचार विमर्श जरूर करें इससे हमें आत्मबोध होता है कि कितना काम हो गया है या कितना अभी करना चाहिए।

# आसाराम की हालत गंभीर, इच्छा अनुसार इलाज की रखी मांग

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** जोधपुर कारागार में पिछले करीब 11 सालों से रखे गए 86 वर्षीय संत आसाराम जी बापू के स्वास्थ्य की स्थिति अब अत्यंत नाजुक हो रही है जेल जाने से पूर्व अति व्यस्त जीवन शैली के बावजूद बापूजी को सिर्फ ट्राइजेमिनल नायुरेलजिया व पीठ दर्द की तकलीफ थी लेकिन करीब 11 वर्षों से अधिक समय से वह लगातार कस्टडी के तनाव युक्त वातावरण से अब 86 वर्ष की इस अवस्था में को हृदय रोग पुरुष ग्रंथि की वृद्धि संधि बात एवं खून की कमी आदि नई बीमारियों ने भी घेर लिया है तनाव मुक्त वातावरण में इच्छा अनुसार इलाज



के अभाव से इन जानलेवा बीमारियों की निवृत्ति ना होने से उनके स्वस्थ है दिन प्रतिदिन बिगड़ता जा रहा है बापू आसाराम जी 13 जनवरी से 6 फरवरी 2024 तक जोधपुर के एम्स अस्पताल में आईसीयू में भर्ती रहे हैं एम्स की रिपोर्ट के अनुसार उनके हृदय में छह गंभीर ब्लॉकेज हैं उनका लगातार रक्त शराब हो रहा है जिसकी वजह से उनके हीमोग्लोबिन का स्तर लगातार गिरता जा रहा है उनकी गंभीर शारीरिक स्थिति को देखते हुए हाल ही में पैरोल की अर्जी लगाई गई थी जिसे उनके रोग की भयानकता को अनदेखा करके रद्द कर दिया गया जबकि यह बात उनके मौलिक अधिकारों के बिलकुल खिलाफ है एक मानव के नाते भी उन्हें पैरोल का अधिकार मिलना चाहिए था उन्होंने अपना सारा जीवन सामाजिक में लगा दिया फिर भी आज उनके स्वास्थ्य की इतनी गंभीर स्थिति में उन्हें सटीक इलाज के लिए किसी प्रकार की राहत नहीं मिली है घोटाले हत्या मनी लॉन्ड्रिंग आदि के आरोपियों दोषियों को जब राहत दी जाती है तो निर्दोष संत आसाराम जी बापू को उनकी इच्छा के अनुरूप उचित इलाज करने से क्यों वंचित रखा जा रहा है यह उनके मानवीय अधिकारों में संवैधानिक अधिकारों का हनन है।

# घर के अंदर घुसकर मां-बेटे से मारपीट कर किया घायल

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**कुंडली** थाना क्षेत्र के गांव बारोटा में घर के अंदर घुसकर मां-बेटे से मारपीट कर घायल कर जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। आरोप है कि हमलावरों ने गांव के दूसरे युवक से भी मारपीट की। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव बारोटा निवासी विक्की ने बताया कि गत 15 फरवरी को सुबह के समय अपने घर पर सोया हुआ था। उसी दौरान गांव का विक्रम, पवन, हरिश, व बिजेंद्र घर के अंदर घुस आए। उन्होंने आते ही उस पर हमला कर दिया। उसकी मांग पर लात घुस्सों से हमला कर घायल कर दिया। जाते समय जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उसके बाद गांव के राजा नाम के युवक से भी मारपीट कर घायल कर दिया। उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचे। जहां उपचार के बाद उसे छुट्टी मिल गई। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। जांच अधिकारी एसआई अशोक कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# गुरुओं के दिखाएं मार्ग पर चल कर समाज सेवा करे: स्वीटी रंगा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** स्वीटी रंगा और समाजसेवी मिहा सिंह रंगा संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर सुबह प्रभात फेरी में गांव कतलारी, चुढ़नी ,चनारथल, धनतोड़ी, और शाहाबाद में हाजरी लगा आशीर्वाद प्राप्त किया।

स्वीटी रंगा ने कहा कि गुरुओं के दिखाए मार्ग पर चल कर समाज सेवा करे। समाज सेवा से समाज के असमर्थ और असहाय लोगों की सहायता हो सके। ताकि उनको जीवन में किसी प्रकार की परेशानी न हो।मिहा सिंह रंगा ने कहा कि हम सब मिलकर शिक्षा के लिए अधिक से अधिक प्रयास करें। युवा साथी



संकल्प ले कि नशे जैसी बीमारी से दुर रह कर अनपना भविष्य बनाएं ।

# समालखा में 2 से 12 मार्च तक धूमधाम से मनाया जाएगा श्रीश्याम फाल्गुनोत्सव

## सामूहिक विवाह समारोह में 12 मार्च को श्रीश्याम बाबा सेवा मंडल करेगा निर्धन कन्याओं की शादी

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**श्री** श्याम बाबा सेवा मंडल समालखा द्वारा गत वर्षों की तरह श्री श्याम उत्सव इस बार 2 मार्च से 12 मार्च तक धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियां के लिए मंडल कार्यालय में पदाधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें नंदकिशोर सिंघल, अशोक जैन, मुकेश गोयल,पवन गुप्ता, नवीन बंसल, विपिन गोयल, अमित गर्ग, संदीप गुप्ता, राजेश गोयल, राकेश बंसल, प्रदीप बंसल व पवन सिंघल आदि श्याम भक्त मौजूद रहे।

बैठक के बाद मंडल पदाधिकारियों ने बताया कि श्रीश्याम उत्सव का शुभारंभ 2



मार्च को सौभाग्यशाली महिलाओं की क्लश यात्रा निकाल कर की जायेगी। शनिवार 2 मार्च को सुबह 9 बजे शहर की पुरानी गुड़ मंडी से महिलाओं की क्लश यात्रा का शुभारंभ होगा,जो मुख्य बाजार रेलवे रोड व जीटी रोड से होते हुए नई अनाज मंडी पर पहुंचेगी।इसी दिन शाम 6 बजे से अनाज मंडी में श्रीश्याम फाल्गुनोत्सव मनाया जाएगा जिसमें श्रीश्याम संकीर्तन में श्याम बाबा का गुणगान किया जाएगा।

मंडल पदाधिकारियों के मुताबिक श्रीश्याम उत्सव के तहत 3 से 9 मार्च तक अनाज मंडी में भव्य श्री मद्भागवत कथा का आयोजन होगा, जिसमें विश्व विख्यात भागवत रत्न व कथा मर्मज्ञ आचार्य गोस्वामी मृदुल कृष्ण महाराज अपनी ओजस्वी वाणी में श्याम भक्तो को कथा का रसपान कराएंगे। वहीं कथा के समापन पर 10 मार्च को सुबह 11 बजे से प्रभु इच्छा तक भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्री श्याम सेवा मंडल द्वारा 12 मार्च को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन भी करेगा जिसमें गणमान्य लोगों के सानिध्य में निर्धन कन्याओं का एक ही पंडाल में धार्मिक, सामाजिक व परम्पराओं के अनुरूप योग्य ब्राह्मणों द्वारा सम्पन्न कराया जाएगा। मंडल पदाधिकारियों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी श्याम भक्तो को सपरिवार व ईष्ट मित्रों सहित उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की है।

# दिल्ली कूच के लिए किसानों का संघर्ष लगातार जारी

**हंगामा**

8 दोनों ही जगहों पर किसान और पुलिस के बीच टकराव चल रहा है। खनौरी में हालात बिगड़ गए हैं





**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**पंजाब** के किसान शंभू और खनौरी बॉर्डर से दिल्ली जाने की कोशिश कर रहे हैं। दोनों ही जगहों पर किसान और पुलिस के बीच टकराव चल रहा है। खनौरी में हालात बिगड़ गए हैं। यहां कई राउंड आंसू गैस छोड़ी और रबर बुलेट्स भी दागी गईं। आंदोलन की अगुआई कर रहे किसान मजदूर मोर्चा को-ऑर्डिनेटर सरवण पंधेर ने कहा कि खनौरी बॉर्डर पर एक किसान की मौत हो गई है। किसान पंजाब के बठिंडा का रहने वाला था। उसके अलावा 12 अन्य किसान भी घायल हैं, इनमें से दो की हालत गंभीर है। उधर, टोहाना बॉर्डर पर तैनात एसआई विजय कुमार की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। किसानों को रोकने के लिए पुलिस कई बार ड्रोन से आंसू गैस छोड़ चुकी है। बचने के लिए किसानों ने स्पेशल मास्क, गीली बोरियां और चश्मे पहने। साउंड कैनन से निपटने के लिए किसान स्पेशल इयर बड्स लेकर आए हैं। इस बीच, केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने फिर से किसानों को बातचीत का न्योता भेजा। शंभू बॉर्डर पर किसान मीटिंग में केंद्र के प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं। थोड़ी देर में किसान प्रेस कॉन्फ्रेंस कर फैसले की जानकारी देंगे। इससे पहले 4 बार बैठकों का कोई नतीजा नहीं निकला है। किसान आंदोलन का आज 9वां दिन है। इस दौरान अलग-अलग वजहों से दो पुलिसकर्मियों समेत 4 की मौत हो चुकी है। पंजाब के किसानों के बाद हरियाणा के किसानों ने भी प्रदर्शन शुरू कर दिया है। खनौरी बॉर्डर पर जींद के दाता सिंह वाला और शंभू बॉर्डर पर अंबाला में हरियाणा के किसान जमा हो गए हैं और विरोध कर रहे हैं। यहां 20 किसानों को गिरफ्तार किया गया है। खनौरी बॉर्डर पर किसानों ने हरियाणा में घुसने की कोशिश की। पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। 15 से 20 राउंड गोले दागे जा चुके हैं। रबर बुलेट्स भी चलाई गईं। 50 से ज्यादा किसानों को चोटें आई हैं।

# 'राष्ट्र के सवार्गीण विकास के लिए उसकी मातृभाषा उस राष्ट्र का प्राण होती है'

**मातृभाषा**

8 मातृभाषा हमें राष्ट्रीयता से जोड़ती है और देश प्रेम की भावना उत्प्रेरित भी करती है: डा. श्रीप्रकाश मिश्र



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

मातृभाषा हमें राष्ट्रीयता से जोड़ती है और देश प्रेम की भावना उत्प्रेरित भी करती है। मातृभाषा ही किसी भी व्यक्ति के शब्द और संप्रेषण कौशल की उद्गम होती है। मातृभाषा व्यक्ति के संस्कारों की परिचायक है। किसी भी राष्ट्र के सवार्गीण विकास के लिए उसकी मातृभाषा उस राष्ट्र का प्राण होती है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित भाषा संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किये कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना से हुआ। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने विभिन्न विधा में हिंदी की कविताएं प्रस्तुत की। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा किसी भी समाज की स्थानीय मातृभाषा उस समाज के संस्कृति की परिचायक ही नहीं बल्कि आर्थिक संपन्नता का आधार भी होती है। मातृभाषा का नष्ट होना राष्ट्र की प्रासंगिकता का नष्ट होना होता है। मातृभाषा को जब अर्थव्यवस्था की दृष्टि से समझने की कोशिश करते हैं तो यह अधिक प्रासंगिक और समय सापेक्ष मालूम पड़ता है।

## न्यूज फ्लैश

### 10 वर्ष पहले बने आधार कार्ड में डॉक्युमेंट अपडेट करवाएं नागरिक: उपायुक्त

**पानीपत, कमाल हुसैन**

जिला में सभी नागरिकों को पिछले 10 वर्ष पहले बने आधार कार्ड में डॉक्युमेंट अपडेट करवाने होंगे। उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि नागरिक किसी भी प्रकार की परेशानी से बचने के लिए जल्द से जल्द अपने आधार कार्ड में दस्तावेज अपडेट करवा दें। उपायुक्त ने जिला वासियों से आह्वान करते हुए कहा कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधार कार्ड में आगामी 14 मार्च 2024 तक मुफ्त ऑनलाईन अपडेशन की सुविधा की है। यह सुविधा स्वयं ऑनलाईन आधार पोर्टल पर अपडेट करने पर ही मिलेगी जबकि किसी भी आधार केंद्र पर इस सेवा के लिए 50 रुपए की राशि देनी होगी। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन सेवा का लाभ अपने फोन में माई आधार ऐप के माध्यम से लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी नागरिक जिनके 10 साल पहले आधार कार्ड बने थे वे अवश्य अपने आधार कार्ड में दस्तावेज अपडेट करवा लें।

### भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री बने अतर सिंह प्रजापत

**पानीपत, कमाल हुसैन**



भाजपा ओबीसी मोर्चा का जिला महामंत्री बनाए जाने पर अतर सिंह प्रजापत ने पार्टी के शीर्ष नेंताओं का धन्यवाद किया है तथा संगठन को मजबूत बनाने का विश्वास दिलाया है। अतर सिंह प्रजापत ने कहा कि भाजपा ने उन्हें ओबीसी मोर्चा में जिला महामंत्री के पद की जिम्मेवारी सौंपी हैं। जिस पर खरा उतरते हुए वह पार्टी के संगठन को मतबूत करने व जनकल्याणकारी नीतियों को जनता तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोडेगें। वहीं अपनी नियुक्ति पर अतर सिंह ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, सांसद संजय भाटिया, विधायक पानीपत ग्रामीण महीपाल ढांडा, जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट व भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष गंगाराम स्वामी का आभार जताया है।

### शिक्षा मंत्रालय द्वारा डॉ सत्यपाल सिंह को कुलाधिपति नियुक्त करना अवैध एवं नियम विरुद्ध: राधाकृष्ण आर्य



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र( दलबीर मलिक)**आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा द्वारा संचालित सभी आर्यसमाजों एवं समाज के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा शिक्षा मंत्रालय द्वारा सारे नियमों को ताक पर रखते हुए गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय हरिद्वार के कुलाधिपति के रूप में डॉ सत्यपाल सिंह सांसद की नियुक्ति किए जाने पर रोष जताया। आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा प्रधान श्री राधाकृष्ण आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय हरिद्वार आर्य समाज की सर्वोच्च शिक्षण संस्था है। जिसकी स्थापना 1901 में महान स्वतंत्रता सेनानी स्वामी श्रद्धानंद द्वारा की गई थी। वर्तमान में इसकी स्वामिनी एवं स्पॉन्सरिंग समिति का दायित्व तीन आर्य प्रतिनिधि सभाएं जिसमें आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब, आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा एवं दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा संयुक्त रूप से निभा रही हैं। डॉ सत्यपाल सिंह ने 30 दिसंबर 2022 को कुलाधिपति पद से त्यागपत्र दे दिया था। जिसे स्पॉन्सरिंग समिति ने स्वीकार कर लिया था और उनके स्थान पर 3 मार्च 2023 को नए कुलाधिपति के रूप में सुदर्शन शर्मा की नियुक्ति कर दी थी। किंतु उस पश्चात. डॉ सत्यपाल सिंह ने अपने पद एवं प्रभाव का दुरुपयोग करते हुए शिक्षा मंत्रालय और यूजीसी के अधिकारियों से नियम विरुद्ध, अवैध व असंवैधानिक और अनैतिकता से खुद को कुलाधिपति के रूप में नियुक्त करने का कुकृत्य कर रहे थे। यूजीसी एवं शिक्षा मंत्रालय द्वारा गत 11 फरवरी को डॉ सत्यपाल सिंह को नियम विरुद्ध कुलाधिपति नियुक्त भी कर दिया गया है। जबकि सुदर्शन शर्मा पहले से ही कुलाधिपति के रूप में कार्य कर रहे हैं। ऐसा कैसे मुमकिन हो सकता है कि एक कुलाधिपति के रहते दूसरे कुलाधिपति को नियुक्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में आर्यजन डॉ सत्यपाल सिंह की अनैतिकता और असंवैधानिक रूप से पद हड़पने का पूर्ण विरोध करेंगे।

# किसान आंदोलन- इंटरनेट बंद होने से लोगों के कामकाज हुए ठप्प

**परेशानी**

8 किसान आंदोलन के कारण हरियाणा के 7 जिलों में मोबाइल इंटरनेट पूरी तरह से ठप है



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

पिछले 10 दिनों से अंबाला में बॉर्डर पर किसानों का जमावड़ा हुआ है। किसान आंदोलन के कारण हरियाणा के 7 जिलों में मोबाइल इंटरनेट पूरी तरह से ठप है। वहीं दूसरी तरफ इंटरनेट बंद होने से हर कारोबारी को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इंटरनेट बंद होने से अंबाला क्लॉथ मार्केट, साइंस इंडस्ट्री, मिक्सी उद्योग को रोजाना करोड़ों का नुकसान झेलना पड़ रहा है। कपड़ा मार्केट में सारा काम ट्रांसपोर्ट पर निर्भर करता है। लेकिन रोड बंद होने के कारण ट्रांसपोर्टर्स ने भी माल ले जाने से मना कर दिया है। वहीं जो ट्रांसपोर्टर्स माल लेकर जा रहे हैं वो पहले से ज्यादा दाम वसूल रहे हैं। रोड बंद होने के कारण बाजारों में से ग्राहक नजर नहीं आ रहे और रोजाना करोड़ों का नुकसान हो रहा है। इंटरनेट बंद होने का सीधा असर राशन वितरण प्रणाली पर भी पड़ रहा है।

कई दिनों से इंटरनेट बंद होने के संचालक राशन वितरण नहीं कर पा रहे है। संचालकों का कहना है कि उनके पास राशन भी पर्याप्त मात्रा में है, लेकिन इंटरनेट न होने के कारण मशीनें काम नहीं कर पा रही हैं। जिले भर के 300 से अधिक डिपो होल्डर्स में से सिर्फ पांच प्रतिशत ही अपने स्तर पर इंटरनेट का जुगाड़ कर पा रहे हैं। साइंस कारोबार की बात करें तो इस समय बिल्कुल भी कारोबार नहीं है। जो माल सप्लाई के लिए बनाया गया है वो फैक्टिरियों में पड़ा है। ट्रांसपोर्ट ठप होने से करोड़ों का नुकसान हो रहा है। वहीं इंटरनेट बंद होने के कारण बैंक से संबंधित कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। ओटीपी न आने के कारण ट्रांसजेक्शन रूकी हुई है।

# 'उज्जवल भविष्य के लिए खुलवाएं सुकन्या समृद्धि खाता'

**पानीपत, कमाल हुसैन**

डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि बालिका के उज्वल भविष्य के लिए अभिभावकों को सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाना चाहिए। सरकार ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत सुकन्या समृद्धि योजना योजना शुरू की हुई है। योजना के तहत बालिका का जिले के किसी भी डाकघर या बैंक में खाता खुलवाया जा सकता है। माता-पिता द्वारा इस खाते में जोड़ा गया पैसा बालिका को अपने जीवन में आगे बढने. में सहायता करेगा। डीसी ने बताया कि बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं अभियान को गति देने के लिए सरकार द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना को शुरू किया गया है। इस योजना के तहत खाता कम से कम 250 रुपये में खोला जा सकता है। एक वर्ष में अधिक से अधिक खाते में एक लाख 50 हजार रुपये जमा करवाए जा सकते हैं। सरकार द्वारा जमा राशि व परिपक्वता राशि पर इनकम टैक्स में छूट दी गई है।

डीसी ने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बेटी की आयु 18 वर्ष की होने के बाद जब भी शादी करें, खाता बंद करवा सकते है। विवाह से एक माह पहले या तीन महीने बाद तक खाता बंद करवाया जा सकता है।

# सोशल साइट चलाने पर मना किया तो छात्र संदिग्ध हालत में लापता

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**बहालगढ़** थाना क्षेत्र में टैब पर सोशल साइट चलाने पर मना किया तो छात्र संदिग्ध हालत में लापता हो गया। छात्र घर आने के बाद दीवार फांदकर फरार हो गया। छात्र के पिता ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस छात्र की तलाश के प्रयास कर रही है। गढ़ मिरकपुर निवासी सतबीर ने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी का काम करता है। उसका बेटा जिसकी आयु करीब 19 वर्ष है। वह सरकारी स्कूल में 12 वीं कक्षा में पढ़ता है। स्कूल की तरफ से उसे टैब दिया हुआ है। वह टैब पर सोशल साइट चलाता है। जिसको लेकर उसने कहा कि वह टैब को वापिस स्कूल में जमा करवायेगा। इस बात को लेकर गत 16 फरवरी को देर शाम करीब छह बजे बिना किसी से कुछ बताएं चला गया। करीब 4 घंटे बाद वापिस आया। उसे घर से जाने के बार पूछा तो कोई जवाब नहीं मिला। उसने सख्ती की तो दीवार फांदकर फरार हो गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी मंजीत सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द छात्र का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# सहमति बनी मांगों को लागू करवाने के लिए ग्रामीण सफाई कर्मचारी रहेंगे 22 को धरने पर

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**



ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने डीसी कार्यालय के सामने धरना स्थल पर धरना लगाया।

अध्यक्षता यूनियन प्रधान राजेश रसोई,संचालन राजेश टोकी ने किया। धरने पर सीटू वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ,आंगन वाडी वर्कर यूनियन प्रधान सोना देवी, उपस्थित रहे। यूनियन को खरखोदा ब्लॉक रोहतास,सचिव चांद, राई उपप्रधान राजेश सफियाबाद,कोषाध्यक्ष जसमेर, प्रवेश नंगल कला,सोनीपत ब्लॉक से राकेश मुडलाना से नरेश आदि ने संबोधित किया। प्रेस नोट जारी करते हुवे यूनियन नेताओं ने बताया की 29 नवंबर को पंचायत डायरेक्टर व एसिएश अनिल मालिक के साथ कुछ मांगों को लागू करवाने पर सहमति बनी थी जिसको लागू करवाने के लिए जनवरी माह तक का समय मांगा था, लेकिन आज तक लागू नहीं हुई। सरकार के प्रति रोष प्रकट करके हुवे नेताओ ने बताया जनवरी 2023 में बनी सहमति भी लागू नहीं की जा रही। जिसमे ओजारो का भत्ता सालाना 2000 रुपे वर्दी धुलाई भत्ता सालाना 1000 रुपे, मुख्यमंत्री द्वारा 1000 रु वेतन बढ़ोतरी अभी तक भुगतान नहीं की जा रहा।

# खेत से बिजली का ट्रासंफार्मर चोरी

**सोनीपत: मोहाना** थाना क्षेत्र में किसान के खेत से बिजली का ट्रांसफार्मर चोरी होने का मामला सामने आया है। किसान ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। भठगांव बिजली घर में तैनात जेई ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि विभाग की तरफ से मोहाना में पंप के पीछे जाजी साइट में किसान सतपाल के खेत में ट्रांसफार्मर लगाया हुआ है। किसी ने खेत में लगा 20 केवी का ट्रांसफार्मर चोरी हो गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बदलते रहे विधायक, नहीं ली किसी ने बाबैन बस स्टैंड की सुध

**आंसू बह रहा**

8 बाबैन में जो जनता के लिए बस स्टैंड बना हुआ है वह अभी तक भी बदहाली के कारण अपने आंसू बहा रहा



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/ बाबैन (दलबीर मलिक)**

समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने कहा कि लाडवा हल्के के प्रत्याशी पिछले तीन प्लेन से बाबैन की जनता से चुनावों के समय में वोट बटोरकर तो चले जाते हैं। परंतु किसी ने भी जनता का हाल तक नहीं पूछा, न तो जनता के बीच आए और न ही किसी का कोई काम करवाया। नेता संदीप गर्ग बुधवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लाडवा हल्के को अभी तक तीन विधायक मिले हैं। परंतु बाबैन ब्लॉक की आज तक अनदेखी होती आई है। उन्होंने कहा कि बाबैन में जो जनता के लिए बस स्टैंड बना हुआ है वह अभी तक भी बदहाली के कारण अपने आंसू बहा रहा है। जिसको देखने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि भगवान की जनता के साथ जब से लाडवा हल्का बना है तब से भेदभाव होता हुआ आ रहा है। उन्होंने कहा कि बाबैन के सरकारी बस स्टैंड की यदि हालात दिखाई जाए तो देखकर यह लगता है कि इस बस स्टैंड पर जब का यह बस स्टैंड बना है न तो कोई बस ही रूकी होगी और न ही कोई यात्री यहां पर बस के इंतजार में खड़ा हो सकता है। क्योंकि गंदगी का जो आलम इस बस स्टैंड पर बना हुआ है उसे देखकर कोई भी यहां रूकना पसंद नहीं करता और बाबैन के मुख्य मार्ग के सौंदर्यकरण को भी ग्रहण लग रहा है। उन्होंने कहा कि लाडवा हल्के के जितने भी प्रत्याशी विधानसभा चुनावों में अपने हक में वोट मांगने के लिए आते हैं तब बाबैन को प्रमुखता से देखा जाता है और बाबैन की जनता किसी न किसी प्रत्याशी को अपने भोलेपन में वोट देकर उसे विधानसभा भेजने में का काम तो कर देती है। परंतु उसके बाद वह विधायक बाबैन की जनता की कोई सूध लेने के लिए नहीं आता। उन्होंने कहा कि बाबैन में बने बस स्टैंड का आलम यह है कि उसके आसपास जो नाले बने हुए हैं वह गंदगी से लबालब भरे हुए हैं।

# उपभोक्ता मेरा बिल मेरा अधिकार योजना का उठाएं लाभ: उपायुक्त

**योजना**

8 जीएसटी - बिल पोर्टल पर अपलोड कर एक करोड़ रुपए का ईनाम जीत सकते हैं

**पानीपत, कमाल हुसैन**

उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की ओर से लागू की गई मेरा बिल-मेरा अधिकार योजना के तहत आमजन 200 रुपए या इससे अधिक का जीएसटी - बिल पोर्टल पर अपलोड कर एक करोड़ रुपए का इनाम जीत सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि योजना का उद्देश्य टैक्स चोरी को रोकना और आम लोगों को जीएसटी बिल लेने के लिए प्रोत्साहित करना है।

डीसी ने उपभोक्ताओं से आह्वान किया कि वे दुकानदार से खरीदे गए सामान का बिल अवश्य प्राप्त करें।डीसी ने व्यापारियों से भी आह्वान किया कि वे ग्राहकों को बिल अवश्य दें। उन्होंने बताया कि सरकार ने ग्राहकों को प्रोत्साहित करने और जीएसटी बिलों में बढ़ोतरी के लिए के लिए मेरा बिल मेरा अधिकार योजना लागू की है। इस योजना के तहत जीएसटी बिल अपलोड करने वाले न नागरिकों को जीतने पर एक करोड़ रुपए का इनाम दिया जाएगा।

# 'मैं हलके के जनता की सेवा करता रहूंगा'

**पानीपत कमाल हुसैन**



पानीपत ग्रामीण हलके के भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता भाई विजय जैन ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत फौजी कॉलोनी जाटल रोड गांव सोनपुर में प्रमिला लठवाल द्वारा आयोजित एक जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर बोलते हुए विजय जैन ने कहा है कि मेरा मकसद पानीपत ग्रामीण हल्के की राजनीति की दिशा और दशा बदलने का है मैं हलके के जनता की सेवा तन मन धन से करता रहूंगा उन्होंने कहा है, कि हल्के की बाहरी कॉलोनी में जो गरीब वह असहाय गरीब व मजदूर लोग बसे हैं मैं उनके दुख दर्द में हमेशा खड़ा मिलूंगा और उनकी सहायता करता रहूंगा। जैन ने कहा है कि गरीब वह मजदूर में ही भगवान का वास है मैं इन्हीं लोगों की सेवा करके अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहता हूं उन्होंने कहा है कि मैं भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी के सरकार बनेगी। जन कल्याणकारी योजनाएं जो की बाहरी कॉलोनी में चल रही हैं वह यथावर्त जारी रखेंगे यह सवासर पर बोलते हुए पानीपत ग्रामीण विकास मोर्चा के अध्यक्ष सतपाल राणा ने कहा है कि विजय जैन मैं समाज सेवा का जज्बा कूट-कूट कर भरा है जैन के मन में गरीब मजदूर वह सारे लोगों के लिए मन में तड़प रखते हैं ऐसे साफ सुथरी छवि वाले व्यक्ति का पानीपत ग्रामीण विधानसभा से चुनाव लड़ना हमारे लिए बड़े सौभाग्य की बात है।

# 'संस्कृत केवल एक भाषा नहीं है बल्कि भारतीय संस्कृति की प्राण वायु'

## श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में सात दिवसीय संस्कृत प्रभाषणम् कार्यशाला का हुआ शुभारंभ



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** आयुर्वेद विश्व की प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति है, जिसका सम्पूर्ण वांगमय संस्कृत भाषा में लिपिबद्ध किया गया है और संस्कृत केवल एक भाषा नहीं है बल्कि भारतीय संस्कृति की प्राण वायु है। इसलिए संस्कृत भाषा का ज्ञान आयुर्वेद को समझने में अहम भूमिका निभाता है। ये बातें श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने श्रीकृष्ण आयुष विवि के आयुर्वेद संहिता एवं सिद्धातं विभाग व बेंगलुरु की आयुर्वेद अकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय संस्कृत प्रभाषणम् कार्यशाला के उघाटन सत्र में प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कही। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. नरेश भार्गव, सह प्राध्यापक डॉ. कृष्ण कुमार और सहायक प्राध्यापक डॉ. लसिता मौजूद रही। कुलपति ने कहा कि आयुर्वेद की शिक्षण व्यवस्था में संस्कृत भाषा प्रमुख माध्यम है वहीं संस्कृत भाषा की लोकप्रियता का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि विश्व के प्रमुख देशों अमेरिका और यूरोप के विश्वविद्यालयों में भी संस्कृत का अध्ययन अध्यापन किया जा रहा है। नव आगंतुक चिकित्सकों में संस्कृत भाषा के ज्ञान से ही आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति ओर अधिक लाभदायक सिद्ध होगी, इसके साथ ही चिकित्सक भी मरीजों की मनोदशा को समझकर उचित उपचार कर सकेंगे। इस अवसर पर आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य डॉ. देवेंद्र खुराना ने कहा कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है। भारत की सांस्कृतिक पहचान अगर पूरी दूनियां में है तो उनमें से एक संस्कृत भाषा भी है। जिसे हम देव भाषा कहते हैं यह भाषा भगवान ब्रह्म द्वारा उतपन्न की गई है। वेदों की रचना इसी भाषा में की गई है क्योंकि यह शुद्धता का भी प्रमाण है अगर आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के गुढ़ रहस्यों को जानना है तो संस्कृत भाषा का ज्ञान होना विद्यार्थी के लिए बहुत जरूरी है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. कृष्ण कुमार ने बताया कि इस सात दिवसीय संस्कृत प्रभाषणम् कार्यशाला में 117 विद्यार्थियों ने भाग लिया है। इस कार्यशाला में बेंगलुरु के आयुर्वेद संस्थान के 12 संस्कृत भाषा के विशेषज्ञ आए हुए हैं जो प्रतिदिन विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक और क्रियात्मक विधियों द्वारा संस्कृत भाषा ज्ञान प्रदान करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कार्यशाला के प्रथम दिन विद्यार्थियों को संस्कृत का उच्चारण कैसे किया जाए इसकी जानकारी विशेषज्ञों द्वारा दी गई।

# पार्षद ने किया निगम स्कूलों में बच्चों को सैंडल का वितरण

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केशवपुरम जोन, दिल्ली नगर** निगम वार्ड संख्या-64 के निगम पार्षद योगेश वर्मा द्वारा वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित निगम स्कूलों में बच्चों को सैंडल का वितरण किया गया। इस अवसर पर योगेश वर्मा के अतिरिक्त मंडल अध्यक्ष अरविंद लाकड़ा, देवेन्द्र पासवान व कार्यकर्ता उपस्थित थे।
योगेश वर्मा ने बताया कि नगर निगम के स्कूलों में गरीब परिवार के बच्चे अधिक संख्या में पढ़ते हैं जिन्हें निगम द्वारा समय-समय पर वर्दी, किताबें व जूते उपलब्ध कराये जाते हैं। बच्चे जब स्कूल से पढ़कर घर जाते हैं तो उनके पास





घर में पहनने के लिए सैंडल/चप्पल नहीं होते जिस कारण वे नंगे पैर चलने को मजबूर होते हैं और इस कारण वे तरह-तरह की बीमारियों के चपेट में आते हैं। उन्होंने आगे कहा कि निगम के केशवपुरम जोन के अंतर्गत निगम स्कूलों में 7000 बच्चे पढ़ते हैं और आने वाले दिनों में प्रतिदिन विभिन्न स्कूलों में बच्चों को सैडल का वितरण किया जायेगा।
जिससे बच्चों का पढ़ाई के प्रति रूझान बढ़ेगा और वे पढ़-लिखकर देश के अच्छे नागरिक बन सकेंगें। वर्मा ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का कहना है कि हम कोई भी हित का कार्य करें तो उसका लाभ समाज के अंतिम वर्ग तक अवश्य पहुंचना चाहिए।
इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और अपने-अपने विचार रखें।

# धूमधाम से मनाया गया राजन ढ़िंगरा का जन्मदिन

## मॉडल टाउन के भाजपा नेता सुभाष असडी ने दी राजन ढ़िंगरा को जन्मदिन की बधाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**लोकतंत्र सेनानी** संघ के अध्यक्ष राजन ढ़िगरा का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। आपको बतादें कि सुबह से ही राजन ढ़िंगरा को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर भाजपा नेता हरीश असडी ने श्री ढ़िंगरा को जन्मदिन की बधाई दी और उनकी दीघार्यु की कामना की। उन्होंने कहा कि राजन ढ़िंगरा बड़े ही अच्छे व्यक्ति है और सभी के सुख-दुख में साथ रहते है, यही कारण है कि इनके निवास पर सुबह से ही बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। मैं उनको तहेदिल से जन्मदिन की बधाई देता हूं।
इस मौके पर भाजपा वरिष्ठ नेता



सत्यनारायण जटिया, भाजपा नेता हरीश असडी, पूर्व विधायक ओपी बब्बर, पूर्व महापौर सुभाष आर्य सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।
इस अवसर पर राजन ढ़िंगरा ने कहा कि जिन लोगों ने मुझे जन्मदिन की बधाई दी है, मैं उनका तहेदिल से धन्यवाद करता हूं।

# नरेला विधानसभा: दर्शना रोहिल्ला ने 40 साल नि:स्वार्थ भाव से समाज की सेवा की: राजव्रत आर्य

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वैसे** तो नरेला क्षेत्र में जनहित में कार्यरत के अनेकों जुझारू सामाजिक कार्यकर्ता तैयार हुए है, किंतु समय बदलते-बदलते उनमें से ज्यादातर या तो थककर घर बैठ गए और बाकि सत्तारूढ पार्टियों में समाहित होकर फ्लैक्सी बैनरों पर लटके रहे। उनमें से कुछ कार्यकर्ता मरते दम तक भी निःस्वार्थ सामाजिक सेवा में जुटे रहे। इनमें एक नाम पिछड़े वर्ग से संबंधित, स्वतंत्र नगर निवासी दर्शन रोहिल्ला का आता है। जिन्होंने अपने परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर होते हुए भी लगभग 40 साल निःस्वार्थ समाज सेवा की। क्योंकि इनके पति नेत्रपाल सिलाई



का काम करते हुए समाज सेवक रहे। उक्त जानकारी नागरिक अधिकार आंदोलन के अध्यक्ष राजव्रत आर्य ने दी। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र के सभी राजनीतिक तथा सामाजिक संगठन दर्शना को सामाजिक समस्याओं पर आधारित बैठको में आमंत्रित करने में हिचकते नहीं थे। बड़े से बड़े अधिकारियों तथा राजनीतिक नेताओं से विशेष कर महिला वर्ग के हितों को बेबाकी से रखना इनकी आदतों में शुमार था। स्कूलों में अभिभावक शिक्षक संघ की जागरूक पदाधिकारी रहकर छात्राओ के हितों से जुड़ी बेसिक सुविधाएं हेतु अनेक कार्य शुरू करवाना। उनके सामाजिक कार्यों में राशनिंग, पुलिसिंग, एमसीडी, बिजली पानी से संबंधित कार्य, महिला जागरूकता संबंधी वर्कशॉप कराना आदि अनेक कार्यों में जुड़े रहना इनका जीवन का हिस्सा था। यह व्यवहारिक ज्ञान ज्यादा रखती थी। पिछले दिनों चौसठ वर्षीय इस जुझारू महिला दर्शना रोहिल्ला कि 15 जनवरी को आकस्मिक निधन हो जाने से निसंदेह सामाजिक जागरूकता की महत्त्वपूर्ण कड़ी टूट गई। कई साल पूर्व इनकी टूटे हुए कूल्हे का आपरेशन ठीक न होने से बीमार होकर ठीक से चलने में असमर्थ थी। फिर भी हर पार्टी के नेता इनसे जुड़ाव रखते थे। नागरिक अधिकार आंदोलन के अध्यक्ष राजव्रत आर्य ने अपनी विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए इस क्षेत्र के सामाजिक व नागरिक संगठनों से इनके निःस्वार्थ समाजसेवी जीवन से प्रेरणा लेकर लगातार इस कड़ी को मजबूत करने की अपील करता है।

# राजा गार्डन: शिवाजी कॉलेज में शिवाजी जयंती पर विशेष आयोजन हुआ संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** के अप्रतिम योद्धा, संगठक, आत्म गौरव का भाव भरने वाले शिवाजी महाराज द्वारा हिंदवी स्वराज्य की स्थापना के 350वें वर्ष के तत्वावधान में शिवाजी कॉलेज में बड़ी धूमधाम से शिवाजी जयंती के मनाई गई। यह आयोजन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. वीरेंद्र भारद्वाज के मानस से प्रेरित, पोषित और निर्देशित रहा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह आमंत्रित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाराष्ट्र सरकार में पूर्व शिक्षा मंत्री विनोद एस. तावडे, कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रो. राकेश कुमार तथा कोषाध्यक्ष प्रो. रमेश कुमार







मौजूद थे। सर्वप्रथम आमंत्रित गणमान्य लोगों ने शिवाजी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। तत्पश्चात कॉलेज के वर्तमान पुस्तकालय का नया नाम 'भूषण ग्रंथालय' और छत्रपति शिवाजी महाराज को समर्पित पुस्तकालय के नए खंड का उद्घाटन भी किया गया। गणमान्य अतिथियों ने कॉलेज में नवनिर्मित जीजाबाई अकादमिक ब्लॉक का भी लोकार्पण किया। शिवाजी जयंती तथा 'शिवराज 350' थीम पर आयोजित औपचारिक कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ म्यूजिक सोसायटी 'रिवरब' द्वारा गाए गए गीत 'श्री गणेश देवा' के साथ हुई। कार्यक्रम के प्रारंभ में कॉलेज के प्राचार्य प्रो. वीरेंद्र भारद्वाज ने अतिथियों का स्वागत भाषण किया तथा शिवाजी के जीवन के कुछ प्रेरक प्रसंगों को रखा। उन्होंने कहा कि हिन्दवी साम्राज्य ने 'स्व' की चेतना का जागरण किया, जिससे भारत के जनमानस में स्वाभिमान का भाव जागा। विशिष्ट अतिथि विनोद श्रीधर तावड़े ने कॉलेज के सभी लोगों को शिवाजी जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिवाजी एक आदर्श चरित्र हैं, जिनसे आज सभी को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। शिवाजी केवल महाराष्ट्र के नहीं पूरे भारत के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। शिवाजी ने शौर्य, वीरता, पराक्रम और रणनीति से लगातार अपने शत्रुओं विशेषकर तत्कालीन आततायी शासक मुगलों और उनके सरदारों को हराया। शिवाजी के शासनकाल की अन्य विशेषताओं जैसे में गांव आधारित खेती, आत्मनिर्भर गांव की संकल्पना, स्थानीय उद्योग को बढ़ावा, नौसेना का निर्माण आदि पर भी बात रखीं। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने भी कार्यक्रम आयोजन की अतिशय प्रशंसा की तथा शिवाजी महाराज के जीवन दर्शन तथा कृतित्व को आत्मसात करने के लिए विशेष रूप से विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यहाँ आकर मैंने देखा कि शिवाजी कॉलेज क्लासरूम के बाहर भी शिक्षा देने का कार्य कर रहा है। सांस्कृतिक समिति के छात्रों ने विभिन्न कला रूपों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए शिवाजी महाराज के जीवन, व्यक्तित्व एवं कृतित्व को जीवंत एवं मनमोहक रूप में मंच पर प्रस्तुत किया।

# नरेला: श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में जमकर झूमे श्रद्धालु







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला विधानसभा** के मेट्रो विहार फेस-वन में श्री खाटू श्याम सालासर बालाजी बस यात्रा ग्रुप की ओर से द्वितीय श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया।
श्री खाटू श्याम भगवान के भव्य संकीर्तन महोत्सव में हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर श्री श्याम बाबा के समक्ष माथा टेका और मन्नते मांगी। महोत्सव में भजन गायक संजीव शर्मा, अमोल शुभम पाराशर, साक्षी अग्रवाल, साक्षी चोपड़ा ने श्याम प्रभु खाटू वाले के भजनों की एक से बढ़कर एक सुंदर प्रस्तुति देकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। संकीर्तन पश्चात आयोजित महाभंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया।
बाहरी दिल्ली के नरेला विधानसभा अंतर्गत होलंबी कला के मेट्रो विहार फेस वन में शनिवार को श्री खाटू श्याम सालासर बालाजी बस यात्रा ग्रुप द्वारा द्वितीय श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाबा श्याम





का भव्य एवं अलौकिक दरबार सजाया गया। श्रृंगारित दरबार के समक्ष अखंड ज्योति प्रज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया गया। महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं के चेहरे पर भक्ति का गजब उत्साह देखते ही बन रहा था।
श्री श्याम महोत्सव में दूर दराज के राज्यों से आए भजन गायको संजीव शर्मा, साक्षी अग्रवाल, अमोल शुभम पाराशर, हेमंत भारद्वाज, साक्षी चोपड़ा ने बाबा के भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। शाम 5 बजे शुरू हुए शाम महोत्सव में श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। इस दौरान श्याम बाबा की जय, खाटू वाले की जय, हारे के सहारे की जय, तीन बाण धारी की जय के जयकारों से पूरा पांडाल गूंज उठा।
श्याम संकीर्तन में श्याम रसोई, अलौकिक श्रृंगार, भव्य दरबार, अखंड ज्योति, छप्पन भोग आकर्षण का केंद्र रहे। देर रात तक चले महोत्सव का समापन महाआरती के साथ हुआ। इसके पश्चात विशाल भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्याम संकीर्तन महोत्सव में खाटू श्याम सालासर बालाजी बस यात्रा ग्रुप से प्रधान धीरज अग्रवाल, अध्यक्ष विवेक अग्रवाल, वाईस चेयरमैन गौरव शुक्ला, उपप्रधान मोनु, कैशियर कृष्ण कुमार मिश्रा, सह कैशियर जसवीर अग्रवाल, सचिव राहुल ठाकुर, सचिव विशाल दास, सचिव विकास बंसल, सचिव सुमित गुप्ता, रामदत्त गोयल, रमेश चंद्र शुक्ला, महेश चंद्र गुप्ता, सुमित गोयल, अमित गोयल, पंकज गर्ग, अमन गोयल, राजेश तिवारी, हनुमान प्रसाद, गुलाब सिंह, बाबा यादव, विजय सोनी, टिंकू गुप्ता, राजू वर्मा, पूरन, लोकेश, अश्वनी पांचाल, प्रवीण कौशिक, रोहित कुमार, सचिन शर्मा, नीरज बंसल, करण, संतोष राय, हेमंत, नीरज, प्रवेश शर्मा, अरुण यादव, सूरजपाल, अच्छे लाल, प्रदीप, मोहित तिवारी, मोहित त्यागी, भोलू सैनी, अशोक कुमार सैनी, कौशल, शिवजी, राजेंद्र सांवरिया, सुनील, ऋषि, मनोज कुमार, मनोज, राजकुमार, रजत अग्रवाल, गुड्डू कुमार सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# केजरीवाल सरकार में दिल्ली में हर क्षेत्र में हुआ विकास: पप्पू छिलवाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केजरीवाल सरकार** ने कभी भी बातों की राजनीति नहीं की है बल्कि केजरीवाल सरकार काम करने में यकीन रखती है और जनहित में काम ही करती है। केजरीवाल सरकार ने शिक्षा,स्वास्थ्य, बिजली पानी के क्षेत्र में कई काम किए हैं। उक्त बातें नांगलोई विधानसभा क्षेत्र स्थित वार्ड-45 गुरूहरिकिशन नगर में रहने वाले आम आदमी पार्टी के नेता पप्पू छिलवाल ने कही। वहीं छिलवाल ने यह भी कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में तो क्रांतिकारी बदलाव हुआ है। उन्होनें अभी तक के केजरीवाल के कार्यकाल में दिल्ली हर मामले में आगे बढ़ी है, लेकिन दिल्ली सरकार का लक्ष्य इसे दुनिया की सबसे बेहतरीन राजधानी बनाने का है। पप्पू छिलवाल ने बताया कि दिल्ली सरकार जनहित में



कल्याणकारी नीतियां बनाने में जुटी हुई है, इसके साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी के क्षेत्र में कई काम किए हैं। इसमें शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव हुआ है।
**हर क्षेत्र में दिल्ली का हुआ विकासः** उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी के क्षेत्र में कई काम किए हैं। इसमें शिक्षा के क्षेत्र में तो इस बीच क्रांतिकारी बदलाव हुआ है। हर क्षेत्र में मजबूत हुई है दिल्ली।
**सरकारी अस्पतालों में मुफ्त मिल रहा दिल्लीवालों को पूरा इलाजः** छिलवाल ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में इलाज व बाहर के प्राईवेटों अस्पताल में लाखों रूपये में होने वाला आपरेशन भी मुफ्त किया जाता है। मोहल्ला क्लीनिक में कई तरह की मुफ्त दवाइयां और कई प्रकार के लैब में मुफ्त टेस्ट उपलब्ध हैं। वहीं उन्होनें यह भी कहा कि दिल्ली सरकार फरिश्ते दिल्ली के योजना के तहत सड़क दुर्घटना के पीड़ितों के इलाज का सारा खर्च उठा रही है। इसके अतिरिक्त अनधिकृत कालोनियों को पाइपलाइन से जोड़ दिया गया है और शेष में काम चल रहा है। कई अनधिकृत कालोनियों में सीवर और पानी की पाइपलाइन बिछाई है।

# नई मुस्कान आयोजित करेगी प्रतियोगिता

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नई** मुस्कान संस्था द्वारा पश्चिम विहार में 2100 बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। नई मुस्कान संस्था द्वारा क्रिकेट टूनार्मेंट, बच्चों को निःशुल्क पाठ्य सामग्री, कीर्तन व गौसेवा जैसे सेवाकार्य किए जा रहे है। इस चित्रकला प्रतियोगिता में महिला मंडल पंजाबी बाग की अध्यक्षा मीना गुप्ता व एफ 16 फ्रेंड्स एंड फैमिली ग्रुप के प्रमुख डॉ. दीपक सिंघल तथा गुड मार्निंग क्लब पश्चिम विहार के प्रमुख राजकुमार गर्ग मुख्य रूप से सहभागी होंगे।
संस्था के प्रधान डॉ. रामगोपाल गोयल ने बताया की संस्था द्वारा पिछले 10 वर्षों से बच्चों के लिए खेलकूद, चित्रकला प्रतियोगिता, डराइटिंग डांस कंपटीशन व निर्धन बच्चों को कॉपी किताबें निःशुल्क दी जाती हैं। डॉ. दीपक सिंघल का कहना है कि संस्था मिलकर समाजहित में कार्य करेंगे। राजकुमार गर्ग का कहना है कि आगामी 22 मार्च को अग्रसेन भवन पश्चिम विहार में श्री श्याम सखा परिवार द्वारा बाबा श्याम का कीर्तन भी आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संस्था के वाइस चेयरमैन जी.एन. गुप्ता, राजकुमार गोयल, वासुदेव गोयल, उपप्रधान आशीष खंडेलवाल, संजय अग्रवाल आदि का विशेष सहयोग रहेगा। पश्चिम विहार रामलीला कमेटी, ग्लोबल कामधेनू फाउंडेशन ट्रस्ट आदि भी सहयोगी के रूप में साथ रहेंगे।

# आधार केन्द्र की संख्या कम होने से छोटे बच्चों के साथ झेलनी पड़ती है परेशानी, खुलवाया जाए दूसरा केन्द्र

आधार केन्द

8 - 6 में से चल रहे है गन्नौर में तीन ही आधार केन्द्र, लोगों ने की संख्या बढ़ाने की मांग



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
केंद्र सरकार की तरफ से शुरू किया गया वन कार्ड वन नेशन और राशन में नाम जुड़वाने के लिए आधार कार्ड जरूरी है, जिसको लेकर आधार कार्ड बनवाने वालों व आधार कार्ड अपडेट करवाने लोगों की आधार केन्द्रों पर भीड़ उमड़ रही है। भीड़ इतनी हो रही है कि सुबह 9 बजे ही छोटे बच्चों बुजुर्गों के साथ लोग लोग पहुंच जाते हैं और फिर भी आधार कार्ड नहीं बन पा रहे हैं। आधार केन्द्र के आप्रेटर की माने तो उनका कहना कि इसका कारण है कि पहले शहर में 6 आधार कार्ड सैंटर हो गए थे लेकिन अब धीरे- धीरे बंद होकर उनकी संख्या मात्र 3 ही रह गई है। जिस कारण आधार केन्द्रों पर कई बार भीड़ हो जाती है। कई बार तो अपनी बारी का इंतजार करके आधार न बनने की वजह से उन्हें वापिस लौटना पड़ता है। बीडीपीओ कार्यालय में आधार केन्द्र पर आधार कार्ड अपडेट करवाने आए सचिन ने बताया कि वे तीन बजे आधार कार्ड अपडेट करवाने के लिए आए थे। अब 5 बजकर 30 मिनट हो गई है। अब तक नम्बर नही आया है। वे अपनी बारी का इंतजार कर रहे है। इसी केन्द्र पर आए हरिनगर के सुरेन्द्र ने बताया कि वे दो चक्कर काट चुके है लेकिन इतनी ही भीड़ मिलती है। इसलिए बीडीपीओं कार्यालय में एक और आधार केन्द्र खुलवाया जाए। उनका कहना कि यह केन्द्र शहर के मुख्य रोड पर है और यहां केन्द्र खुलने के लिए बैठने की भी जगह है। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड बिना अपडेट की वजह से आती है आनलाईन काम में दिक्कत आती है। जिस कारण अधिकत्तर लोग आधार अपडेट के काम में लगे है।

6 में से 3 ही चल रहे आधार अपडेट सैंटर

- आधार कार्ड सैंटर के संचालक ने नाम न छापने पर बताया कि सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र, मिनी सचिवालय, नगरपालिका में दो- दो आधार केन्द्र चलते थे। अब सीएची, नगरपालिका व मिनी सचिवालय में एक- एक केन्द्र बंद पड़ा है। शहरवासी सुखबीर, रणबीर आदि शहरवासियों ने सरकार से मांग की है कि बीडीपीओं कार्यालय में आधार कार्ड केन्द्र की संख्या बढ़ाई जाए।

आधार कार्ड केन्द्रों की संख्या बढवाई जाएगी : एसडीएम

- एसडीएम निर्मल नागर ने बताया कि आधार कार्ड केन्द्र पर आने वाले लोगों की परेशानी की समस्या को लेकर अगर कोई दिक्कत है तो आधार कार्ड केन्द्र की संख्या बढवाई जाएगी और बीडीपीओं कार्यालय में दूसरा और आधार कार्ड केन्द्र चालू करने के लिए कार्रवाई की जाएगी।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन

जानकारी

8 लोक अदालतों की कार्यप्रणाली और सामाजिक न्याय और मतदान अधिकार के बारे में जानकारी दी।



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में बुधवार को कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान एडवोकेट विकास सैनी ने छात्रों को डीएलएसए, लोक अदालतों की कार्यप्रणाली और सामाजिक न्याय और मतदान अधिकार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को बताया कि नागरिकों के कई वर्ग, जैसे बच्चे, एससी, एसटी, जघन्य अपराधों की पीड़ित महिलाएं और दंगों के पीड़ित आदि डीएलएसए द्वारा मुफ्त कानूनी सहायता का दावा करने के हकदार हैं।उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि 20 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय सामाजिक न्याय दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक समाज की संरचना को मजबूत करने के लिए सामाजिक न्याय आवश्यक है। मतदान के अधिकार के महत्व के संबंध में उन्होंने बताया कि मतदान का अधिकार भारतीय संविधान में निहित है और प्रत्येक नागरिक, चाहे वह किसी भी धर्म, जाति या लिंग का हो, समान मतदान अधिकार का हकदार है।

## संक्षिप्त खबरें

### करनाल वासियों को मिलेगी प्राचीन भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति की सौगात

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।**
प्राकृतिक चिकित्सा के इच्छुक मरीजों को करनाल में एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। करनाल जिले का पहला प्राकृतिक चिकित्सा का वैलनेस सेंटर इंद्री रोड स्थित श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर के प्रांगण में खुलने जा रहा है।

25 फरवरी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह कृष्ण गोपालए केंद्रीय आयुष मंत्री सवार्नंद सोनोवाल, इंद्रेश कुमार सहित देश भर के गणमान्य सन्तों और अतिथियों की मौजूदगी में इसे जनता को समर्पित किया जाएगा। बुधवार को स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने भारत संत गौरव श्री पीयूष मुनि जी महाराज के सानिध्य में श्री आत्म मनोहर जैन वैलनेस सेंटर एवं अस्पताल का जायजा लिया।

श्री पीयूष मुनि जी महाराज ने बताया कि 25 फरवरी को श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर का 13वां वार्षिक उत्सव मनाया जा रहा है। इस दिन संस्थान में प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के पहले वेलनेस सेंटर का शुभारंभ किया जाएगा। यह करनाल जिले का पहला ऐसा केंद्र होगा, जहां प्राचीन भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से उपचार दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि यह एक आवासीय केंद्र होगा जहां मरीज कुछ दिन रहकर अपना उपचार करवा सकेंगे। शुरूआत में यहां 20 से 25 लोगों के रहने की व्यवस्था होगी, जिसे बाद में आवश्यकता अनुसार बढ़ाया जा सकेगा। तीन मंजिला इस भवन में दो फ्लोर पर रहने की व्यवस्था होगी, जबकि एक में इलाज किया जाएगा।

पीयूष मुनि ने बताया कि पिछले वर्ष यहां श्री आत्म मनोहर जैन चैरिटेबल अस्पताल का शुभारंभ किया गया था, जिसे 1 वर्ष पूर्ण होने जा रहा है। इस अस्पताल में सभी तरह की आधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिसमें अत्याधुनिक डेंटल ट्रीटमेंट, ऑर्थो, एमडी मेडिसिन, आई सर्जरी व जनरल सर्जरी सहित अन्य चिकित्सा शामिल है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा यहां न्यूनतम कीमत में विभिन्न तरह की शारीरिक जांच के लिए उच्च स्तरीय प्रयोगशाला भी चलाई जा रही है। जल्द ही यहां पर अल्ट्रासाउंड व डायलिसिस मशीन की सुविधा भी मरीजों के लिए उपलब्ध हो जाएगी। डायलिसिस के लिए जर्मन से दो मशीनों का ऑर्डर दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि मार्च के प्रथम सप्ताह में अस्पताल आयुष्मान के पैनल पर भी आने की संभावना हैए जहां मरीजों का निशुल्क इलाज किया जाएगा।

### कश्मीर की बौद्धिक सम्पदा बहुत महान-डॉ. राज नेहरू

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** कश्मीर के पख्तून समुदाय के 60 विद्यार्थी बुधवार को श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का अवलोकन करने पहुंचे। कौशल विकास यात्रा के अंतर्गत दुधौला स्थित विश्वविद्यालय परिसर पहुंचे इन विद्यार्थियों का कुलपति डॉ. राज नेहरू ने भावभीना स्वागत किया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर कश्मीरी विद्यार्थियों के साथ कश्मीरी भाषा में संवाद कायम किया तो विद्यार्थी काफी भावुक नजर आए। इंडियन मीडिया सेंटर और मीडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में पहुंची इस यात्रा का विश्वविद्यालय परिसर में भव्य स्वागत हुआ। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने उनके सामने हरियाणवी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर मनोरंजन किया। कश्मीरी विद्यार्थियों ने श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में पढ़ रहे विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों के साथ समन्वय भी स्थापित किया। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कश्मीर से आए इन विद्यार्थियों को श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में कौशल पर आधारित प्रोग्राम के साथ जुड़कर सक्षम बनने का आह्वान किया। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने इस अवसर पर कहा कि कश्मीर की बौद्धिक संपदा बहुत महान है। प्राचीन काल में कश्मीर की शारदा पीठ ने पूरी दुनिया को ज्ञान दिया। उन्होंने कहा कि व्याकरण के प्रणेता महर्षि पाणिनि, आरोग्य के महान विद्वान महर्षि चरक और सर्जरी के क्षेत्र में आदिकाल में विख्यात सुश्रुत कश्मीर में ही हुए हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीर का जेनेटिक बहुत रचनात्मक है। कश्मीर आविष्कार की धरती है नवाचार की धरती है। उन्होंने इस मौके पर मीडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में चलने वाले यूपीएससी के निशुल्क कोचिंग सेंटर की लांचिंग भी की और महा सचिव नरेंद्र सिंह को बधाई दी।

### 9.20 ग्राम स्मैक सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी अपराध हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधी गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धर पकड़ के दिए गए दिशा कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा बॉर्डर प्रभारी जितेंद्र की टीम ने नशा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी बिजेंद्र कुमार उर्फ प्रीतम गांव ठाठा जिला खगरिया बिहार का, हाल में प्रियदर्शनी कॉलोनी सदर बाजार दिल्ली का रहने वाला है और सदर बाजार में दुकान लगाता है।

# सौन्दर्यकरण के लिए लगाए उखड़े पत्थर बिगाड़ रहे है सौन्दर्यकरण

का

8 कई महीने से टूटे पड़े पत्थरों की नगरपालिका के जिम्मेदार अधिकारियों ने मरम्मत नहीं कराई है।





**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
रेलवे रोड पर लाखों रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण के लिए लगाए गए आकर्षक पत्थर टूटकर अब शहर के सौन्दर्यकरण को बनाने की बजाय बिगाड़ रहे है। इससे नगरपालिका को भी नुकसान हुआ है। कई महीने से टूटे पड़े पत्थरों की नगरपालिका के जिम्मेदार अधिकारियों ने मरम्मत नहीं कराई है। टूटे पत्थर के कारण रेलवे स्टेशन की सुंदरता प्रभावित होती है। रेलवे रोड शहर का मुख्य रोड है। इस रोड से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते है। लोगों का आना जाना रहता है। टूटे पत्थर देखकर शहर के लोगों को बुरा लगता है।

वहीं इसी मामले में शहरवासी अनिल मलिक, कर्मबीर, सतपाल ने बताया कि शुरूआत से ही पत्थरों को लगाने में अनियमिता बरती गई है। शुरू से ही ये पत्थर उखड़ रहे है। बताया गया है कि नगरपालिका ने ठीक कराने के लिए ठेकेदार को नोटिस भी दिया है लेकिन ठेकेदार की मनमानी के कारण ये पत्थर नही लग पाए है।

ऊपर से उखड़े पत्थरों को बताया वाहनों की टक्कर से पत्थरों का उखड़ना-पत्थर उखड़ने के मामले में जब भी बात की जाती है तो वाहन चालकों को जिम्मेदार ठहरा दिया जाता है। जब कि वे पत्थर ऊपर से उखड़ गए है। वहीं शहर के लोग घटिया निर्माण सामग्री व ठीक ढंग से न लगाए जाने के लिए जिम्मेदार मान रहे है।

पत्थरों में लगाए जाएंगे करवस्टोन व ठेकेदार को दिया नोटिस : शर्मा

- नगरपालिका के एमई जयदेव शर्मा ने बताया कि रेलवे रोड पर लगा पत्थरों को उखड़ने से रोकने के लिए करवस्टोन लगवाए जाएंगे। इसके अलावा ठेकेदार को भी नपा ने नोटिस दिए है। वे अम्बाला से कुछ महीने पहले ही तबदला होकर आए है। इसकी वे पूरी जांच करेंगे।

# पेठे का जूस पीने से शरीर को मिलती है रोगों से मुक्ति : बठला

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल /राजकुमार प्रिंस।**
माडल टाउन में शिवपुरी के सामने गोवर्धन पेठा भंडार ने एक अनूठी पहल की हैं। इस संस्थान के संचालक गोवर्धन सिंह तथा संजय ने आज पेठे का जूस निकाल कर उसका निशुल्क वितरण शुरू किया। यह अभियान लोगों को शुगर उच्च रक्तचाप तथा पेट की अन्य बीमारियों से बचाने के चलाया जा रहा है। यह वितरण सुबह सात बजे से आठ बज कर तीस मिनट तक किया जाएगा।



इस अभियान क शुभांभ आज सुबह सात बजे मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला ने किया। उनके साथ सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अघ्घी भी थे। संजय बठला ने कहा कि पेठे का जूस सेहत के लिए अमृत के समान है। इससे कई बीमारियों का उचार होता हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान सेहत की रक्षा में महत्वपूर्ण है।

राजेश अघ्घी ने कहा कि इस अभियान को शुरू करना लोगों के लिए हितकारी साबित होगा।

### फरीदाबाद पुलिस ने नीमका जेल में की सरप्राइज चेकिंग

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**
पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य तथा डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश तथा के तहत एसीपी क्राइम अमन यादव के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच की 5 टीमें सरप्राइज चेकिंग के लिए नीमका जेल पहुंची जहां पर जेल प्रशासन के साथ मिलकर करीब 2 घंटे तक चेकिंग की गई। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा समय-समय पर नीमका जेल में सरप्राइज चेकिंग की जाती है ताकि कोई कैदी किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। इसी के तहत एसीपी क्राइम अमन यादव के नेतृत्व में पांच टीमें नीमका जेल पहुंची जहां पर जेल की बैरक और बंदीगृह के साथ कार्यालयों की भी जांच की गई।

# ओलंम्पिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतना सबसे बड़ा लक्ष्य : मधु



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।**

प्रतियोगिता

8 अंर्तराष्ट्रीय किक बाक्सिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर पहुंची करनाल

दिल्ली में पिछले दिनों आयोजित की गई अंतर्राष्ट्रीय किक बाक्सिंग प्रतियोगिता में हरियाणा की खिलाड़ी मधु कुमारी ने गोल्ड मेडल जीतकर पहली वरियता प्राप्त की। इस प्रतियोगिता में 27 देशों के खिलाडियों ने भाग लिया। इस खिलाड़ी को इब्रो इंडिया ने बेटी खिलाओ अभियान के तहत प्रमोट किया।

इससे पहले मधु ने पुर्तगाल में हुई सीनियर वर्ल्ड किक बाक्सिंग चैम्पियनशिप में नौवीं रैंक मिली थी। उससे पहले इटली में हुई वर्ल्ड चैम्पियनशिप किक बाक्सिंग जूनियर वर्ग में उसको तीसरी रैंक मिली थी। आज स्वर्ण पदक जीतने के बाद मधु करनाल स्थित इब्रो इंडिया के कार्यालय में पहुंची, जहां पर कार्यालय प्रमुख श्रवण कुमार तथा एचआर हेड यश कुमार ने उसे सम्मानित किया।

मधु ने कहा कि उसका टारगेट ओलिम्पिक में खेलना है। उसने बताया कि इससे पहले वह आल इंडिया यूनीवर्सिटी खेल जो मेरठ में होने हैं। उसके बाद अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले होना हैं। उसके बाद थाईलैंड में होने हैं। उसकी तैयारी कर रही है। वह एशियाड और कामनवेल्थ खेलों को लेकर भी तैयारी कर रही हैं। उसने बताया कि सरकार द्वारा नवोदित खिलाडि?ों को मदद नहीं की जाती है। उसने कहा किइब्रो इंडिया ने उसकी हरसंभव मदद की है। उसने बताया कि पिछले पांच सालों में उसने बीस से अधिक स्वर्ण पदक जीते हैं।

मधु के कोच जसवंत ने कहा कि सरकार यदि मदद नहीं करे तो खिलाडि?ों का हौसला टूटता है। उसने बताया कि मधु एक अति सामान्य परिवार से हैं। उसके बाद उसका जुनून उसे आगे ले जा रहा है।

# छात्राओं को महिला अपराधों के बारे में दी जानकारी

अपराध

8 महिला निरीक्षक राजेश लता ने बताया कि आज के समय महिलाओं के विरुद्ध बहुत अपराध बढ़ रहा है।

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।**
डीएसपी महिला सुरक्षा विजय कुमार के निर्देशन और महिला निरीक्षक राजेश लता के नेतृत्व में टीम द्वारा राजकीय कन्या स्कूल असंध, जुंडला और जलमाना में जाकर छात्राओं को महिला सुरक्षा बारे जागरूक किया गया।



महिला निरीक्षक राजेश लता ने बताया कि आज के समय महिलाओं के विरुद्ध बहुत ज्यादा अपराध बढ़ रहा है। महिलाओं का शोषण उनके घर में भी हो रहा है। उन्होंने बताया कि समय बदलने के साथ अब महिलाओं को भी जागरूक होना जरूरी है। कई बार चुप रहकर हम भी अपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं।

पुलिस टीम ने छात्राओं को गुड टच और बैड टच बारे भी सावधान किया। टीम ने छात्राओं को यह भी ध्यान रखने को कहा कि स्कूल आते-जाते समय कोई उनका पीछा तो नहीं कर रहा है। छात्राओं को अच्छी नजर और बुरी नजर के बारे भी सावधान किया गया। महिला निरीक्षक ने स्कूल की कुछ छात्राओं को विश्वास में लेकर उनसे उनकी वे समस्याएं जानी, जिनको छात्राओं ने अपने घर वालों को भी नहीं बताया हुआ था और उन समस्याओं को जानकर तुरंत उनका समाधान किया।

राजेश लता ने छात्राओं को पोक्सो एक्ट के बारे भी विस्तार से बताया। छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 और डॉयल 112 का प्रयोग कर आपातकालीन स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता लेने बारे भी जागरूक किया।

# गाँव खांडा-चौलका-सेहरी में घर घर कॉग्रेस, हर घर कॉग्रेस अभियान ने पकड़ी तेजी

**टीम एक्शन इंडिया/(खरखौदा)**
कॉग्रेस पार्टी के घर-घर कॉग्रेस, हर घर कॉग्रेस अभियान के कॉर्डिनेटर पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया और पीसीसी डेलीगेट जोगिंदर सिंह दहिया नेतृत्व में खरखौदा हलके के गाँव चौलका, खांडा और सेहरी में कांग्रेस कार्यकताओं ने घर घर जाकर कांग्रेस पार्टी के संकल्प पत्र और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की नीतियों का प्रचार प्रसार किया। इस दौरान लोगों ने फूल मालाओं और पगड़ी बाँधकर पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया और जोगिंदर दहिया का अनेकों जगह पर स्वागत किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने गाँव की गलियों में घर घर जाकर कांग्रेस पार्टी के संकल्प पत्र वितरित किए और संकल्प पत्र की नीतियों के बारे



में विस्तार से बताया। इस दौरान हुड्डा साहब की सरकार आने पर बुढापा पेंशन 6 हजार होने की बात सुनकर बुजुर्गों में एक बेहत जीवन शैली की उम्मीद दिखाई दी और गैस सिलेंडर 500 रुपये होने की नीति से गृहणी महिलाओं में खुशी की लहर दिखाई दी। इसके साथ युवाओं से बातचीत करने पर कॉग्रेस कार्यकताओं ने प्रदेश में 2 लाख खाली पड़े सरकारी पदों पर युवाओं को रोजगार देने की बात पर युवाओं में बेरोजगारी से छुटकारा पाने की उम्मीद जगी और युवाओं ने बढ़ चढ़कर कॉग्रेस पार्टी को समर्थन देने की बात कही और गरीब परिवारों को 100 गज मुफ्त प्लॉट दिए जाने की नीति के बारे में बताया। किसानों को एमएससी व फसलों के सर्वाधिक भाव की गारंटी के बारे में विस्तार से बताया एवं जनविरोधी पोर्टलों को बंद करने, हर गरीब को पीला राशन कार्ड देने, पुरानी पेंशन योजना को लागू करने,बीसी क्रीमीलेयर आय सीमा 6 लाख से बढाकर 10 लाख करने, विश्वस्तरीय शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा? मुफ्त करने और खिलाड़ियों को पदक लाओ पद पाओ की नीति के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान कांग्रेस संकल्प पत्र में हर वर्ग की बात होने पर सभी वर्गों में जोश दिखाई दिया। इस दौरान पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, पीसीसी डेलीगेट जोगिंदर दहिया,विधायक जयवीर वाल्मीकि के पुत्र दीपक वाल्मीकि,युवा कॉग्रेस महासचिव अभय दहिया,युवा कॉग्रेस प्रधान अंकित दहिया, स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय हरि सिंह के पुत्र सुरेंद्र दहिया, पूर्व सरपंच कुलदीप दहिया,शमशेर सिलाना, रमेश चेयरमैन सिलाना, बिजेंद्र उर्फ गोखी, प्रेम उर्फ लीला, महिला कॉग्रेस जिला प्रधान नीलम बाल्याण, महिला कॉग्रेस हलका प्रधान अनीता खांडा, सुषमा पार्षद, मीना धनखड़-प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महिला कॉग्रेस, राजेश देवी, पूनम दहिया, अंजूबाला खटक, पंकज कुमारी, विनोद सरपंच खांडा, विजय सरपंच खांडा, अत्रे प्रधान, राजेन्द्र प्रधान, बीजे प्रधान,जोगिंद्र खांडा, जय कुमार खांडा, उधम खांडा, पप्पल सेहरी,बिजेंद्र दहिया, पूर्व सरपंच रणबीर, राकेश सरपंच चौलका, टिल्लू पूर्व सरपंच ककरोई, राकेश उर्फ धौला पहलवान, राजेन्द्र राणा, सज्जन चौलका,सुरेश पूर्व सरपंच रोहट, वेदप्रकाश, बनारसीदास, नरेंद्र सिसाना, रामदेव सेठ बिधलान, जगबीर पटवारी, दीपक दहिया,दीपक दहिया, सूबेदार प्रकाश, राजे मेम्बर, ज्ञान सिंह, नरेंद्र, बिजेंद्र, जयभगवान शर्मा, जगबीर सिंह, सतपाल, सम्मी, बलबीर प्रधान हरिजन बारहा, सुरेंद्र बीसी प्रधान, रमेश प्रधान वाल्मीकि समाज, कृष्ण दहिया और जगमेंद्र पटवारी सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से देश में लोकतंत्र और सच्चाई की जीत हुईः डॉ. सुशील गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़,**
आम आदमी पार्टी के चंडीगढ़ मेयर चुनाव में जीत की खुशी पर पूरे प्रदेश में जिलास्तर पर जश्न मनाया और कार्यकताओं ने ढोल नगाड़ों बजाकर लड्डू बांटे और खुशी मनाई। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता फरीदाबाद में रहे और वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा रोहतक में पदाधिकारियों और कार्यकताओं के बीच मौजूद रहे।



प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा की आज पूरे प्रदेश के आम आदमी पार्टी कार्यकताओं में खुशी की लहर है। हर जिले में आम आदमी पार्टी की जीत का जश्न मनाया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने बीजेपी के मुंह पर करारा तमाचा मारा है। भारतीय जनता पार्टी की वोटों की चोरी पकड़ी गई है। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के संयुक्त उम्मीदवार कुलदीप कुमार की जीत निश्चित थी, लेकिन बीजेपी के पीठासीन अधिकारी ने 8 वोटों को खुद ही निशान लगाकर अवैध कर दिया और बीजेपी के उम्मीदवार को जीता दिया। सुप्रीम कोर्ट ने बीजेपी की चोरी पर मोहर लगा दी।

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से देश में लोकतंत्र और सच्चाई की जीत हुई। बीजेपी जब चंडीगढ़ जैसे छोटे से शहर के मेयर के चुनाव में धांधली कर सकती है तो लोकसभा चुनाव में किस स्तर पर हेराफेरी होगी, ये सोचने की बात है।आम आदमी पार्टी ने हार नहीं मानी और बीजेपी के मुंह से जीत को खींचकर ले आए।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 22 फरवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# अपरंपार है नैमिषारण्य की महिमाः सीएम योगी

## मुख्यमंत्री ने श्री श्री जगदंबा राज राजेश्वरी मंदिर की स्थापना-प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव व नूतन देवालय के चितशक्ति द्वार का किया उद्घाटन

**लिपिबद्ध**

**भारत की ज्ञान-विज्ञान की धरोहर को वैदिक ज्ञान के रूप में लिपिबद्ध कर विरासत के रूप में दिया था**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
नैमिषारण्य की महिमा अपरंपार है। सभी धार्मिक ग्रंथों ने इस पावन तीर्थ की महिमा का गान किया है। तीरथ वर नैमिष विख्याता, अति पुनीत साधक सिद्धि गाथा... संत तुलसीदास ने सबसे विख्यात ग्रंथ रामचरित मानस में भी नैमिषारण्य की महिमा का ज्ञान किया है। भगवान वेदव्यास के सानिध्य में हजारों ऋषियों ने यहां साधना की थी। 88 हजार ऋषियों ने इस क्षेत्र में साधना कर भारत की ज्ञान-विज्ञान की धरोहर को वैदिक ज्ञान के रूप में लिपिबद्ध कर विरासत के रूप में दिया था। देवासुर संग्राम में महर्षि दधीचि ने यहीं अस्थि दान किया था। सती के जिह्वा का भाग ललिता देवी के रूप में इसी स्थल पर गिरा था। शक्तिपीठ मां ललिता देवी का पावन धाम व चक्रतीर्थ यहीं पर है। इस कड़ी को जोड़ते हुए संत सनमुखानंद पुरी जी महराज ने राजराजेश्वरी मंदिर व आश्रम की स्थापना कर नई ऊंचाइयां प्रदान करने का कार्य किया है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। सीएम ने श्री श्री जगदंबा राज राजेश्वरी मंदिर की स्थापना- प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव व नूतन देवालय के चितशक्ति द्वार का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां पूजन-अर्चन भी किया। सीएम ने कहा कि देश, समाज व लोक की व्यवस्था को लोककल्याण के पथ पर उन्मुख करने के लिए जिस देवी का अनुष्ठान करते हैं, वह जगदंबा राजराजेश्वरी है। जो सबको नियंत्रित कर सन्मार्ग पर ले चलने की प्रेरणा प्रदान करती है। नैमिष तीर्थ के महात्म्य को ध्यान में रखकर सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। इसे तीर्थ के रूप में विकसित करने की कार्रवाई चल रही है।





**विश्व मानवता को बचाना होगा तो सनातन धर्म को बचाना होगाः** सीएम योगी ने कहा कि धार्मिक आयोजन सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। शास्त्र कहता है कि धर्म से हीन व्यक्ति व पशु में अंतर नहीं है। धर्म केवल उपासना विधि नहीं है। धर्म अच्छे मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। धर्म शाश्वत व्यवस्था है, जिसके माध्यम से हम लोग अनुशासन, कर्तव्य व सदाचार का पाठ पढ़ते हैं। इनसे जुड़े नैतिक मूल्य का समन्वय ही वास्तव में धर्म है।

### अयोध्या में एक सप्ताह में व्यापार तीस गुना

**सीएम** ने कहा कि नैमिषारण्य पुरातन वैभव को प्राप्त हो। इसका स्वरूप उसी रूप में फिर से प्राप्त हो सके, वह धर्म के साथ अर्थ के हित में भी है। यहां का पुरातन वैभव पुर्नस्थापित हो जाता है तो स्थानीय हजारों नौजवानों को रोजगार की सुविधाएं प्राप्त होंगी। अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के बाद पहले सप्ताह में दो-तीन बार गया तो मैंने व्यापारियों से पूछा कि कुछ लाभ भी हो रहा है या सिर्फ भीड़ ही आ रही है तो उन्होंने बताया कि हमारा व्यापार एक सप्ताह में तीस गुना बढ़ गया है। अच्छे कार्य से समाज का हर तबका लाभान्वित होता है।

**लोक कल्याण व राष्ट्र कल्याण एक-दूसरे के पूरक हैं**
सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में चलने वाले कार्यक्रम का उद्देश्य जाति, पंथ-वेशभूषा, खानपान से ऊपर उठकर देश के बारे में सोचें। देश हमारे लिए पहले है। मेरी साधना व वैभव देश हित में लगे, जिस दिन हर भारतवासी इस भाव से कार्य करना प्रारंभ कर देगा, भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के रूप में स्थापित होने से कोई रोक नहीं सकता। लोक कल्याण व राष्ट्र कल्याण एक-दूसरे के पूरक हैं। इन दोनों को अलग नहीं किया जा सकता।



**फास्ट न्यूज**

### यूपी बोर्ड : सोशल मीडिया पर निगरानी को क्यूआरटी टीम गठित

**प्रयागराजः यूपी** बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं गुरुवार से दो पालियों में शुरू हो रही हैं। 55 लाख से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा देने को तैयार हैं। हाई स्कूल एवं इंटर में हिन्दी विषय की परीक्षा होनी है। सभी को प्रवेश पत्र वितरित हो चुका है। तीन लाख से अधिक कक्ष निरीक्षकों की तैनाती हो चुकी है। सभी को क्यूआर कोड वाले आईकार्ड दिए गए हैं। सभी ने परीक्षा केंद्रों पर अपनी उपस्थिति बुधवार को दर्ज करा दी है। उत्तरपुस्तिका को भी क्यूआर कोर्ड के दायरे में लाया गया है। परीक्षा में नकल रोकने के लिए एसटीएफ, लोकल खुफिया विभाग एवं पुलिस भी सक्रिय हो गई है। परीक्षा केंद्रों पर प्रश्नपत्र का पैकेट खोलने के लिए त्रिस्तरीय टीम गठित की गई है। सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के लिए क्यूआरटी यानि तत्काल कार्रवाई टीम गठित की गई है, जो 24 घंटे सक्रिय रहेगी। परीक्षा केंद्रों एवं स्ट्रांग रूमों की निगरीनी को बोर्ड मुख्यालय समेत सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में बना कमांड रूम भी सक्रिय हो गया है। प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को रात्रि में परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण का निर्देश दिया गया है। बोर्ड सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बुधवार को प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को गूगल मीटिंग करके परीक्षा सम्बंधी दिशा निर्देश दिए। हाईस्कूल में 29,38,663 तथा इंटर में 5,123 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। द्वितीय पाली में इंटर हिन्दी एवं सामान्य हिन्दी की परीक्षा 8,232 केंद्रों पर होगी। हाईस्कूल में वाणिज्य की परीक्षा 1619 सेंटरों पर होगी। इंटर में 24,29,278 तथा हाईस्कूल में 38,437 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

### सरकारी डिग्री कॉलेज कठुआ परिसर में मिला भ्रूण

**कठुआः सरकारी** डिग्री कॉलेज कठुआ के उस समय हडकंप मच गया जब कॉलेज परिसर में भ्रूण मिलने की खबर सामने आई। जिसके बाद कठुआ पुलिस मौके पर पहुंची और भ्रूण को कब्जे में ले लिया। जानकारी के अनुसार जिला सचिवालय के समीप सरकारी डिग्री कॉलेज कठुआ परिसर में स्थित पार्क में कॉलेज के छात्र बैठे हुए थे।

## 2025 तक उत्तराखंड को नशामुक्त करने का होगा प्रयासः सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्य सेवक सदन में आदर्श औद्योगिक स्वायत्तता सहकारिता (मिस्सरवाला) डोईवाला की ओर से ड्रग्स फ्री उत्तराखंड मिशन-2025 के तहत आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने स्वैच्छिक रक्तदान करने वाले युवाओं से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को नशे से बचाने के साथ स्वैच्छिक रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित करना समय की जरूरत है। रक्तदान को महादान की संज्ञा दी गई है। मुख्यमंत्री ने आदर्श औद्योगिक स्वायत्तता सहकारिता संस्था की अध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक आशा कोठारी, सचिव हरीश कोठारी के प्रयास की सराहना की। दून हॉस्पिटल ब्लड बैंक देहरादून से डॉ. शशि उप्रेती, डॉ. नितेष गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने रक्तदान में सहयोग किया।



### महाराष्ट्र में प्रसाद खाने के बाद 300 से ज्यादा बीमार

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**महाराष्ट्र** के बुलढाणा जिले में एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान प्रसाद खाने के बाद 300 से ज्यादा लोग बीमार पड़ गए। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं मामले का वीडियो भी सामने आया है। इसमें एक अस्पताल के बाहर सड़क पर कई मरीजों का इलाज किया गया।

सलाइन की बोतलें पेड़ों से बंधी रस्सियों से लटकाई गईं। यह घटना मंगलवार की है। सोमथाना गांव में 'हरिनाम' नाम का एक सप्ताह तक धार्मिक आयोजन हुआ था।



उपराष्ट्रपति ने संसद भवन में नालंदा विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ बातचीत।

### हेमंत सोरेन की याचिका पर फैसला

**टीम एक्शन इंडिया/रांची**
झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने के लिए पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल याचिका पर आज ईडी कोर्ट में सुनवाई हुई। इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी कर ली गई। अब अदालत इस मामले में गुरुवार को अपना फैसला सुनाएगी। दरअसल, मंगलवार को हेमंत सोरेन की ओर से ईडी कोर्ट में बजट सत्र में शामिल होने को लेकर याचिका दाखिल की गई थी। बता दें कि झारखंड में विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू हो रहा है। यह सत्र 2 मार्च तक चलेगा।

## काशी के दो दिवसीय प्रवास पर आएंगे पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
**22 जनवरी को** अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के ठीक एक महीने बाद 22 फरवरी को प्रधानमंत्री दो दिन के प्रवास पर काशी पहुंचेंगे। पीएम दो दिवसीय दौरे पर 22 व 23 फरवरी को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में रहेंगे। पीएम लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से बीएलडब्लू पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। प्रधानमंत्री की अगवानी प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। प्रधानमंत्री 23 फरवरी को पूर्वांचल को 14316.07 करोड़ रुपये की 36 परियोजनाओं की सौगात देंगे। इनमें 10972 करोड़ रुपये की 23 योजनाओं का लोकार्पण और 3344.07 करोड़ रुपये की 13 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। पीएम मुख्य रूप से 23 फरवरी को तीन कार्यक्रम भाग लेंगे। सुबह बीएचयू के स्वतंत्रता भवन के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। संत शिरोमणि रविदास के जन्मस्थली सीर गोवर्धन स्थित मंदिर में जाकर मत्था टेकेंगे। इसके बाद पीएम बनास काशी संकुल का औद्योगिक क्षेत्र करखियांव में उद्घाटन करेंगे। पीएम यहां जनसभा को सम्बोधित करेंगे। काशी से सत्ता के शीर्ष पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से 2024 लोकसभा चुनाव का शंखनाद करेंगे। प्रधानमंत्री अपने वाराणसी दौरे में स्वास्थ्य शिक्षा, परिवहन, जलमार्ग, खेल, धर्म,अध्यात्म आदि क्षेत्रों से जुड़ी योजनाओं और रोजगार परक प्रोजेक्ट का लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे।



**सौगात**

**प्रधानमंत्री 23 को पूर्वांचल को 14316.07 करोड़ रुपये की 36 परियोजनाओं की सौगात देंगे**

## आदि कैलाश की राह होगी आसान, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**प्रधानमंत्री** की परिकल्पना के अनुरूप उत्तराखंड पर्यटन विभाग की ओर से पिथौरागढ़ जिले के धारचूला क्षेत्र में आदि कैलाश, ओम पर्वत, पार्वती सरोवर पवित्र धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए जल्द हेली सेवा प्रारंभ की जाएगी। वहीं पर्यटकों को आदि कैलाश एवं ओम पर्वत के दर्शन जौलिंगकौंग एवं नाबीढांग से कराए जाने की योजना है। इससे धार्मिक यात्रा के साथ पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा ही, पर्यटकों की संख्या बढ़ने से रोजगार के द्वार भी खुलेंगे। हेली सेवाएं प्रारंभिक रूप से छह माह के लिए संचालित किए जाने का प्रस्ताव है। छह माह के उपरांत व्यापक परीक्षण कर पर्यटकों के लिए नियमित रूप से संचालित किया जा सकेगा। मुख्य सचिव ने पर्यटन विभाग को आदि कैलाश क्षेत्र में पर्यटकों के लिए मूलभूत सुविधाएं विकसित करने की कार्ययोजना पर गंभीरता और तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए।

**सुविधाओं और कनेक्टिविटी को मजबूत करने को मुख्य सचिव ने दिए आवश्यक निर्देशः** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में बुधवार को आदि कैलाश की यात्रा पर आने वाले पर्यटकों के लिए सुविधाओं और कनेक्टिविटी को मजबूत करने को लेकर पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं की प्रगति परखी। साथ ही पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

**सर्दियों में व्यवसाय न होने से आजीविका के लिए** पलायन करते हैं स्थानीय नागरिकः मुख्य सचिव ने कहा कि विषम मौसम एवं उच्च हिमालयी क्षेत्रों के अत्यधिक ठंड के कारण सर्दियों में छह माह तक यहां के नागरिकों के पास कोई व्यवसाय न होने के कारण उन्हें मजबूरन निचले क्षेत्रों में आजीविका के लिए पलायन करना पड़ता है।

## बात-बात में चुनाव चुनाव क्या मजाक हैः तेजस्वी

**टीम एक्शन इंडिया/बेतिया**
**बिहार के पूर्व** उप मुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव इन दिनों जन विश्वास यात्रा पर निकले हुए है। पश्चिमी चंपारण के बेतिया में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा पर चुन-चुन कर निशाना साधा। विधानसभा भंग कर लोकसभा और विधानसभा चुनावों के साथ कराने की मुख्यमंत्री की मंशा पर जमकर निशाना साधा। तेजस्वी यादव ने कहा, 'वो विधानसभा भंग करके लोकसभा और विधानसभा का चुनाव एक साथ कराना चाहते हैं। बात-बात में चुनाव... चुनाव क्या मजाक है। पांच साल के लिए चुनाव हुआ है, पांच साल सरकार चलनी चाहिए। मैं चुनौती देता हूं, अगर विधानसभा भंग हुई तो दोनों को हराएंगे।"



**जदयू-भाजपा, दोनों का होगा सफायाः** तेजस्वी यादव ने आगे कहा, "उन्हें को लगता है कि गरीब-गुरबा उनके झांसे में आ जाएंगे। लेकिन, ऐसा होगा नहीं, एक साथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जदयू के साथ भाजपा का भी सफाया हो जाएगा। ये भगवान जी की बात करते हैं, वे भी तभी खुश होंगे, जब जनता खुश रहेगी। हिंदू-मुसलमान की राजनीतिक करने वालों को सबक सिखाना है।"

**17 महीनों की उपलब्धियों को गिनायाः** 17 महीने के अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाते हुए तेजस्वी यादव ने कहा, "2020 के चुनाव में युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था। मात्र 17 माह सरकार में रहे और दस लाख युवाओं को नौकरी दी। वह भी बगैर पेपर लीक किए। जबकि इससे पूर्व बिहार में कोई भी परीक्षा होती थी तो पेपर लीक जरुर होता था।

## एमएसपी पर सभी फसलों का गारंटी कानून लागू करना चाहिएः टेकराम

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
**सर्वजातीय खाप** पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने बुधवार को कहा कि किसानों व अन्य सामाजिक मुद्दों को लेकर सर्वखाप व जनकल्याण मंच व किसान संगठनों के पदाधिकारी व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक 24 फरवरी को गांव कंडेला के राष्ट्रीय मुख्यालय पर बुलाई गई है।

जिसमें देश में संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर चल रहे आंदोलन के विषयों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को एमएसपी पर सभी फसलों का गारंटी कानून व स्वामीनाथन की रिपोर्ट लागू करना व किसानों के सभी कर्ज माफ करने चाहिए। उन्होंने किसान नेताओं से अपील की कि शांतिपूर्वक तरीके से अपना आंदोलन चलाएं, जिसका लोकतंत्र में भी अधिकार है। कंडेला ने कहा कि अगर सरकार के द्वारा किसानों को दबाने की कोशिश की तो सर्वखाप व जनकल्याण मंच व किस संगठन पूरी तरह से किसानों के समर्थन में रहेंगे।

## यूपी बोर्ड परीक्षाः गड़बड़ी व मिलीभगत पर होगी एफआईआर

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
यूपी बोर्ड परीक्षा में किसी भी तरह की गड़बड़ी और मिलीभगत पर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी और जेल भी भेजा जाएगा। 22 फरवरी से शुरू हो रही परीक्षा 12 कार्य दिवसों में पूरी होकर 9 मार्च को समाप्त हो जाएगी। लखनऊ में यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार ने प्रेसवार्ता की और तैयारियों को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रीक्षा समाप्त होने से पहले पेपर सोशल मीडिया पर वायरल करने पर कड़ी कार्यवाई की जाएगी। वहीं, भ्रामक खबरों की जानकारी व सच का पता लगाने के लिए क्विक रिस्पॉन्स टीम का भी गठन किया गया है। अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा ने बताया कि यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 के लिए 8,265 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल के 15,71,184 छात्र तथा 13,76,127 छात्राएं (कुल-29,47,311) एवं इण्टरमीडिएट के 14,28,323 छात्र तथा 11,49,676 छात्राएं (कुल-25,77,997) सम्मिलित होंगे। कुल 55,25,308 परीक्षार्थियों में से 53,60,745 संस्थागत एवं 164563 व्यक्तिगत परीक्षार्थी हैं। नकल पर प्रभावी रोकथाम के कारण वर्ष 2024 में 1,64,563 छात्र/छात्राएं व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में पंजीकृत हुए हैं जबकि 2017 में यह संख्या 3,53,106 थी।

**जनसभा** — मैं मुख्यसेवक के रूप में प्रदेश के विकास और जनकल्याण के लिए समर्पित हूँ: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## 'बहन- बेटियों के कल्याण के लिए जारी कोई योजना बंद नहीं होगी'

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बहन-बेटियों के कल्याण के लिए जारी कोई योजना बंद नहीं होगी। लाड़ली बहना योजना में मार्च माह की किस्त पहली तारीख को बहनों के खाते में जारी कर दी जाएगी। मैं अपने आपको मुख्यमंत्री नहीं, जनता का मुख्य सेवक मानता हूँ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानसेवक हैं और मैं मुख्यसेवक के रूप में प्रदेश के विकास और जनकल्याण को समर्पित हूँ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को बालाघाट में रोड-शो के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 650 करोड़ रुपये लागत की हिंदुस्तान ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और हिन्दुस्तान टेप्स प्राइवेट लिमिटेड औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन तथा बालाघाट जिले के 761 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए। कार्यक्रम में सासंद ढाल सिंह बिसेन, पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन और रामकिशोर कांवरे एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने उपस्थित जनसमुदाय को माताओं- बहनों का सम्मान-गरीबों की सेवा करने और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध रहने का संकल्प दिलवाया। उन्होंने हितग्राहियों से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार तेज गति से विकास को समर्पित है, इसी का प्रमाण है कि बड़ी संभावना वाले बालाघाट जिले में अनेक विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण हो रहा है। उन्होंने विकास की इस प्रक्रिया में बालाघाट वासियों से सहयोगी बनने का आव्हान किया।



**विकास कार्य**

**लाड़ली बहना योजना में मार्च माह की किस्त पहली तारीख को बहनों के खाते में जारी कर दी जाएगी**